

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 52 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 01 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## PM मोदी के ईवेंट में दिखे पर सोनिया गांधी की बैठक से गायब

समाज जागरण

नई दिल्ली. संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के रणनीतिक समूह की बैठक में सांसद शशि थरूर नहीं पहुंचे. ऐसा दूसरी बार हुआ, जब पार्टी की किसी अहम बैठक में तिरुवनंतपुरम के लोकसभा सांसद नजर नहीं आए. हालांकि, थरूर के दफ्तर का कहना है कि वो केरल में अपनी 90 साल की मां की सेवा में हैं और केरल के लोकल बॉडी इलेक्शन में प्रचार कर रहे हैं. जैसे लोकल बॉडी इलेक्शन में प्रचार के चलते संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी रविवार को बैठक के लिए दिल्ली नहीं पहुंच पाए.

# 'रन मशीन' विराट कोहली ने जड़ा 52वां वनडे शतक

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच जेएससीए इंटरनेशनल स्टे-डियम में खेले गए वनडे सीरीज के पहले मैच में विराट कोहली ने शानदार 135 की पारी खेलकर अपना 52वां वनडे शतक जमाया। यह शतक वनडे फॉर्मेट में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक है। 37 वर्षीय कोहली अब 306 वनडे मुकाबलों में कुल 52 शतक, 14,000 से अधिक रन और 150 से अधिक छक्के अपने नाम कर चुके हैं।




वनडे शतकों की सूची में दूसरे स्थान पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 463 मैचों में 49 शतक जड़े। तीसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं, जिनके नाम 277 वनडे मैचों में 33 शतक हैं। इसके बाद चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः रिकी पोंटिंग (30 शतक) और सनथ जयसूर्या (28 शतक) हैं।

कोहली ने हाल ही में टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अब वह केवल वनडे फॉर्मेट में ही टीम इंडिया के लिए खेलते हैं। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि वह भविष्य में होने वाले वनडे विश्व कप 2027 में भी खेलेंगे, हालांकि यह निर्णय उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

ध्यान देने वाली बात है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शुरूआती दो वनडे मैचों में रन नहीं बना सके थे। लेकिन रांची में उन्होंने वापसी करते हुए यह शानदार शतक जमाया। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज है, और टीम इंडिया इस जीत के साथ श्रृंखला में बढ़त बनाना चाहेगी, खासकर क्योंकि साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज में भारत को 2-0 से हराया था।-

## दिल्ली रैली से पहले बिहार कांग्रेस की मैराथन मीटिंग!

पटनाः बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने 1 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने का फैसला लिया है. यह बैठक पटना के सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होगी. जिसमें पार्टी



संगठन से जुड़े सभी प्रमुख पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया गया है. प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस बैठक में बिहार कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्ष, सभी कार्यकारी अध्यक्ष, फ्रंटल संगठनों के प्रमुख, मोर्चा एवं अन्य संगठन प्रमुख शामिल होंगे. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम करेंगे. बताया जा रहा है कि बिहार में चुनाव के बाद यह पार्टी की पहली वृहद और औपचारिक बैठक है, इसलिए इसे काफी अहम माना जा रहा है.

## तमिलनाडु में दर्दनाक सड़क हादसा

### आमने-सामने टकराईं दो बसें, 8 महिलाओं सहित 11 ने मौके पर ही तोड़ा दम

समाज जागरण

चेन्नई. तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को ऐसा हादसा घटना रविवार शाम तब हुई, जब दोनों बसें एक संकरी सड़क पर विपरीत दिशाओं से आ रही थीं.



हुआ, जिसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया. कराइकुडी के पास दो बसें आमने-सामने टकरा गईं और टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर चीख-पुकार मच गई. इस हादसे में मौके पर ही 12 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए. कई यात्री बस में फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी.

अचानक दोनों बसों की आमने-सामने से टक्कर हो गई, जिससे दोनों बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं. आसपास के लोग तेज आवाज सुनकर दौड़कर मौके पर पहुंचे और खिड़कियां एवं दरवाजे तोड़कर घायलों को बाहर निकालना शुरू किया. कुछ यात्री बेहोश पड़े थे, कुछ दर्द से चिल्ला रहे थे, और पूरा माहौल बेहद दर्दनाक था.

# शीतकालीन सत्र में 13 बड़े बिलों पर चर्चा, शिक्षा से लेकर कर सुधार तक महत्वपूर्ण फैसलों की तैयारी

समाज जागरण

संसद का शीतकालीन सत्र आगामी सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें 18वीं लोकसभा का छठा और राज्यसभा का 269वां सत्र शामिल होगा। यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा और कुल 15 बैठकें होंगी। इस दौरान स-रकार 13 महत्वपूर्ण बिल पेश करने जा रही है, जिनका लक्ष्य शिक्षा, परमाणु ऊर्जा, वित्तीय बाजार, कर सुधार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव करना है। सत्र में विधायी और वित्तीय कार्यों पर विशेष जोर रहेगा।

सत्र की शुरूआत में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सी. पी. राधाकृष्णन सदनों की कार्यवाही का संचालन करेंगे। दूसरी ओर, विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में बैठक बुलाई है। विपक्ष विशेष गहन पुनरीक्षण पर बहस की मांग कर सकता है, जिससे सत्र के दौरान हंगामा होने की आशंका जताई जा रही है।

संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी बुलेटिन में 13 विधायी बिल सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) बिल, 2025 शामिल है, जो 17 केंद्रीय कानूनों में छोटे अपराधों को गैर-आपराधिक बनाने और दंडों को तर्कसंगत करने पर केंद्रित है। यह बिल 10 मंत्रालयों के 76 अपराधों को प्रभावित करेगा और कारोबार करने की



सुगमता बढ़ाएगा। इसके बाद इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) बिल, 2025 आएगा, जिसका उद्देश्य दिवालिया प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाना है। मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल, 2025 राज्य के अध्यादेश को बदलने के लिए पेश किया जाएगा, जबकि रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल, 2025 पुराने कानूनों को निरस्त और संशोधित करेगा।

इसके साथ ही नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल, 2025 भूमि अधिग्रहण को आसान बनाकर राजमार्ग परियोजनाओं को तेजी देगा। सबसे महत्वपूर्ण एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025 परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का रास्ता बनाएगा। यह 1962 के परमाणु ऊर्जा अधिनियम में बड़े सुधार लाएगा, जिसमें छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही इसकी घोषणा कर चुके हैं, जो ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

सत्र में कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) बिल, 2025, सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड (SMC) बिल, 2025 और इंश्योरेंस कानून (संशोधन) बिल, 2025 जैसे बिलों पर भी चर्चा होगी, जिनका उद्देश्य कंपनियों और बीमा क्षेत्र को मजबूत करना है। स्टउ बिल सेबी एक्ट 1992, डिपॉजिटरीज एक्ट 1996 और सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स एक्ट 1956 को एकीकृत करेगा, जिससे विदेशी निवेश में वृद्धि और अनुपालन भार में कमी आएगी।

इसके अलावा आर्बिट्रेशन एंड कंसिलिएशन (संशोधन) बिल, 2025 विवाद निपटान को तेज करेगा। हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल, 2025 उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा और यूजीसी की जगह एक नई संस्था स्थापित करेगा। सेंट्रल एक्साइज (संशोधन) बिल, 2025 उत्पाद शुल्क प्रणाली में सुधार करेगा। अंत में हेल्थ सिक्योरिटी टू नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 स्वास्थ्य सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हुए नया सेस लगाने का प्रस्ताव रखेगा।

# चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची पुनरीक्षण की तारीख 11 दिसंबर तक बढ़ाई

समाज जागरण

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की समय सीमा सात दिन बढ़ा दी है। आज रवि-वार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक अब यह प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पहले यह तय था कि वोटरों के एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने और उन्हें डिजिटाइज करने का काम 4 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। पोलिंग स्टेशनों को ठीक करने या उन्हें दोबारा व्यवस्थित करने की अंतिम तारीख भी 11 दिसंबर ही रखी गई है।

पुराने शेड्यूल के अनुसार ड्राफ्ट




इलेक्टोरल रोल का प्रकाशन 9 दिसंबर को होना था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 16 दिसंबर कर दिया गया है। नए कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। इस दौरान लोग अपने नाम जुड़वाने, संशोधन या त्रुटियों के सुधार के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नोटिस फेज, जिसमें एन्यूमरेशन फॉर्म जारी करना, सुनवाई, वेरिफि-केशन और उन पर फैसला शामिल है, 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा दावों और आपत्तियों का निपटारा भी किया जाएगा। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि वोटर रोल के हेल्थ पैरामीटर्स की जांच और फाइनल पब्लिकेशन के लिए आयोग की अनुमति लेने की आखिरी तारीख 10 फरवरी 2026 तय की गई है।

वहीं मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की नई तारीख 14 फरवरी 2026 है, जबकि पहले यह तारीख 7 फरवरी निर्धारित की गई थी। शुरूआत से ही विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही थीं कि चुनाव आयोग जल्दबाजी में रक्फ़करा रहा है।

## शव पर हल्दी लगाई, अपने माथे पर उसके नाम का सिंदूर भरा

महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे देश को



झकझोर दिया. 21 साल की आंचल मामिडवार ने अपने 20 साल के प्रेमी सक्षम ताटे की हत्या के बाद उसकी लाश के साथ ही शादी कर लिया. यह फैसला सिर्फ शोक का नहीं बल्कि उस दर्द और विरोध का प्रतीक था.इसमें आंचल का कहना है कि "जाति अलग होने" की वजह से उसके ही घरवालों ने उसके प्रेम को खत्म कर दिया.

# उदयगिरि प्रथम आरडब्ल्यूए की बैठक में सुरक्षा, सफाई व विकास पर हुई चर्चा

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-34 स्थित उदयगिरि प्रथम में नव-निर्वाचित आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी (रोहित चौहान पैनल) ने शुक्रवार को सोसायटी के सेंट्रल पार्क में निवासियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और सोसायटी में सुरक्षा, सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

बैठक के दौरान निवासियों ने वर्तमान समस्याओं के समाधान और भविष्य में बेहतर सुविधाओं को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कई लोगों ने पार्क, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज, वाहन पार्किंग सिस्टम और सीसीटीवी कवरेज को लेकर भी मुद्दे उठाए।



कार्यकारिणी के सदस्य अमित पोरवाल ने बताया कि नव-निर्वाचित टीम आगामी 1 दिसंबर से विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण करेगी और प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान पर काम किया जाएगा।

बैठक में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रोहित चौहान, विजय कुमार वर्मा, वेद प्रकाश तिवारी, शंभू कुमार मिश्रा, विशाल शर्मा, अमित पोरवाल, अक्षय कुमार सोम, राणा मुखर्जी, जितेन्द्र चौरसिया, जीशान, ज्योति, सुनील कुमार राय, राम प्रकाश, पियूष कुमार गौड़ सहित सेक्टर के अन्य निवासी मौजूद रहे।

# लोनी में फिर प्रकाश में आया युवती भ्रूण हत्या का मामला

### इंसाफ ने मिलने पर पीड़िता ने करी इच्छा मृत्यु की मांग, लोनी में भ्रूण हत्या करा रहे हॉस्पिटलो पर नहीं कोई लगाम

समाज जागरण

लोनी, 30 नवंबरः लगता है लोनी क्षेत्र अवैध रूप से भ्रूण हत्या (अबॉर्शन) करने वाले क्लीनको व नर्सिंग होम के नाम पर दुकान खोले बैठे डॉक्टरो की ओर से संबंधित विभाग गांधी जी के तीन बंदर की तरह बना बैठा है। नतीजन एक बार फिर खन्ना नगर स्थित नर्सिंग होम में एक युवती के 5 माह का गर्भपात किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गंभीर हालत से जूझ रही पीड़िता ने घटना के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मामला अंकुर विहार थाना क्षेत्र की खन्ना नगर कॉलोनी का है। मानना है कि पीड़िता के प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसी बीच अगस्त में पांच माह की गर्भवती हो जाने पर, उसे खन्ना नगर स्थित हॉस्पिटल लेजाकर उसका गर्भपात करा दिया, इसके बाद से उसकी हालत गंभीर है जबकि उसका प्रेमी फरार हो गया।

घटना के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत करने वाली पीड़िता ने इंसाफ ना मिलने पर इच्छा मृत्यु की मांग करते हुए इसका जिम्मेदार अपने फरार हुए प्रेमी और उसका परिवार होने की बात कही है। हालांकि



हाल में हम सरकारी तोर इस कथन की पुष्टि नहीं कर रहे हैं।

हालांकि विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि अपने किसी निजी स्वार्थ के चलते समाज के हितेषी की श्रेणी में आने वाला कोई व्यक्ति इस मामले में लीपापोती कराने के प्रयास में जुटा है। इस बात का खुलासा हम जल्द ही अपनी अगली खबर के माध्यम से करेंगे।

#### अधिक धन लालच में डॉक्टर भ्रूण हत्या से नहीं करते परहेज

सूत्रों की माने तो लोनी क्षेत्र में अनेक क्लीनिक या नर्सिंग होम ऐसे हैं जहां अधिक धन लालच के चलते वहां तैनात डॉक्टरों द्वारा भ्रूण हत्या (अबॉर्शन) करने में कोई परहेज नहीं है।

यही नहीं इस बात को भी आसानी से नकारा नहीं जा सकता कि क्लीनिक व हॉस्पिटल के नाम पर दुकान खोलकर बैठने वाले इन डॉक्टरो में अयोग्य, गैर पंजीकृत, अप्राधिकृत या अप्रशिक्षित की श्रेणी में न आते हो। ऐसे क्लीनिकों व नर्सिंग होम की आड़ में अवैध रूप से भ्रूण हत्या करने का यह धंधा चोरी छिपे किया जाता है। वैद्य नर्सिंग होम या क्लीनिक का शिक्षित व योग्य डॉक्टर हो या अवैध क्लीनिक का झोलाछाप डॉक्टर, दोनों ही इस कार्य में संलिप्त है. और ऑपरेशन करने का धंधा चला रहे हैं और कभी-कभी मौके की नजाकत का लाभ उठाते हुए ऑपरेशन कराने ए जरूरतमंदों से मुंह मांगी रकम वसूलते हैं। इस धंधे में लिप्त डॉक्टर पैसा कमाने के चक्कर में जरूरतमंदो को अवैध गर्भ को गिराने के लिए पूर्णता मदद ही नहीं करते बल्कि आगे के लिए आश्वस्त भी करते हैं। जिससे नव युवक, युवतियां और भटक जाते हैं। शायद खन्ना नगर की घटना इसी का एक जीता जागता सबूत है।

चिंता का विषय तो यह है कि ऐसे क्लीनिक व नर्सिंग होम के विरुद्ध किसी संबंधित अधिकारी या जनप्रतिनिधि द्वारा आजतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यही कारण है कि इनके हौसले इतने बुलंद है।

## दबंग माफिया कांग्रेसी नेता पर धमकाने व रंगदारी मांगने का लगाया आरोप।

समाज जागरण

कानपुर विशेष संवाददाता। बिल्हौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पंतनगर (मिलकियाना) के रहने वाले आफताब अहमद ने कांग्रेसी नेता रिजवान अहमद उर्फ ताज मियां पुत्र शकील अहमद निवासी मछली टोला फतेहगढ़ जनपद फरुर्खाबाद पर कांग्रेसी नेता बताकर धमकाने एवं झूठे प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित आफताब अहमद और उनके परिवार पर झूठा भू माफिया का आरोप लगाकर अवैध रूप से रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।



पीड़ित ने मीडिया को बयान देते हुए बताया कि उपरोक्त रिजवान अहमद उर्फ ताज मियां दिनांक 14 अगस्त 2023 को दोपहर लगभग 2:00 बजे प्रार्थी के घर के बाहर अपने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ बंदूक लेकर जान से मारने की नियत से आए और बंदूक लहराकर धमकी देते हुए कहा कि बाहर निकल साले आज तेरा काम तमाम कर दूंगा की धमकी दिया पुलिस कमिश्नर सहित सभी पुलिस अधिकारियों को दिनांक 4 सितंबर 2023 शिकायत किया परंतु करवाई न होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए, और आरोपी अपने आपको कांग्रेसी नेता बता कर अवैध रूप से बुजुर्ग आफताब अहमद से अवैध रूप से वसूली करना चाहता है आए दिन फर्जी झूठा प्रार्थना पत्र देकर हैरान और परेशान करता है।

# हॉर्नबिल फेस्टिवल और नागालैंड

**– महेन्द्र तिवारी**

नागालैंड का इतिहास लगातार बदलती पहचानों, राजनीतिक संघर्षों और सांस्कृतिक दृढ़ता से निर्मित वह गाथा है जिसने भारत के उत्तर-पूर्वी भूभाग को एक विशिष्ट रूप दिया है। राज्य गठन की



यात्रा और इसके साथ जुड़ा हॉर्नबिल फेस्टिवल केवल प्रशासनिक या सांस्कृतिक प्रसंग नहीं हैं, बल्कि वे उस समाज की जिजीविषा का प्रमाण हैं जिसने दशकों तक अपने स्वशासन, सम्मान और पारंपरिक एकता को बचाए रखने के लिए संघर्ष किया। आज जब हम 1 दिसंबर 1963 को भारत के सोलहवें राज्य के रूप में नागालैंड की स्थापना को याद करते हैं, तो यह केवल कैलेंडर का एक दिन नहीं, बल्कि समझौतों, संवाद, असंतोष और साझा सहमति की एक लंबी प्रक्रिया का अंतिम बिंदु भी है।

स्वतंत्रता के तुरंत बाद नागाओं के भीतर स्वतंत्र पहचान की चाह तेजी से उभरने लगी। नागा नेशनल काउंसिल ने आत्मनिर्णय के अधिकार का सवाल बारीकी से उठाया और अपनी सांस्कृतिक व राजनीतिक स्वतंत्रता को लेकर कई बार भारत सरकार के साथ टकराव की स्थिति पैदा हुई। 1950 के दशक के मध्य तक यह प्रश्न आंदोलन से आगे बढ़कर संघर्ष में बदल चुका था। 1955 में सेना की तैनाती ने हिंसा को दबाने का प्रयास तो किया, लेकिन इससे अविश्वास की खाई और गहरी हुई। यह संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं था; इसमें समाज की अस्मिता, प्रथाओं और अधिकारों की रक्षा की भावना भी शामिल थी। ऐसे माहौल में संवाद का रास्ता बेहद कठिन था, लेकिन समाधान के लिए विकल्प भी यही थे।

इसी मोड़ पर 1957 में नागा हिल्स और तुएनसांग को मिलाकर ह्यनागा हिल्सझ्रतुएनसांग एरियाह्न बनाया गया, जिसे संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष स्वायत्तता प्रदान की गई। यह व्यवस्था तत्कालीन असंतोष को शांत करने का प्रयास थी, परंतु नागाओं के राजनीतिक ंरस्न्र१ङ्३ल्ल२ इससे संतुष्ट नहीं थे। यह भी स्पष्ट था कि प्रशासनिक ढांचे के भीतर उन्हें अधिक स्थायी और सम्मानजनक भूमिका की आवश्यकता थी। वर्षों की खींचतान और वाताओं के बाद 1960 में ह्य16-सूत्री समझौताह्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप नागालैंड राज्य अधिनियम 1962 अस्तित्व में आया। इसी अधिनियम ने नागालैंड को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया और 1 दिसंबर 1963 को कोहिमा राजधानी के रूप में आधिकारिक रूप से नए राज्य का जन्म हुआ। यह क्षण नागाओं के लिए जितना राजनीतिक था, उतना ही मनोवैज्ञानिक भी–एक युगांतकारी परिवर्तन, जिसने उन्हें संवैधानिक पहचान भी दी और भारत के संघीय ढांचे के भीतर सम्मानजनक स्थान भी।

फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि राज्य गठन किसी संघर्ष का पूर्ण समाधान नहीं था। ठठउ और उसके समर्थक गुटों के बीच अलग पहचान और स्वायत्तता की मांग बरकरार रही, जिसकी वजह से कई दशक शांति वाताओं और अस्थिरता के बीच बीते। लेकिन इसके बावजूद नागालैंड ने विकास, शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण और आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए। इन तमाम चुनौतियों के बीच नागाओं ने अपनी परंपराओं को बचाए रखा, और यही वह धरातल है जहां से हॉर्नबिल फेस्टिवल की अवधारणा उभरती है। हॉर्नबिल फेस्टिवल, जिसे ह्यफेस्टिवल ऑफ फेस्टिवल्सह्न कहा जाता है, नागालैंड की सांस्कृतिक विरासत का ऐसा साझा मंच है जिसने राज्य की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया अर्थ दिया है। हर वर्ष 1 से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाला यह महोत्सव केवल नृत्य, संगीत और प्रदर्शन का रंगीन दृश्य नहीं, बल्कि नागाओं के सामाजिक ताने-बाने, परंपरा और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है। कोहिमा के पास स्थित किशामा हेरिटेज विलेज इस दौरान उस जीवंत संग्रहालय में बदल जाता है, जहाँ नागालैंड की सभी 17 प्रमुख जनजातियाँ अपनी विशिष्ट वेशभूषा, लोकनृत्यों, शिल्प, संगीत, भोजन परंपरा और जीवन-शैली को एक साथ प्रस्तुत करती हैं। यह एक तरह से वह अवसर बन जाता है जहाँ इतिहास वर्तमान से संवाद करता है और जहां आधुनिक दुनिया नागालैंड की जड़ों को नजदीक से समझती है।

इस महोत्सव का उद्भव 2000 में हुआ था, जब नागालैंड सरकार ने कृषि-आधारित पारंपरिक त्योहारों के विखंडन को देखते हुए उन्हें एक साझा मंच पर लाने का निर्णय लिया। यह प्रयास आज एक वैश्विक आयोजन में बदल चुका है। पर्यटन के दृष्टिकोण से यह कितना महत्त्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2023 में इस महोत्सव में लगभग 1.5 लाख पर्यटक पहुँचे। यह संख्या उस सांस्कृतिक आकर्षण और जीवंतता को दशार्ती है, जो नागालैंड को दुनिया के सामने एक अनूठी भूमि के रूप में प्रस्तुत करती है। आर्थिक रूप से यह राज्य में नए अवसरों का सृजन करता है, वहीं सामाजिक रूप से यह नागाओं की पारंपरिक धरोहर को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समुदायों के लिए यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि अपनी पहचान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम है।

हॉर्नबिल, वह पक्षी जिसके सम्मान में यह उत्सव नामित है, नागा लोककथाओं में शक्ति, सम्मान और आध्यात्मिकता का प्रतीक रहा है। नागा समाज के कई रीति-रिवाजों में इसका विशेष स्थान है। इस प्रकार यह उत्सव केवल सांस्कृतिक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि प्रकृति, परंपरा और समाज के बीच गहरे संबंध का प्रतीक भी है। बदलते समय में जब कई जनजातीय विश्वदृष्टियाँ और प्रथाएँ विलुप्ति के कगार पर हैं, हॉर्नबिल फेस्टिवल ऐसी परंपराओं को पुनर्जीवित करने और संरक्षित रखने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नागालैंड का राज्य दिवस और हॉर्नबिल फेस्टिवल का एक साथ मनाया जाना प्रतीकात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण है। एक ओर यह राज्य की राजनीतिक यात्रा का उत्सव है, दूसरी ओर सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता और सामूहिक पहचान का। यह एक ऐसा क्षण है जब संघर्ष और समाधान, परंपरा और आधुनिकता, स्थानीयता और वैश्विकता एक ही मंच पर दिखाई देते हैं। नागालैंड की यह कहानी हमें बताती है कि अस्मिता और संवाद, दोनों साथ चल सकते हैं; संघर्षों के बीच भी संस्कृति जीवन को अर्थ देती रहती है; और जब इतिहास के द्वार खुलते हैं, तो समाज वहां केवल अपने अतीत को नहीं, अपने भविष्य को भी देखता है।

# सत्य की शक्ति मानव को असीमित शक्ति और अतुल्य बल प्रदान करती है.




- संजीव ठाकुर, चिंतक, स्तंभकार रायपुर (छत्तीसगढ़)

स्वामी विवेकानंद' परिवर्तन सृष्टि का अनवरत गतिसत्य एवं पुरुषार्थ से परिश्रम, जीवन में सफलता का सम्यक पैमाना ।मान नियम है; यही वह अक्षय शक्ति है जिसके प्रभाव से ब्रह्मांड से लेकर सूक्ष्मतम कण तक निरंतर रूपांतरण की प्रक्रिया से गुजरते हैं। समय की धारा में नवीन मूल्यों का उद्भव और जर्जर मूल्यों का विस्थापन एक शाश्वत सत्य की भाँति सदा से स्वीकार्य रहा है। मानव सभ्यता का सम्पूर्ण इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि उन्नति की हर सीढ़ी अदम्य जिज्ञासा, जिजीविषा, प्रबल उत्साह, निडर आशावादिता और अविरत पुरुषार्थ के बल पर ही संभव हुई है। स्वामी विवेकानंद के शब्द– "सत्य की शक्ति मानव को असीमित शक्ति और अतुल्य बल प्रदान करती है"– केवल उपदेश मात्र नहीं, बल्कि अनुभव-सिद्ध और आत्म-साक्षात्कार से उद्भूत दर्शन है। मानव जीवन में सत्य और धन–ये दोनों तत्व सदैव से निर्णायक कारक रहे हैं, किन्तु इनकी परस्पर भूमिका समय और परिस्थिति के अनुसार बदलती रही है। सत्य का मूल्य सार्वकालिक, अपरिवर्तनीय और दिव्य है, जबकि धन का महत्व व्यवहारिक जीवन की सुगमता और व्यवस्थित समाज-निर्माण तक सीमित है। धन की उपस्थिति विकास के लिए आवश्यक अवश्य है, परंतु उसका अतिरेक व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की दिशा को दिग्भ्रमित कर सकता है। सत्य की भाँति स्थायी आधार पर धन का संतुलित प्रयोग ही विकास को सार्थक एवं मानवीय बनाता है। गलत मार्ग से अर्जित धन घोर अंधकार है, जबकि सत्य जीवन का शाश्वत प्रकाश–जिसकी आभा कभी मंद नहीं पड़ती। भारतीय दर्शन यही प्रतिपादित करता है कि धनबल सब कुछ नहीं; सत्य के अभाव में धन निरर्थक, अधूरा तथा अंततः विनाशकारी है। सत्य सिद्धांत के बिना धन की मीमांसा अधूरी है, ठीक वैसे ही जैसे शरीर प्राण के बिना। प्राचीन भारतीय परम्परा में धन जीवन के साधन रूप में प्रतिष्ठित हुआ, परंतु सत्य जीवन के परम उद्देश्य और चरम साधना के रूप में आदर प्राप्त करता आया है। निवृत्ति, संयम, त्याग, तप, संतोष और विवेक–इन मूल्यों की तुलना में भोगवाद को किसी भी समय वरीयता नहीं दी गई, अतः सत्य का गौरव कभी दमन नहीं हुआ। वेदों तथा पुराणों में कहा गया है कि "सत्य का सुख स्वर्ण-पात्र में आच्छादित है; जब धन मुखर होता है तब सत्य नेपथ्य में चला जाता है, पर धन का अतिरेक होते ही सत्य पुनः उद्भासित हो उठता है"। सत्य सनातन शक्ति है, धन मिथ्या; धन क्षणभंगुर, सत्य अनादि-अनन्त। भारतीय संस्कृति ने सत्य को मन, वचन और कर्म की त्रिवेणी में अद्वैत के रूप में प्रतिष्ठित किया है। 'साँच को आंच नहीं', 'सत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात', 'नैति सत्यं' जैसी कहावतें और मुंडक उपनिषद का दिव्य वाक्य "सत्यमेव जयते" भारतीय चित्त और चरित्र की सर्वोच्च पहचान हैं। यही मंत्र आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है–जो केवल संविधान की शोभा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आत्मा की ध्वनि है। वैदिक दर्शन से लेकर जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई और इस्लामी चिंतन तक सभी ने सत्य को सर्वोपरि माना है। परंतु औद्योगिक क्रांति के पश्चात पश्चिम में भोगवाद और पूँजीवाद के विस्तार ने आर्थिक तत्व को प्रमुख जीवन-निर्धारक सिद्धांत बना दिया। वैश्वीकरण, उदारीकरण और पूँजी-केन्द्रित विकास की नयी दुनिया में राजनीति, समाज, धर्म, अध्यात्म, न्याय, शिक्षा, मीडिया, पर्यावरण, यहाँ तक कि पारिवारिक संबंध भी अर्थ-बल के नियमों पर संचालित होने लगे। आज स्थिति यह है कि धन के बल पर शक्ति, प्रतिष्ठा, मान-सम्मान, सत्ता, निर्णय और प्रभाव खरीदा जाने लगा है। निर्धन का सत्य, चाहे वह कितना ही पवित्र अथवा तार्किक क्यों न हो, अक्सर महत्वहीन समझ लिया जाता है। इसके विपरीत धनवान का असत्य भी सम्मानित होकर आदर्श का रूप ले लेता है। न्यायपालिका, विधायिका तथा कार्यपालिका में सत्य के दमन के अनगिनत उदाहरण प्रतिदिन सामने आते हैं। न्याय अब गरीब का अधिकार न रहकर धनी वर्ग की मुट्ठी में बंद तिजोरी बन गया है–जहाँ निर्णय की कीमत तौल में मापी जाती है। चुनावों में धनबल का प्रभाव, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, मीडिया का दमन या प्रबंधन, व्यावसायिक और राजनीतिक भ्रष्टाचार–ये सब सत्य पर प्रश्नचिह्न बनकर उपस्थित हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर सम्पन्न देशों की दादागिरी सत्य को दबा देती है, और विकासशील देशों को बलि का बकरा बनाकर खड़ा कर दिया जाता है। जलवायु सम्मेलन असफल इसलिए होते हैं क्योंकि धन की आवाज सत्य की पुकार को परास्त कर देती है। आज मनुष्य व्यक्तिगत स्तर पर भी दिन में अनेक बार धनबल, भय, स्वार्थ या सुविधा के लिए अपने अंतःकरण का दमन करता है और सत्य को मौन कर देता है। आधुनिक युग की यही विडंबना है–ह्लजब धन बोलता है तो सत्य मौन रहता हैह्व–पर यह केवल आभासी सत्य है, दार्शनिक या आध्यात्मिक नहीं। क्योंकि सत्य जितना दबाया जाता है उतना ही प्रचंड हो उठता है। किंतु इसके बावजूद सत्य का वैश्विक महत्व, उसकी सार्वभौमिकता और उसकी अदम्य शक्ति को कोई नकार नहीं सकता। स्वामी विवेकानंद ने कहा–ह्लसत्य में वह सामर्थ्य है जो मनुष्य को असीम शक्ति और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है। यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो विश्व की कोई शक्ति तुम्हें रोक नहीं सकती।ह्व यही सत्यमेव जयते का वास्तविक संदेश है–सत्य की विजय अवश्यम्भावी है। सत्य ही जीवन का शाश्वत प्रकाश है, सत्य ही मनुष्य का सर्वोच्च धर्म है, सत्य ही प्रकृति का मूलाधार है, और सत्य ही मानवता की अंतिम आशा।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार चिंतक लेखक, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर, छत्तीसगढ़ 9009 415 415,**

# जीवन के संचार के पुन: जोड़ने वाले देवता कामदेव

-अशोक "प्रवृद्ध"

भारतीय संस्कृति में प्रेम, काम, वासना और रूप के देव माने जाने वाले काम के देवता कामदेव जीवन के संचार के पुनः जोड़ने वाले देवता के रूप में प्रतिष्ठित, विराजित व पूजित हैं। कामदेव को भारतीय सभ्यता- संस्कृति और अध्यात्म में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। प्रेम का देवता मानकर कामदेव की अत्यंत प्राचीन काल से पूजा- अर्चना किये जाने की भारत में लंबी परिपाटी रही है। वर्तमान में भी प्रेम प्राप्ति, और प्रेमी-प्रेमिका के संबंध को मधुरमय बनाने तथा पति- पत्नी के दाम्पत्य संबंध को प्रेममयी बनाये रखने के लिए कामदेव की पूजन-अर्चा की जाती है। प्राचीन काल से ही भारत में काम को निकृष्ट नहीं मानकर उसे दैवी स्वरूप प्रदान किया गया है। और उसे कामदेव के रूप में मान्यता दी गई है। भगवान शिव के द्वारा अपनी क्रोधाग्नि में काम को भस्म करने के बाद उसे अनंग रूप में पुनः जीवित करना उसकी विकृतता की नहीं, बल्कि महता को स्थापित करता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में काम का साहचर्य उत्सव मनाने योग्य माना गया है। जब तक काम मयार्दा में रहता है, उसे भगवान की विभूति माना जाता है, लेकिन जब और जैसे ही वह मयार्दा छोड़ देता है तो आत्मघाती बन जाता है, शिव का तीसरा नेत्र (विवेक) उसे भस्म कर देता है। भगवान शिव द्वारा किया गया काम संहार का मूल भाव यही है। उनकी पत्नी रति हैं, जिनके द्वारा यह भूतल सृजित है। कामदेव को अनंग भी कहा जाता है। अनंग का अर्थ होता है- बिना अंग वाला अर्थात जिसके कोई शरीर नहीं हो, वह अनंग कहलाता है। भगवान शिव ने उनकी समाधि में विघ्न डालने के कारण रुष्ट होकर अपने तृतीय नेत्र से कामदेव को भष्म कर कामदेव पत्नी रति के रुदन को देखकर व देवताओं की प्रार्थना पर कामदेव को अनंग रूप दिया था। भारतीय पंचांग में भगवान शिव से संबंधित व्रत प्रदोष काल व त्रयोदशी से जुड़े हुए हैं। त्रयोदशी की तिथि के साथ ही अधिकांश प्रदोष व्रत का संयोग जुड़ा हुआ होता है। अनंग देव से संबंधित व्रत भी भगवान शिव से संबंधित होने के कारण त्रयोदशी तिथि से संयुक्त है। बिना अंग वाले अनंग देव के पूजन का उत्तम दिवस अनंग त्रयोदशी कहलाता है। अनंग देव के पूजन का दिन अनंग त्रयोदशी व्रत वर्ष भर प्रत्येक चंद्र मास की शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को किये जाने का विधान है, परंतु स्थान एवं मतांतर भेद के कारण विशेष रूप से अनंग त्रयोदशी व्रत गुजरात, महाराष्ट्र आदि कुछ क्षेत्रों में मधुमास अर्थात चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मनाई जाती है, जबकि उत्तर भारत में यह मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशी को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। वर्ष 2025 में मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशी तिथि का समय 02 दिसम्बर 2025



दिन सोमवार के अपराह्न 03:57 से शुरू होगा और इसकी समाप्ति 03 दिसम्बर मंगलवार को अपराह्न 12:26 बजे होगी।

अनंग त्रयोदशी व्रत भगवान शिव एवं आदि शक्ति माता भगवती पार्वती से संबंधित है। व्रत के जनक भगवान कामदेव एवं उनकी पत्नी भूतल सृजिनी रति की कृपा प्रसाद पाने के लिए किया जाता है। यह व्रत पुनः जीवन के संचार को जोड़ने वाला है, जिससे संबंधित अनेक कथाएं पौराणिक ग्रंथों में अंकित प्राप्य हैं। त्रयोदशी व प्रदोष काल के संयुक्त होने से अनंग त्रयोदशी व्रत का महत्व और भी बढ़ जाता है। त्रयोदशी तिथि में प्रदोष व्रत का संयोग जुड़े होने पर यह समय शिवभक्ति के लिए सोने में सुहागा की भांति हो जाती है, और इसका फल उत्तम फलदायिनी सिद्ध होता है। महादेव एवं भोले बाबा के रूप में प्रतिष्ठित भगवान शिव प्रदोष एवं त्रयोदशी के व्रत का पालन करने वाले सभी भक्तों को वांछित फलों को देते हैं। जिससे दुःख दारिद्रय समाप्त होते हैं। इस अनंग त्रयोदशी के व्रत के पालन से अनेक कष्टों से मुक्ति मिलती है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखद हो उठता है। पति एवं पत्नी की कलह को विराम मिलता है। निः संतान दम्पत्ति संतान सुख की अनुभूति प्राप्त करते हैं। इस व्रत के पालन से पुण्य प्रभाव प्राप्त होती है। विधि- विधानपूर्वक विश्वास एवं आस्था के साथ इस व्रत का पालन करने से तन एवं मन के कष्टों से छुटकारा प्राप्त होता है। प्रेम और काम के देवता कामदेव की पत्नी रति को प्रेम, जुनून और मिलाप की देवी माना गया है। मान्यता है कि कामदेव-रति की पूजा-अर्चना से पति-पत्नी के बीच कभी कोई मतभेद नहीं होता और दोनों के बीच उत्तम शारीरिक संबंध पैदा होते हैं, जो एक खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए अति आवश्यक भी हैं। मान्यतानुसार कामदेव की पत्नी के पूजन व उनका ध्यान कर किये गए मंत्र- ॐ ऐं ह्लीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे - मंत्र के लगातार इक्कीस दिनों तक एक माला अर्थात 108 बार जप से पति-पत्नी के बीच की समस्त प्रकार की दूरियां व नोक -झोक समाप्त हो जाती है और दोनों में नजदीकियां बढ़ जाती हैं।

अनंग त्रयोदशी व्रत से संबंधित प्रचलित कथा तारकासुर और देवताओं से संबंधित है। कथा के अनुसार प्राचीन काल में वरदान की शक्तियों के बल पर तारकासुर नामक राक्षस देव आदि लोकों में अत्याचार एवं क्रूरता को बढ़ा दिया, जिससे चहुओर हाहाकार सा मच गया। यह देख देवों नें परम पिता ब्रह्मा से इसका निदान पूछा तो पितामह ने देवताओं को बताया कि इसका निदान शिव के पुत्र कर सकते है। किन्तु शिव को कोई सन्तान नहीं थी, और शिव ध्यान लगाकर बैठे हैं। इसके लिए उन्हें समाधि से जगाना आवश्यक था, ताकि वे उठकर उनसे व्याह की आशा लिए तपस्या में रत्त सती से व्याह कर पुत्र उत्पन्न कर सकें। परंतु किसी की भी हिम्मत उनके पास जाने की नहीं हो रही थी। शिव की समाधि को तोड़ने के लिए इंद्र के द्वारा कामदेव एवं रति को नियुक्त किया गया। कामदेव ने शिव की समाधि को भंग करने का प्रयास किया, तो क्रोध में आकर शिव ने उन्हें भस्म कर दिया। किन्तु बाद में पूरी बात समझ में आने पर भोलेनाथ ने कामदेव को जीवित कर उन्हें अनंग कर दिया। तब से यह कथा अनंग त्रयोदशी के रूप में प्रचलित है।

गरुड़ पुराण के अनुसार उत्तर अनंग त्रयोदशी व्रत भगवान शिव के उपासकों के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यतानुसार एक वर्ष तक उत्तर अनंग त्रयोदशी व्रत का नियमित रूप से पालन करने वाले व्यक्ति को सौभाग्य, स्वास्थ्य, धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी रति ने अपने पति कामदेव को वापस पाने के लिए यह पावन व्रत किया था और भगवान शिव की आराधना की थी। उनके समर्पण से प्रसन्न होकर, शिव ने उन्हें आश्वासन दिया कि कामदेव भगवान कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में पुनर्जन्म लेंगे।

उत्तर अनंग त्रयोदशी व्रत के दिन भगवान शिव के साथ ही भगवान कामदेव और उनकी पत्नी रति की भी पूजा किये जाने का विधान है। भगवान कामदेव को कंदर्प भी कहा जाता है। उत्तर अनंग त्रयोदशी व्रत के दिन उज्जैन में कंदर्प ईश्वर के दर्शन प्राप्त करना बहुत पुण्यदायी होता है। मान्यता है कि इस दिन इस स्थान के दर्शन करने वाले व्यक्ति को मृत्यु के बाद देव लोक में स्थान मिलता है। उत्तर अनंग त्रयोदशी व्रत के दिन इस मंदिर में भव्य उत्सव आयोजित किए जाते हैं।

## प्रसन्न रहना सुंदर गहना...!

कहें कान्हा अहंकार ही
विनाश का कारण,
सरल व्यक्तित्व से जीतीए
जीवनरूपी रण।
हमारे शरीर में 'ईश्वर
और आत्मा' ही अमर,
मनुष्य को मिला ऐसा
जीवन जैसे हो नहर।

गीता उपदेशों को अपने
जीवन में अपनाएँ,
व्यक्ति को उन्नति मिलें
सही दिशा कहलाएं।
एकमात्र ऐसा ग्रंथ जीने
का तरीका सीखाएँ,
जीवन में धर्म-कर्म और
प्रेम का पाठ पढ़ाएं।

व्यक्ति करें स्वयं
अनुसरण श्रेष्ठ वो
कहलाएँ,
अपने कर्तव्यों का करों
पालन पंख फैलाएं।
सीखिएं प्रत्येक
परिस्थितियों में प्रसन्न
रहना,
इस जीवन का यहीं तो हैं
सबसे सुंदर गहना।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**
**मो. 98260 25986**

# रीपो में बदलाव के नहीं आसार, मौद्रिक नीति समिति बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने के कर सकता है उपाय

## मौद्रिक नीति समिति ने जून में रीपो दर में 50 आधार अंक की कटौती की थी मगर उसके बाद दो बैठकों में दर में कोई बदलाव नहीं किया गया

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6 सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति की 3 से 5 दिसंबर को होने वाली बैठक में रीपो दर में बदलाव की उम्मीद नहीं है। बिजनेस स्टैंडर्ड के सर्वेक्षण में शामिल ज्यादातर प्रतिभागियों ने कहा कि मौद्रिक नीति का रुख तटस्थ के साथ नरम बना रहेगा। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मजबूत आंकड़े को देखते हुए मौद्रिक नीति समिति दर यथावत रख सकती है।

भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा, 'कुछ दिन पहले तक रीपो में 25 आधार अंक की कटौती की उम्मीद की जा रही थी मगर अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। दूसरी तिमाही में वृद्धि दर के मजबूत आंकड़ों से दर यथावत रखने का निर्णय हो सकता है।'




मौद्रिक नीति समिति ने जून में रीपो दर में 50 आधार अंक की कटौती की थी मगर उसके बाद दो बैठकों में दर में कोई बदलाव नहीं किया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि आरबीआई यथास्थिति बनाए रख सकता है क्योंकि ढील देने की गुंजाइश कम है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री गौरा सेन गुप्ता ने कहा, 'आरबीआई से उम्मीद है कि वह मौजूदा स्थिति बनाए रखेगा क्योंकि ढील देने की गुंजाइश कम है और ऐसा तब किया जाना चाहिए जब तक कि वृद्धि दर में गिरावट का खतरा न हो।'

उन्होंने जमा वृद्धि को बढ़ावा देने का इशारा करते हुए कहा, 'मौद्रिक नीति की असली चुनौती यह पुख्ता करना है कि जब जमा वृद्धि 10 फीसदी से नीचे हो तो बैंकिंग तंत्र 11-12 फीसदी ऋण वृद्धि का समर्थन कर सके। ऋण-जमा अनुपात 80 फीसदी के ऐतिहासिक उच्च स्तर के करीब बना हुआ है।'

स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में इंडिया इकनॉमिक्स शोध प्रमुख अनुभूति सहाय ने कहा, 'वृद्धि दर मजबूत है और राजकोषीय तथा मौद्रिक प्रोत्साहन पहले ही दिया गया है। ऐसे में दर कटौती से ज्यादा जोर बैंकिंग तंत्र में नकदी बढ़ाने पर होना चाहिए।'

अधिकतर अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आरबीआई मौद्रिक नीति का रुख तटस्थ बनाए रखेगा लेकिन ओपन मार्केट ऑपरेशन जैसे उपाय से तरलता बढ़ा सकता है। बैंकिंग तंत्र को चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में तरलता समर्थन की जरूरत पड़ने की उम्मीद है क्योंकि रुपये में उठापटक को थामने के लिए आरबीआई मुद्रा बाजार में तेजी से दखल दे रहा है।

ज्यादातर अर्थशास्त्रियों को मौजूदा दर कटौती चक्र के लिए टर्मिनल दर 5.25 से 5.5 फीसदी के बीच रहने की उम्मीद है। आरबीएल बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री अनीता रंगन ने कहा, 'अप्रैल से पहले दर कटौती की उम्मीद नहीं है। वैसे, फरवरी में इसकी संभावना बन सकती है।'

अधिकतर प्रतिभागियों को उम्मीद है कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर का अनुमान घटाकर 2 फीसदी कर सकता है और जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान भी बढ़ाकर 7 फीसदी से अधिक किया जा सकता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विद्युत बिल बकायादारो के लिए प्रदेश सरकार की विशेष राहत

## (मूलधन पर 25 प्रतिशत छूट और ब्याज पूरी तरह होगा माफ, 1 दिसंबर से होगी योजना शुरू)

समाज जागरण

लोनी, 30 नवंबरः उत्तर प्रदेश सरकार ने बिजली बिल बकायादारो के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। सरकार ने1 दिसंबर 2025 से आगामी 28 फरवरी तक बिजली बिल समाधान योजना लागू करने की घोषणा की है. जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल पर 100 प्रतिशत ब्याज और सरचार्ज माफ करने के साथ ही मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। इस योजना का लाभ घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ उन लोगों को भी मिलेगा जिन पर बिजली चोरी के मामले दर्ज हैं। सरकार का मानना है कि यह कदम जहा ऊर्जा क्षेत्र को वित्तीय रूप से मजबूती प्रदान करेगा वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

बता दें कि उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ पाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है. जिसकी सुविधा के लिए निम्न माध्यम की व्यवस्था की गई है :-

**-यूपीपीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट**
**-यूपीपीसीएल कंज्यूमर मोबाइल ऐप**
**-विभागीय उपकेंद्र और बिजली कार्यालय**
**-जन सेवा केंद्र मीटर रीडर के माध्यम से मोबाइल पंजीकरण**

इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं के लिए किस्तों में भुगतान करने की व्यवस्था भी की गई है। जो उपभोक्ता एकमुश्त राशि जमा नहीं कर सकते, उनके लिए किस्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध होगी। घरेलू उपभोक्ता अधिकतम 12 किस्तों में भुगतान कर सकेंगे। हालांकि, किसी भी


बिजली बिल बकायदारो के लिए प्र.सरकार की योजना

किस्त के बकाया रहने पर उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित हो जाएगा। पुराने विवादित मामलों में भी राहत सरकारी आदेश के अनुसार, बिजली चोरी से जुड़े मामलों में भी दंड और ब्याज में राहत दी जाएगी। विभाग के मुताबिक यह कदम उपभोक्ताओं को कानूनी विवादों से जल्द बाहर निकालने में मदद करेगा।

### प्रदेश सरकार का उद्देश्यः

ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य राज्य में बिजली राजस्व की वसूली बढ़ाना, लंबे समय से लंबित उपभोक्ता बकायों का निपटान उपभोक्ताओं पर आर्थिक दबाव कम करना, नियमित बिल भुगतान की आदत को बढ़ावा देना।

योजना से बड़ी संख्या में उन उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है जो आर्थिक तंगी या अन्य कारणों से बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं।

विद्युत वितरण खंड अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने के लिए अविलंब अपना पंजीकरण कराने की अपील की है।

# ठंड से बचाव हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ने जारी की एडवाइजरी

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 30 नवंबर 2025ः जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया है कि शीतलहर/ठंड से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है, जिन्हे अपनाने से जनपद वासियों को शीतलहर/ठंड से बचाव हेतु सुविधा होगी। जैसे स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टी०वी० एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें। कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर/ब्लोवर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार बनाये रखे ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीली धुआँ इकठा न हों। शरीर को सुखा रखें, गीले कपडे तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधित ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों, आश्रय स्थलों पर जाये, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया हो। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे ऊनी कपडे, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीत लहर/ठंड के प्रभाव से बचा सकते है। ऊनी कपड़ों के कमी की दशा में दो तीन कपड़े एक के ऊपर एक पहनकर शीत लहर/ठंड के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

उन्होने यह भी बताया कि अत्याधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके उतना घर के अन्दर रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रभाव को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। धूप निकलने की दशा में इसका सेवन ठंड/शीत लहर से बचाव करेगा। हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे शरीर का आसामान्य तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, अत्याधिक ठिठुरन, सुस्ती, थकान, तुतलाहट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपनी नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। शीतदंश के लक्षणों जैसे शरीर के अंगो का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की ऊंगलियों, कान, नाक आदि सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। अपने आस-पास के अकेले रहने वाले किसी भी पड़ोसियों की जानकारी रखे, खासकर बुजुर्गों की एवं किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क करें। ठंड/शीत लहर की दशा में पालतु पशुओं/पक्षियों के बाड़े को ऊष्मा रोधी बनाने हेतु खिड़की दरवाजो को ढककर रखें परन्तु वेंटिलेशन हेतु पर्याप्त खुला स्थान भी छोड़े। सिगडी/अलाव/अंगीठी सोते समय बुझाकर सोये इससे आग जनी से बचा जा सकता है। सिगड़ी/अलाव/अंगीठी बन्द स्थानों पर जलाने से बचें। निराश्रित/असहाय/विकलांग/बीमार/ मानसिक विकलांग व्यक्ति अगर ठंड से प्रभावित होते दिखे ऐसी दशा में क्षेत्रीय लेखपाल/तहसील के माध्यम से निःशुल्क कम्बल दिलाने में मदद करें।

### शीतलहर से बचाव हेतु एडवइजरी

**पहले क्या करें:-**

* रेडियो सुने, टीवी देखें, स्थानीय मौसम पूवार्नुमान के लिए समाचार पत्र पढ़े ताकि यह पता चल सके कि क्या शीत लहर होने वाली है।

* पर्याप्त सर्दियों के कपड़े पहनें। कपड़ों की कई परतें शरीर को गर्म रखने में अधिक सहायक होती है।

* आपातकालीन आपूर्ति आवश्यकतानुसार आवश्यक आपूर्ति स्टोर करें एवं तैयार रखें।

* शीतलहर के दौरान फ्लू, बहती/भरी हुई नाक या नाक से खून जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, जो आमतौर पर ठंड के लंबे समय तक सम्पर्क में रहने के कारण हो जाती है या बढ़ जाती है। इस तरह के लक्षणों के लिए डॉक्टर से सम्पर्क करें।

शीत लहर के दौरान क्या करें:-

* मौसम की जानकारी और आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें और सलाह के अनुसार कार्य करें।

* जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें

* भारी कपड़ो की एक परत के बजाय ढीला फिटिंग, हल्के, विंडप्रूफ गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। टाइट कपड़े ब्लड सकुर्लेसन को कम करते हैं।

* अपने आप को सूखा रखें। अपने सिर, गर्दन, हाथों और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से कवर करें क्यों कि शरीर के इन अंगों के माध्यम से शरीर को ठंडक लगने का खतरा अधिक रहता है।

* दस्तानें पहने क्योंकि दस्ताने ठंडक से गर्मी और इनसुलेशन प्रदान करते हैं क्योंकि उंगलियां अपनी गर्मी साझा करती हैं। और ठंड के लिए कम सतह को उजागर करती हैं।

* ठंडक से बचने के लिए टोपी और मफलर का प्रयोग करें।

* शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल और सब्जियां खाए।

* नियमित रूप से गर्म तरल पेय पदार्थ पिएं, क्योंकि गर्म पेय पदार्थ ठंडक से लड़ने के लिए शरीर को गर्मी प्रदान करते हैं।

* तेल, पेट्रोलियम जेली या बॉडी क्रीम से नियमित रूप से शरीर की मालिश करें, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करते हैं।

* बुजुर्ग लोगों और बच्चों की देखभाल करें और अकेले रहने वाले पड़ोसियों का ख्याल रखें।

* गैर-औद्योगिक इमारतों के लिए गर्मी इनसुलेशन गाइडलाइन का पालन करें।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनवाने का सुनहरा अवसर

# 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक संचालित हो रहा है विशेष आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड अभियान

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 30 नवंबर 2025ः मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को चिन्हित अस्पतालों में पाँच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में परिवार के हर सदस्य का अलग-अलग कार्ड बनाया जाता है, जिससे पाँच लाख तक का लाभ कोई एक व्यक्ति या पूरा परिवार मिलकर ले सकता है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए सभी हितधारकों–आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, कोटेदार, सभी स्कूलों के शिक्षक, प्रधान, सचिव तथा जन सूचना केंद्र संचालक से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक पात्र परिवारों के कार्ड बनवाने में सहयोग करें। इसके लिए वे आयुष्मान भारत ऐप डाउनलोड करके, ऑनलाइन आवेदन करके, लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पताल भेजकर या टोल-फ्री नंबर 14555 तथा 1800-1800-4444 पर कॉल करवाकर कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के प्रमुख बिंदुओं के अनुसार सभी अंत्योदय कार्ड धारक यानी गुलाबी/लाल राशन कार्ड वाले परिवार शत-प्रतिशत पात्र हैं। इसके साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी व्यक्ति तथा उत्तर प्रदेश सरकार के सभी कर्मचारी भी पूर्णतः पात्र श्रेणी में आते हैं। अन्य राशन कार्ड धारक अपनी पात्रता ऑनलाइन चेक कर कार्ड बनवा सकते हैं।

उन्होंने कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में बताया कि लाभार्थी अपनी पात्रता की जांच आयुष्मान भारत ऐप के माध्यम से, परिवार के किसी शिक्षित सदस्य की सहायता से ऑनलाइन, टोल-फ्री नंबरों पर कॉल करके, नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल में जाकर या जन सूचना केंद्र संचालक की मदद से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आशा, आंगनवाड़ी, पंचायत सहायक, कोटेदार और स्कूलों के शिक्षक भी इस प्रक्रिया में मदद कर सकते हैं। सौजन्य से

# विशेष प्रगाढ़ परीक्षण को लेकर जिला प्रशासन की बड़ी पहल

## जनपद के लेबर एरिया, उद्योग, संस्थानों व सोसायटियों, इंस्टीट्यूशन, फि ल्म सिटी व मीडिया हाउस में स्पेशल कैम्प के माध्यम से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान तेज

***आगामी सोमवार एवं मंगलवार को जिले में लगेंगे 500 से अधिक विशेष शिविर***

***हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता***

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 30 नवम्बर, 2025 जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्राधिकरण समन्वयक, स्वयंसेवकों, आरडब्ल्यूए, एओए प्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारियों, श्रम संगठनों एवं बिल्डर्स के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरी तत्परता, पारदर्शिता और प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और आमजन का सक्रिय सहयोग इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नाम जोड़ने, संशोधन कराने और विभिन्न प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से प्रशासन एक व्यापक विशेष महाअभियान चला रहा है। इसमें राजनीतिक दलों, एओए, आरडब्ल्यूए संगठनों और नागरिकों द्वारा निरंतर सहयोग मिल रहा है।

उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में आगामी 1 दिसंबर 2025 (सोमवार) तथा 2 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक लेबर कम्युनिटी वाले क्षेत्रों में 50 विशेष शिविर लगाए जाएंगे। औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों की सुविधा के लिए लगभग 50 कैंप तथा जनपद के 35 प्रमुख शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों में भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि छात्र, कर्मचारी और जनसामान्य सरलता से अपना नाम जोड़ या संशोधित करा सकें।

अभियान में नोएडा व ग्रेटर नोएडा के एओए एवं आरडब्ल्यूए सहित 1868 बूथ पर व हाई-राइज सोसायटियों, आवासीय क्षेत्रों, लेबर एरिया, उद्योग, संस्थानों व





सोसायटियों, इंस्टीट्यूशन, फि ल्म सिटी व मीडिया हाउस में तथा अन्य प्रमुख 500 स्थलों पर भी कैंप लगाए जाएँगे।

इसमें फि ल्म सिटी, मीडिया हाउस के विभिन्न 16 लोकेशन पर भी मीडिया कम्युनिटी हेतु स्पेशल कैम्प लगायें जाएँगे। इंस्टीट्यूशन की सुविधा हेतु प्रशासन अलग से विशेष शिविर स्थापित किए जाएंगे, जिससे वे अपने अनुकूल समय पर प्रपत्र जमा कर सकें। सभी शिविर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होंगे, ताकि नागरिक लंच ब्रेक के बाद आसानी से सेवा प्राप्त कर सकें।

इन शिविरों में प्रपत्र 6, प्रपत्र 8 सहित सभी एन्यूमरेशन फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी बूथ का फॉर्म किसी भी शिविर में जमा किया जा सकेगा। प्रशिक्षित प्रशासनिक टीम, बीएलओ, searchable वेबसाइट, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पीडीएफ मतदाता सूची के माध्यम से 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की त्वरित सुविधा उपलब्ध रहेगी। पुराने पते से नए पते पर स्थानांतरित हुए व्यक्तियों के लिए बीएलओ समन्वय कर तत्काल अद्यतन सुनिश्चित करेंगे; आवश्यकता होने पर वहीं प्रपत्र 08 भरवाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिविरों में मतदाता सूची से संबंधित सभी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। लक्ष्य यह है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे तथा प्रत्येक की सूचना सही-सही दर्ज की जा सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया आरडब्ल्यूए, एओए, अथॉरिटी समन्वयकों, स्वयंसेवकों और राजनीतिक दलों के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। व्यापक जनजागरूकता के लिए बूथ लेवल अधिकारी, एजेंट, प्राधिकरण के कचरा संग्रहण वाहनों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम, डुगडुगी एवं अन्य माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने जनता और मीडिया से अपील की कि अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान से जोड़कर सुनिश्चित करें कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल हो।

उन्होंने इंडस्ट्री, शैक्षणिक संस्थान और मीडिया क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविर के संबंध में बताया कि इंडस्ट्री क्षेत्र में प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों जैसे सैमसंग, एलजी, डिक्सन, वीवो, ओप्पो, केन्ट, सीएनएच, बीपीएल, मदरसन, यूफ्लेक्स, शीला फोम, बीकानेर, हल्दीराम, सूर्यफूड, विक्टर फूड, एलेनटेक, यूटीएल सोलर, एक्का समूह, केआरबीएल, लक्ष्मी समूह, डेंसो समूह, मिंडा समूह, ग्रेजियानो, पीपीएपी ऑटोमोटिव, IEA office site B दादरी सूरजपुर रोड, तथा यामाहा समूह आदि में आयोजित किए जाएंगे, ताकि कर्मियों और श्रमिकों को उनके कार्यस्थल पर ही निर्वाचन संबंधी सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

साथ ही, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन संस्थानों में एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा कैंपस, एक्यूरेट इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ग्रेटर नोएडा, एस्टर कॉलेज ऑफ एजुकेशन ग्रेटर नोएडा, बेनेट यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, चेतराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन ग्रेटर नोएडा, डायट दादरी, द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गलगोटिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ग्रेटर नोएडा, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, जीएनआईओटी इंस्टिट्यूट, जीएनआईटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ग्रेटर नोएडा कॉलेज ऑफ लॉ, आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आईआईएमटी पॉलिटेक्निक, इनोवेटिव कॉलेज ऑफ फामेर्सी, केसीसी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी, शारदा यूनिवर्सिटी, शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज, शारदा नर्सिंग स्कूल, लॉयड बिजनेस स्कूल, लॉयड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग तथा लॉयड कॉलेज ऑफ लॉ आदि शामिल हैं।

इसी प्रकार, जिले के प्रमुख मीडिया संस्थानों में भी शिविर आयोजित कर मीडिया कर्मियों को उनके कार्यालय परिसर में ही नामांकन, संशोधन तथा सत्यापन से संबंधित सभी निर्वाचन सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ये शिविर हिन्दुस्तान, आइकॉन बिल्डिंग, फिल्म सिटी नोएडा, आजतक, एफसी 08, सेक्टर 16ए फिल्म सिटी, न्यूज 24, एफसी 23, सेक्टर 16ए, टाइम्स नाउ, एफसी 06, सेक्टर 16ए, दैनिक जागरण, डी 210-211, सेक्टर 63, अमर उजाला, सी 21-22, सेक्टर 59, इंडियन एक्सप्रेस, ब्लॉक बी/बी, सेक्टर 10, इंडिया टीवी, बी 30, सेक्टर 85, नेटवर्क 18, स्काईमार्क वन, सेक्टर 98, टावर ई, फ्लेट 18, प्लॉट एनएचझ10ए, जी समूह, एफसी 19, सेक्टर 16ए, एनडीटीवी, प्लॉट सीसीसी, सेक्टर 129, एबीपी न्यूज, प्लॉट ए-3, ए-5, ए-4 क्लब 125, सेक्टर 125, आर भारत, एफसी 06बी, 07एआरएफ गोलावल्ली, सेक्टर 158, न्यूज नेशनल, प्लॉट 114, सेक्टर 126, भारत 24, डिस्कवरी टावर, रानी रामगढ़ रोड, सेक्टर 62 तथा न्यूज वन इंडिया, बी 131, सेक्टर 63 में लगाए जाएंगे। इन सभी प्रयासों से पुनरीक्षण कार्य को सरल, सुगम और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार, श्रम विभाग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विभाग के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। सौजन्य से जिला सूचना कार्यालय गौतम बुद्ध नगर।

# दिल्ली के करोल बाग झंडेवालान मंदिर के पास गरीबों के आशियाने पर चला एमसीडी का बुलडोजर मंदिर मजार को भी बनाया निशाना

नई दिल्लीः देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर बुलडोजर की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। दिल्ली नगर निगम का पीला पंजा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ



चला है। दरअसल दिल्ली के झंडेवालान देवी मंदिर के पास मंदिर और दरगाह बाबा श्री रतन नाथ जी पेशावर वाले के आसपास बने अतिक्रमण को हटाया गया है।बता दे की झंडेवालान देवी मंदिर और आर एस एस, दफ्तर के पीछे बना हुआ पुराने घर और उनकी कुछ दुकानों को ध्वस्त कर दिया , जिससे स्थानीय लोगों में केन्द्र सरकार के प्रति नाराजगी देखी गई।पिडित लोगों ने बताया कि यहां पर आजादी के समय से ही रह रहे थे।इन लोगों का दावा है कि विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए परिवारों को यही बसाया गया था और वे तब से यही रह रहे थे, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान उनके वर्षो पुराने घर गिरा दिए गए और मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि डीडीए और दिल्ली पुलिस ने इसे खारीज करते हुए कहा कि मंदिर को किसी प्रकार की क्षती नहीं पहुंचाई गई है। क्या कहते हैं विधायक। अचानक हुई बुलडोजर की कारवाई को लेकर स्थानीय का गुस्सा फूट पड़ा और आम आदमी पार्टी ने विधायक विषेश रवि के नेतृत्व में कार्यकर्ता ओ के साथ जमकर विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठियां भी बरसाईं और विधायक विषेश रवि समेत कई लोगों को हिरासत में ले लिया। विषेश रवि ने कहा कि मंदिर मंदिर करने वाले मंदिर के दुश्मन बन गए हैं, भाजपा की सरकार ने हर श्री नाथ मंदिर झंडेवालान पर बुलडोजर कारवाई कर दी।

# वीर साहसी व जांबाज पुलिस कर्मियों का किया गया सम्मान।

समाज जागरण

कानपुर विशेष संवाददाता। अमर उजाला भवन में आयोजित इस सम्मान समारोह में वीर साहसी व जांबाज पुलिस कर्मियों की खुले दिल से तारीफ की गई। याद किया गया 28 नवंबर का दिन। जब रामादेवी पुल पर अचानक बस में लगी आग पर काबू पाने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए अपनी वीरता और साहस का परिचय दिया। उपनिरीक्षक विरेंद्र सिंह यादव 700 मीटर दौड़ कर जलती हुई बस के पास पहुंचे। और बेखबर यात्रियों को तुरंत जगाया। उनके साथ आए यातायात पुलिस लाइन के पुलिस कर्मियों ने रेस्क्यू कार्य शुरू किया वहीं एक एक यात्री को सुरक्षित नीचे उतारा गया। उसके तुरंत बाद टायर और डीजल टैंक फटने से 4 बड़े धमाके हुए। वीर साहसी पुलिस कर्मियों ने जान पर खेल कर 40 से ज्यादा ज़िंदगी बचाई।टीआई राजेश



कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह यादव, मुख्य आरक्षी महेश बाबू,आरक्षी पुष्पेंद्र कुमार, आरक्षी साहिल खान को उनके अदम्य साहस और जांबाजी के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आशुतोष कुमार, स्टाफ ऑफिसर अमरनाथ यादव सहित अमर उजाला परिवार के समस्त कर्मचारी व संपादक मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक, शपथ भी दिलाई गई

समाज जागरण

श्रावस्ती। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार 1 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक चलाए जा रहे यातायात माह के तहत आज दिनांक 29 नवंबर 2025 को जनपद श्रावस्ती में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती श्री राहुल भाटी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, प्रभारी यातायात श्री मो. शमीम द्वारा थाना सिरसिया क्षेत्र के पंडित ब्रह्मदत्त एसएस पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।





कार्यक्रम के दौरान छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति में वाहन न चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग न करने सहित सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों से अवगत कराया गया। साथ ही शासन द्वारा संचालित राह-वीर योजना एवं इसके अंतर्गत मिलने वाले प्रोत्साहन के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रभारी यातायात द्वारा बच्चों को यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए और सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर थाना सिरसिया मिशन शक्ति प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा, यातायात माह के तहत जनपद के विभिन्न चौराहों, तिराहों एवं बाजार क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए अधिक शमन शुल्क भी अधिरोपित किया गया।

# खनन माफियाओं की गाड़ी की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

## (कुछ दिन पूर्व "दैनिक समाज जागरण" की खबर के बाद अगर, जिम्मेदार चेत जाते तो शायद टल जाता यह दर्दनाक हादसा)

समाज जागरण

लोनी, 30 नवंबरः क्षेत्र में बढ़ते अवैध रेत खनन के मामले में "दैनिक समाज जागरण" अखबार में कुछ ही दिन पूर्व प्रमुखता के साथ छापा गया था. मगर उसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इसकी अनदेखी करना ही शायद दो युवकों की मौत का कारण बन गया। यानिकि रविवार दोपहर के समय रेत माफियाओं की कथित डंपर गाड़ी की चपेट में आने से दो युवकों-शरीफ पुत्र फिरोजुद्दीन और आरिफ पुत्र आसिद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों के बीच रोष व्याप्त है जिनके द्वारा प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक भारी वाहन अवैध रेत खनन के लिए खान की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन ट्रोनिका सिटी से बदरपुर गांव जाने वाले मार्ग पर पहुंचा, उसी समय सामने से आ रही मोटरसाइकिल पर बैठे शरीफ और आरिफ को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने के बाद घटना स्तर पर पहुंची पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया, हालांकि जब तक उसका चालक मौके से फरार होना बता जा रहा



है। सूत्रों की माने तो इस हादसे के बाद खनन माफिया मृतकों के परिजनों से संपर्क कर रहे हैं और समझौते के नाम पर दबाव बना रहे हैं, ताकि मामला दर्ज न हो और आरोपी बच निकलें। समाचार लिखे जाने तक घटना की एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी, जिससे संदेह गहरा रहा है कि मामला दबाने की कोशिश चल रही है।

**पूर्व में भी हो चुकी शिकायतें, नतीजा- शून्य**

ऐसा नहीं है कि अवैध रेत खनन के मामले में पहले कोई शिकायत न की गई हो। क्षेत्र के सुंगरपुर, पचायरा, नौरसपुर और हिंडन नदी तटों पर लंबे समय से रात के अंधेरे में अवैध खनन किया जा रहा है। मामले में अन्य शिकायतकर्ताओं को छोड़ दे तो कुछ ही दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन (अनाज) ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर इस अवैध कार्य को रोकने की मांग की थी। इस मामले में शिकायत चौकी स्तर से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक भेजी जा चुकी है, लेकिन धरातल पर आज तक कोई भी कार्रवाई नजर नहीं आई। यही कारण है कि खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम बड़े वाहनों के साथ दौड़ते नजर आते हैं।

**प्रशासन की भूमिका संदिग्ध**

नागरिकों का मानना है कि यदि समय रहते खनन विभाग पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन के अधिकारी "दैनिक आज समाज अखबार" की खबर पढ़ने के बाद इस कार्य पर नकेल कसते, तो शायद आज दो परिवारों को अपने बेटों की लाश नहीं उठानी पड़ती।

अब देखना यह है कि क्या सरकार और प्रशासन इस घटना का संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा, या यह मामला भी पहले की तरह फाइलों में गम होकर रह जाएगा।

घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश है, लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन जनभावनाओं के साथ खड़ा होता है या खनन लॉबी के दबाव में यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला जाता है. जो एक तरह से उनकी संदिग्ध कार्य प्रणाली का भी जवाब होगा।

# फर्जी उत्तर प्रदेश पुलिस बनकर 30 हजार की वसूली मांगने वाला गिरफ्तार

**धमकी दी—पैसे नहीं दिए तो झूठे मुकदमे में फँसाकर जान से मरवा दूँगा आरोपी पर पहले से भी कई मुकदमे**

**समाज जागरण**

संभल। थाना असमोली क्षेत्र में एक युवक द्वारा खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का सिपाही बताकर अवैध वसूली करने और धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीड़ित भोलू पुत्र पीरबख्श, निवासी शाहबाजपुर कला, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे सलमान उर्फ मुबारिक निवासी नहरोला उसके घर पहुंचा। उसने अपने आपको उत्तर प्रदेश पुलिस का सिपाही बताते हुए 30 हजार रुपये की मांग की।

पीड़ित के मना करने पर आरोपी ने उसे झूठे मुकदमे में फँसाने और जान से मरवा देने की धमकी दी।

तहरीर के आधार पर थाना असमोली



पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

एसपी संभल कृष्ण कुमार, अरढ व क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप सिंह के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार की टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी।

पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी सलमान उर्फ मुबारिक को मनोटाझ चौधपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, धमकी और अन्य धाराएँ शामिल हैं। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से फर्जी और उत्तर प्रदेश पुलिस का लोगो और उत्तर प्रदेश पुलिस लिखी कैप भी बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सम्भल में 650 जोड़ों का हुआ विवाह, प्रभारी मंत्री ने दिया आशीर्वाद

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बड़ा मैदान निकट कलक्ट्रेट परिसर बहजोई में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी एवं भुवनेश राघव ने प्रतिभाग किया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री तथा विशिष्ट अतिथि गणों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा जनपद सम्भल प्रशासन की




नयी परम्परा पंचोपचार के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गया गया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत सामूहिक विवाह के लिए हुए पंजीकरण एवं विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, उन्होंने शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की सराहना की तथा उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बहुत ही संवेदनशील है सरकार के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनकल्याण से संबंधित योजनाएं चलायी जा रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। प्रत्येक योजना को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मा. प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति द्वारा विवाह के बंधन में बंधने वाले जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं तथा उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही बड़ा समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अब बेटियों के विवाह पर 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। प्रत्येक जिला में इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है यह शासन की सोच को दिखाता है कि सरकार गरीब परिवारों के हित के लिए कितना सोच रही है।उन्होंने कहा कि अगर कोई परिवार अपने घर पर शादी करता है तो उसमें परिवार एवं उसके आसपास के लोग ही सम्मलित हो पाते हैं परन्तु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत अगर कोई परिवार शादी करता है तो उस नव विवाहित जोड़े को जनप्रतिनिधि, मंत्री ,जिला प्रशासन आदि आशीर्वाद देने आ रहे हैं । शासन आम व्यक्ति के सभी हितों का ध्यान रखती है तथा योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को हर चिंता से मुक्त करने का कार्य करती है। शासन द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ यह कार्य किया जा रहा है। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री तथा मा. जिला पंचायत अध्यक्ष तथा सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा मंच से नव वर बधु को एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर उनको आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडगवंशी तथा भुवनेश राघव द्वारा भी संबोधित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत 650 जोड़ों का सामूहिक विवाह उनके सामाजिक / धार्मिक मान्यता परम्परा रीति रिवाज के अनुरूप आज सम्पन्न हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकासखंड तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर हिन्दू एवं मुस्लिम आवेदन प्राप्त हुई तथा कार्यक्रम में बायोमैट्रिक्स के आधार पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आयोजन में सम्मिलित होने वाले जोड़ों की उपस्थिति करायी गयी।

इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# श्री कल्कि महोत्सव में हिंदू जागृति मंच करेगा पूर्ण सहयोग-अजय शर्मा

**समाज कल्याण**

सं।श्री कल्कि महोत्सव में 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक होने वाली श्री कल्कि कथा कार्यक्रम में हिंदू जागृति मंच तन मन धन से पूर्ण सहयोग करेगा। ऐसा मंच की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया।

तिरंगा मार्केट में संपन्न हुई हिंदू जागृति मंच की बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि संभल के श्री कल्कि धाम में 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक होने वाली श्री कल्कि कथा जिसका वाचन परम पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी करेंगे इस कार्यक्रम में पूरी तरह से तन मन धन समय और हर ऊर्जा के साथ सहयोग किया जाएगा।

हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल के नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से आमंत्रण पत्र दिए जा चुके हैं। प्रतिदिन राम भक्तों, कल्कि भक्तों को एकत्र करके कल्कि महोत्सव में ले जाना और जिम्मेदारी से उन सभी भक्तों को वापस उनके घर तक पहुंचाने की योजना हिंदू जागृति मंच द्वारा बनाई गई है।

डॉ अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि विश्व विख्यात महान संत परम पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज का कल्कि धाम में आगमन सदैव स्मरणीय रहे इसके लिए उनके मुखारविंद से होने वाली श्री कल्कि कथा में हम सभी आस्थावान जनों का पूर्ण सहयोग होना चाहिए। इसके लिए हिंदू जागृति मंच का प्रत्येक सदस्य अपनी पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा। तय किया गया की संभल के रिलायंस पेट्रोल पंप पर निशुल्क वाहन व्यवस्था तैयार रहेगी और प्रतिदिन यहां से 12:00 बजे कल्कि धाम को निशुल्क वाहन जाएंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को सुंदर भव्य उत्तम व्यवस्था के साथ स्मरणीय बनाने के लिए हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्य तन मन धन समय अर्पित करेंगे। बैठक में मीनू रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, अमित शुक्ला, सुभाष चंद्र शर्मा, दुर्वेश सैनी, अमित वार्ष्णेय, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, साहिल गांधी, सुभाष चंद्र मोंगिया, रानी मोंगिया, सुनीता यादव, आशा गुप्ता, ज्योति गुप्ता, कपिल गुप्ता, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अरुण कुमार अग्रवाल आदि ने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता डॉ.अरविंद कुमार गुप्ता ने की तथा संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

# स्वर्गीय रमेशचंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्प लता माहेश्वरी की स्मृति में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान मे कार्यक्रम आयोजित हुआ

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद स्वर्गीय रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्प लता माहेश्वरी की स्मृति में राधे राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद लिए गए गांव में 85 गर्भवती महिलाओं को खाने की सामग्री और प्रोटीन के डिब्बे बांटे गए।

ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर स्थित सचिवालय में कुपोषण के खिलाफ एक जंग जच्चा बच्चा रक्षा विषय पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर डॉ प्रवीण लता नय्यर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जरूरतमंद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों की जांच भी की गई और




उनसे ठंड के मौसम में सावधानी बरतने का आह्वान किया गया ।

अंत में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने कार्यक्रम कहा कि आगे भी समय-समय पर होते रहेंगे कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया वही कार्यक्रम संयोजक विवेक माहेश्वरी और निशा महेश्वरी ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रीना और संचालन वरिष्ठ कवि तथा साहित्यकार प्रदीप डेजी ने किया

इस अवसर पर विजय माहेश्वरी निशा महेश्वरी, देवेंद्र कुमार, आरती वर्मा, संदीप महेश्वरी, ममता देवी ,सावित्री देवी, रिशु अग्रवाल, नीलम हांडा, रजनी तागरा, अंजु अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल आदि उपस्थित थे

# भाजपा कार्यकताओं ने सुना प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं ने अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड सुना जिसमें प्रधानमंत्री जी के द्वारा बताई गई अनेक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 128 वें एपिसोड में नवंबर महीने की प्रमुख घटनाओं और उपलब्धियों को देश के सामने रखा और कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया. उन्होंने संविधान दिवस पर



सेंट्रल हॉल के कार्यक्रम, वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने, अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा के आरोहण और कुरुक्षेत्र में पांचजन्य स्मारक के लोकार्पण का जिक्र किया शीतकाल में पहाड़ी क्षेत्रों मे बढ़ रहे पर्यटन की अपेक्षा की सराहना की इसके उपरांत गांव में जनसंपर्क कर गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपने-अपने फॉर्म जमा करने की अपील की भागूवाला मंडल के राहतपुर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 110 राजारमपुर तुलसी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह एवं चेयरपर्सन किसान सहकारी समिति सनोज देवी के आवास पर आदित्य मलिक, युवी चौधरी, सुमित गुर्जर, नरपाल सिंह, अर्णव चौधरी,बूथ संख्या 128 पर सीमा कर्णवाल,दीपक कर्णवाल ने कार्यकताओं के साथ,बूथ संख्या 136 साहनपुर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, संजीव भुईयार,तासिम राइन,137 जाटान साहनपुर पर अनुज काकरान, महामंत्री सचिन देशवाल ने,105 राहतपुर पर महामंत्री कपिल राजपूत,बूथ अध्यक्ष केशव पाल, रघुनाथ सिंह,111 मुस्सेपुर पर संजीव गुज्जर, जयपाल सिंह, संदीप कुमार, सतपाल सिंह आदि ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

# भाकियू टिकैत गुट ने दिखाई इंसानियत आग में सबकुछ खो चुके परिवार को दी राहत

**बेटियों की शादी का दहेज भी जलकर खाक, बढ़ापुर में लगा था भीषण आग का तांडव**

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर बढ़ापुर थाना क्षेत्र के पक्का तालाब गांव में पांच दिन पहले लगी भीषण आग ने एक गरीब परिवार की खुशियों पर पानी फेर दिया। आग की चपेट में आई तीन झोपड़ियां देखते ही देखते राख हो गईं। हादसे में परिवार का लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया, जिसमें अगले महीने होने वाली बेटियों की शादी के लिए तैयार किया गया दहेज भी शामिल था। अचानक हुई इस त्रासदी से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ऐसे कठिन समय में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) परिवार के सहारे के रूप में आगे आया। शनिवार को यूनियन के पदाधिकारी पूर्व युवा तहसील अध्यक्ष सोनू विर्क, डॉक्टर शाहबाज, योगेंद्र



कुमार, मास्टर दिलपाक, नौशाद अहमद और मोहम्मद मुतासिम मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई। यूनियन द्वारा दी गई राहत सामग्री में चार चारपाई, चार लिहाफ, जरूरत के बर्तन, अनाज और दालें शामिल थीं। राहत मिलने से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने भी भाकियू टिकैत गुट के इस कदम की खुलकर सराहना की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत चुनाव नजदीक हैं, लेकिन ऐसे समय में जहां वोट मांगने वाले हर दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं, वहीं इस दुख की घड़ी में कोई जनप्रतिनिधि अभी तक नजर नहीं आया। किसान यूनियन ने बिना स्वार्थ गरीब परिवार के साथ खड़े होकर इंसानियत की मिसाल पेश की है।

# बिजनौर में युवक पर बेल्ट-डंडों से हमला: स्योहारा थाने में तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा क्षेत्र में एक युवक पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा बेल्ट और डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। मुस्लिम चौधरियान निवासी अजीम खान ने स्योहारा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में अजीम खान ने बताया कि रविवार दोपहर लगभग 11 बजे वह शुगर मिल पंप से पेट्रोल लेने के बाद मुरादाबाद रोड स्थित रिलायंस पंप के पास पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात युवकों ने उनकी मोटरसाइकिल पर डंडा




मारकर उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, रुकते ही आरोपियों ने उन्हें गालियां दीं और बेल्ट, डंडों, लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उनकी जेब में रखे कुछ रुपये भी गिर गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी ये ही आरोपी उनका मोबाइल फोन छीन चुके हैं।

अजीम खान ने पुलिस को बताया कि उन्हें आरोपियों से जान-माल का खतरा है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में रोमांचक घटना गुस्साए हाथी ने किया जिप्सी का पीछा, पर्यटक बाल-बाल बचे

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान रविवार को एक खतरनाक घटना होते-होते बच गई। अचानक गुस्सा हुए एक टस्कर हाथी ने पर्यटकों से भरी जिप्सी का तेजी से पीछा कर लिया। हालांकि चालक की सूझबूझ और फुर्ती से सभी लोग सुरक्षित बच निकले। जानकारी के अनुसार, जिप्सी में बैठे पर्यटक जंगल में सफारी कर रहे थे। तभी झाड़ियों से निकला एक विशाल हाथी गुस्से में सीधा जिप्सी की ओर दौड़ पड़ा। मौके पर मौजूद स्टाफ कुछ समझ पाता उससे पहले ही चालक ने तुरंत वाहन की रफ्तार बढ़ाई और सभी को सुरक्षित दूरी पर ले




गया। जिप्सी में मौजूद वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ए. आर. रहमान ने पूरे हादसे को कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में स्पष्ट दिखाई देता है कि हाथी जिप्सी के बिल्कुल करीब पहुंच गया था और जरा-सी चूक बड़ा हादसा बन सकती थी। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों का ऐसा व्यवहार कभी-कभी देखा जाता है, लेकिन इस तरह का पीछा करना दुर्लभ माना जाता है। विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है और रिजर्व क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोग चालक की बहादुरी और त्वरित निर्णय की खूब सराहना कर रहे हैं।

# बिजनौर कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी को सजा सुनाई किशोरी से दुष्कर्म मामले में 10 साल कैद और 51 हजार जुमार्ना

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। बिजनौर की पॉक्सो एक्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कल्पना पांडेय ने किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी तफशीर को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 51 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी भालेंद्र राठौर ने बताया कि यह मामला 13 मई 2021 का है, जब नजीबाबाद थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी अचानक घर से लापता हो गई थी। पीड़िता के पिता ने थाने में अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच और बरामदगीपुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और विवेचना के



दौरान आरोपी तफशीर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लापता किशोरी को बरामद कर कोर्ट में पेश किया गया। किशोरी ने अपने बयान में खुलासा किया कि तफशीर ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। सभी साक्ष्यों की मजबूत जांच के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी पाया। न्याय का फैसलान्यायाधीश कल्पना पांडेय ने पॉक्सो एक्ट के तहत साक्ष्यों और बयानों के आधार पर यह सजा सुनाई, जो बाल यौन शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का उदाहरण है। बिजनौर में ऐसे मामलों में कोर्ट लगातार सख्त रुख अपना रही है।

# थाना गंजडुंडवारा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने युवक हत्या कांड का किया खुलासा

**समाज जागरण**

थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र में 22 नवंबर को हुए युवक आवेश शाक्य की हत्या के मामले का पुलिस ने सफल अनावरण कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने मामले में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त असलहा, कारतूस, बाइक तथा मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### घटना का विवरण

वादी हरिश्चन्द्र शाक्य निवासी ग्राम खरपरा ने 23 नवंबर को पुलिस को सूचना दी कि उनका पुत्र आवेश शाक्य 22 नवंबर की सुबह गंजडुंडवारा बाजार गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह करीब 9 बजे आवेश का शव गनेशपुर नहर की कच्ची पटरी के किनारे पड़ा मिला। अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या की आशंका पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की।



### अनावरण व गिरफ्तारी

घटना के खुलासे हेतु सीओ पटियाली संदीप वर्मा के नेतृत्व में गंजडुंडवारा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की टीम गठित की गई। 29 नवंबर को टीमों ने तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तार अभियुक्त

अमन सिंह उर्फ अभय प्रताप सिंह, निवासी ग्राम खिजरपुर, थाना सुन्नगढ़ी, कासगंज – हाजी रशीदन स्कूल के पास से गिरफ्तार।

बरामदगीः मृतक का टूटा मोबाइल, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस (315 बोर), घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल।

नवनीत शाक्य, निवासी मऊ रशीदाबाद, थाना कायमगंज, फरुर्खाबाद – अमीर खुसरो स्कूल के पास से गिरफ्तार।

बरामदगीः एक मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस (315 बोर)।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने आवेश की हत्या उसके परिजनों व विपक्षी पक्ष से रुपये ऐंठने की योजना के तहत की थी।

बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 3(5) बीएनएस, तथा 3/25/27 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### इस कार्रवाई में शामिल अधिकारी

मुख्य भूमिका – पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, सीओ पटियाली संदीप वर्मा, थाना गंजडुंडवारा पुलिस, एसओजी टीम और सर्विलांस सेल।

# फतेहपुर गांव में संक्रमण का प्रकोप: 100 मवेशी बीमार, तीन की मौत

**पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने किया उपचार व टीकाकरण**

**समाज जागरण**

सहावर तहसील क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में मवेशियों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। गांव में लगभग 100 मवेशी बीमार हो चुके हैं, जबकि तीन मवेशियों की मृत्यु होने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है। अचानक बढ़े संक्रमण से पशुपालकों में भय और चिंता का माहौल है।

पशु चिकित्सा विभाग को सूचना मिलते ही टीम गांव में पहुंची और बीमार मवेशियों का उपचार करते हुए खुरपका-मुंहपका का टीकाकरण कराया। विभाग के मुताबिक कई पशुओं में फुट रॉट बीमारी के लक्षण दिख रहे हैं, जिसके चलते मवेशियों के खुर पकने और चलने में परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई मवेशियों की हालत लगातार बिगड़ रही है और संक्रमण तेजी से फैल रहा है। वे विभाग से नियमित निगरानी और दवाइयों की उपलब्धता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विजयवीर चंद्रयाल ने बताया कि पशु चिकित्सकों की टीम गांव में भेज दी गई है। संक्रमित मवेशियों और आसपास के पशुओं का टीकाकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि फुट रॉट के लक्षण वाले जानवरों की विशेष देखभाल और समय पर दवा से स्थिति नियंत्रित की जा सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मवेशियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# अबूपुरा में नवनिर्मित पुलिया ढही, दर्जनभर गांवों का आवागमन ठप

**ग्रामीणों ने घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग पर उठाए सवाल**

**समाज जागरण**

सहावर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अबूपुरा में आठ दिन पहले बनी पुलिया फिर से ढह गई, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी इस पुलिया को ग्रामीणों की बार-बार की गई मांग के बाद सिंचाई विभाग ने नया निर्माण कराकर ठीक किया था। लेकिन निर्माण पूरा होने के कुछ ही दिनों बाद पुलिया दोबारा गिर जाने से ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पुलिया निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण पुलिया टिक नहीं पाई। क्षेत्र के लोग अब इसे विभागीय लापरवाही और खराब कार्यशैली का परिणाम बता रहे हैं।

### दर्जनभर गांवों का मार्ग हुआ बाधित

इस पुलिया से बहापुर, इतवारपुर, नौपति, लखमीपुर, द्वारिकापुरी, हीरापुर, तिदरी नगला, नगला हर्राजपुर, नगरिया आदि गांवों का मार्ग जुड़ा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ-साथ जहांगीरपुर इंटर कॉलेज के विद्यार्थी भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। पुलिया ढहने से राहगीरों, बाइक और छोटे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित है।

### ग्रामीणों की नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया एक वर्ष से अधिक समय से क्षतिग्रस्त थी और कई बार सिंचाई विभाग तथा समाधान दिवस पर ज्ञापन देकर इसके निर्माण की मांग की गई, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मांग करने वालों में ओमप्रकाश, गोपी, राजेंद्र सिंह, अशोक कुमार, चंद्रभान सिंह, लाखन पंडित, डॉ. राजेंद्र सहित कई लोग शामिल रहे।

अब जब पुलिया के पुनर्निर्माण के कुछ ही दिन बाद फिर से ढह गई, तो ग्रामीणों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए जिला प्रशासन से तुरंत पुलिया के मजबूत निर्माण की मांग की है।

यदि आप चाहें, तो मैं इसे संक्षिप्त, टीजर हेडलाइन, या सोशल मीडिया पोस्ट के रूप में भी तैयार कर सकता हूँ।

# रंगशाला की जीप से टकराई बाइक, एक युवक की मौत; दूसरा गंभीर

**समाज जागरण**

सहावरझसोरों मार्ग पर स्थित इस्लामिया इंटर कॉलेज के पास देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सोरों से अपने गांव लौट रहे दो श्रमिकों की बाइक रंगशाला की जीप से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहा युवक जीप के बोनट में फंस गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में मृतक की पहचान पुष्पेंद्र (22) पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम लच्छिमपुर, तथा घायल युवक की पहचान मुनीश (20) पुत्र जय सिंह के रूप में हुई है। दोनों मजदूरी का काम करते थे और सोरों से काम समाप्त कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे।

जैसे ही वे इस्लामिया इंटर कॉलेज के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही रंगशाला की जीप से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक पुष्पेंद्र उछलकर जीप के बोनट में फंस गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा मुनीश गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सहावर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल मुनीश को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया।

इंस्पेक्टर क्राइम बृज किशोर सिंह ने बताया कि बाइक और जीप को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुखबिरी के शक में ग्रामीण पर धारदार,हथियार से हमला, गंभीर हालत मे रेफर

## --जमानत पर छुटकर आए मादक पदार्थ तस्कर ने दिया घटना को अंजाम पुलिस को दी खुली चुनौती

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत में स्मैक तस्कर ने अपने भाइयों के साथ मिलकर मुखबिरी करने के शक में पड़ोसी व्यक्ति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने घायल को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर किया है।घायल के भाई ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने तीनों जनपद की पुलिस को ऑपरेशन सवेरा चला कर क्षेत्र को नशा मुक्त करने के निर्देश दे रखे हैं।मगर पुलिस खाना पूर्ति कर रही हैं। मादक पदार्थ तस्कर खुलेआम पुलिस को चुनौती देकर अपना काला कारोबार कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो नगर एवं क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्कर पूर्ण रूप से सक्रिय हैं और खुलेआम स्मैक, गांजा, सुल्फा, शराब सहित आदि मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। ताजा उदाहरण थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में देखने को मिला। लगभग एक माह पूर्व कैराना पुलिस ने गढ़ी दौलत निवासी स्मैक तस्कर इमरान को लाखों की स्मैक सहित गिरफ्तार किया था।और अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी तस्कर फिर से अपने कारोबार में लगा हुआ है।स्मैक तस्कर इमरान का शक है कि उसके पड़ोसी मेहरबान पुत्र लियाकत ने पुलिस से उसकी मुखबिरी की थी। मुखबिरी के शक में आरोपी ने शनिवार की देर शाम अपने दो अन्य भाइयों के साथ मिलकर घर पर बैठे पीड़ित व्यक्ति मेहरबान पर लाठी डंडे पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला बोल दिया। शौर शराबा होने पर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में पीड़ित व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकि त्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। घायल के भाई कुर्बान ने थाने पर पहुंचकर आरोपी मादक पदार्थ तस्कर सहित उसके अन्य दो भाइयों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**ऑपरेशन सवेरा पड़ा फीका मादक पदार्थ तस्करों का बोलबाला**

कांधला। डीआईजी के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सवेरा पर पुलिस मादक पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम हो रही है। कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर पुरुषों सहित महिला व बच्चे भी मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के काई गांव में खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। पुलिस के द्वारा ढीला रवैया अपनाने से मादक पदार्थ करो का बोलबाला है और मादक पदार्थ तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मादक पदार्थ तस्कर की दबंगई देखने को मिली मादक पदार्थ तस्कर ने खुलेआम एक ग्रामीण को चुनौती देते हुए धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वारदात को लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई भी सफलता नहीं लगी पुलिस का ढीला रवैया होने से नगर एवं क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पुलिस ने आधा दर्जन वारंटी व जुआरी किए गिरफ्तारी

**समाज जागरण कांधला।**

पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग पर एक मैरिज होम के निकट जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। दूसरी और पुलिस ने तीन वारंटी भी गिरफ्तार किए हैं। शनिवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि कैराना मार्ग एक मैरिज होम के निकट जुआरी,जुआ खेल रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने, कस्बा निवासी याकूब, अरशद एवं अब्दुल कादिर को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से हजारों की नगदी व ताश के पत्ते बरामद हुए। दूसरी और पुलिस के द्वारा विशेष अभियान में पुलिस ने वारंटी नई बस्ती निवासी इस्लाम, गढ़ी दौलत निवासी दाऊद व गांव गढ़ी श्याम निवासी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला ने सगी बहन पर लगाया मारपीट का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

क्षेत्र के गांव गढ़ीरखा निवासी महिला कलावती पत्नी ब्रजपाल ने अपनी सगी बहन संगीता पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।पीड़िता ने बताया की उसके पति ब्रजपाल के साथ अवैध संबंध होने को लेकर दोनों के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी है। आरोप है कि शाम के समय कलावती जब घर पर अकेली बैठी थी, तभी संगीता अचानक घर में घुस आई और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर उसने कलावती के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।शोर सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देख आरोपी बहन फरार हो गई। घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय विद्यार्थी संगम ने सर्दी में बच्चों को बांटी 400 जर्सियां

**समाज जागरण**

शामली। कड़ाके की ठंड के बीच भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा रविवार को जरूरतमंद विद्यालयी बच्चों के लिए 400 जर्सियों का निशुल्क वितरण किया गया। जर्सी वितरण कार्यक्रम रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण शिशु मंदिर, दासीवाला पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन दिव्य




प्रभाकर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह आर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष राजपाल आर्य, राजीव जैन, यशपाल पवार, मुकेश गर्ग एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। कहा कि भारतीय विद्यार्थी संगम हर वर्ष सर्दी के मौसम में बच्चों के लिए जर्सी वितरण कर मानव सेवा का सराहनीय कार्य करती है। संस्था के अध्यक्ष अनुराग जैन ने बताया कि आज 400 बच्चों को जर्सियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वैभव संगल, संरक्षक नितिन वर्मा, रमेश नामदेव, नवीन अरोड़ा, अनिल बंसल, रवि संगल, राकेश शर्मा, विकास शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, मुकेश वर्मा, रामनिवास सैनी, श्यामलाल आदि मौजूद रहे।

## सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा जर्सी एवं टोपी वितरण कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

शामली। नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना को साकार करते हुए सर्व सेवा सम्मान समिति ने रविवार को गांव नोजल के सरकारी प्राइमरी स्कूल नंबर-1 नोजल में विद्यार्थियों को जर्सी एवं टोपे वितरित किए।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने निशुल्क जर्सी वितरण के दौरान समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए किए जा रहे कार्य वास्तव में प्रशंसनीय हैं। कहा कि गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलकर वे आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर, आई



पीएस अधिकारी आदि बनकर देश-समाज का नाम रोशन कर करे। संस्था द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही स्कूल के लिए बेंच और मेज की व्यवस्था की जाएगी।मौके पर अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग, मनुज कांबोज, जगदीश प्रसाद, अजय गर्ग, अंकुर आर्य, संदीप विश्वकर्मा, रवि कुमार, अंकित, कविता, सुरेंद्र बंसल, वीरेंद्र संगल, आयुष गोयल, सतीष गोयल, गिरिश तायल, देवेंद्र धानिया, अमित गर्ग, अनिल कुमार, सचिन अरोड़ा, मोहित शिवाल आदि मौजूद रहे।

## सुबह में चली ठंडी हवा, ठंड का कराया अहसास

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

रविवार को सवेरे से ठंडी हवाओं का दौर जारी रहने से ठंड का प्रकोप बना रहा। ठंड बढने से लोगों ने गर्म कपडों का सहारा लिया है वही रात्रि में मौसम का तापमान लगातार गिरने से सडके वीरान दिखाई देने लगी है। रात्रि में कई चौराहों पर लोग आलाव के सहारे बैठे दिखाई दिये। रविवार को मौसम का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान पिछले एक सप्ताह में लगातार कम हुआ है। यदि न्यूनतम तापमान की बात करे तो पिछले एक सप्ताह में करीब 6 डिग्री सैल्सियस कम हुआ है। रविवार सुबह से ही सर्द हवाऐं चलती रही। दोपहर के समय तेज धूप जरूर निकली और दिनभर लोग धूप के सहारे बैठे रहे, लेकिन जैसे ही शाम हुई तो सर्द हवाऐं का दौर एक बार फिर शुरू हो गया था। ठंड से बचाव को लोग गर्म कपडों के सहारे समय व्यतीत करते रहे। रात्रि के समय ठंड का प्रकोप बढने से सडके वीरान हो गई थी। शहर के विभिन्न चौराहों पर लोग आलाव के सहारे बैठे रहे।

## मेगा मेडिकल शिविर में सैकड़ों मरीजों को दिया गया परामर्श

**समाज जागरण**

शामली। लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा पार्क हॉस्पिटल पानीपत के सहयोग से तालाब रोड स्थित जैन धर्मशाला में शिाल मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में हॉस्पिटल से पहुंचे अनुभवी चिकि त्सकों द्वारा परामर्श दिया गया।
कैंप का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष संजय संगल पार्क हॉस्पिटल, पानीपत के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ब्रिगेडियर यशपाल सिंह ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। मुख्य अतिथि अरविंद संगल ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम हैं। मेगा मेडिकल कैंप का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाऐ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। शिविर में पार्क हॉस्पिटल की



अनुभवी चिकित्सक डॉ. सचिन अबरोल यूरोलॉजिस्ट, डॉ. समीप एच. कोसती न्यूरोसर्जन, डॉ. नवदीप दहिया मेडिसिन फिजिशियन, डॉ. चंदर मोहन मित्तल कार्डियोवस्कुलर सर्जन, डॉ. मीनल वशिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट तथा डॉ. अजय वर्मा डेंटिस्ट ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में निशुल्क बीपी, शुगर, ईसीजी, स्पायरोमीटर, न्यूरोपैथी एवं नेत्र जांच की सुविधाऐं उपलब्ध कराई गईं। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। चिकित्सकों और स्टाफ को उत्कृष्ट सेवा के लिए मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर डा. अर्जुन वर्मा, अध्यक्ष गौरव मित्तल, तरुण जैन, विनीत गोयल, अभिलाष गुप्ता, अमित श्याम, अमित वर्मा, अरुण गर्ग, आशु गर्ग, आयुष्मान सिंघल, बबलू चौहान, भारत संगल, गौरव कालरा, मोहित वर्मा, डॉ. नीरज वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# भारत के निर्यात क्षेत्र में वृद्धि को गति देती श्रम संहिताएं

सभी श्रम संहिताओं में ह्लमजदूरीह्व की एक समान परिभाषा, विभिन्न और असंगत परिभाषाओं द्वारा पैदा की गई अस्पष्टता को समाप्त करती है। भर्ती और वेतन में लैंगिक आधार पर भेदभाव के निषेध का प्रावधान समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक सुनिश्चित करता है।
एकल पंजीकरण और एकीकृत रिटर्न के प्रावधान लाइसेंस और निरीक्षण की बहुलता को कम करते हैं।
पेशेगत सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित एक समान एवं व्यापक प्रावधान निर्यात से जुड़े उद्योगों तथा श्रमिकों को लाभान्वित करते हैं।
सभी कर्मचारियों को कवर करने वाले प्रावधानों के जरिए सामाजिक सुरक्षा का सार्वभौमिकरण।
एक सशक्त निर्यात क्षेत्र के लिए श्रम सुधार निर्यात के क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन नवाचार और दुनिया के साथ गहराई से जुड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास को दशार्ता है। नियातीन्मुखी उद्योग (ईओआई) - जिनमें वस्त्र, परिधान, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो कंपोनेंट और आईटी-आधारित सेवाएं शामिल हैं - भारत के रोजगार सृजन और विदेशी मुद्रा के अर्जन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता अंतर राष्ट्रीय श्रम मानकों का पालन करते हुए एक सुदृढ़, कर्तव्यनिष्ठ और कुशल श्रमबल को बनाए रखने की क्षमता पर बहुत अधिक निर्भर करती है। इस क्षेत्र के विकास की गति को उत्प्रेरित करने के हेतु, सरकार द्वारा हाल ही में 29 कानूनों को 4 सुव्यवस्थित संहिताओं में एकीकृत करने से एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ है, जो श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हुए औद्योगिक दक्षता को बढ़ावा देता है।

**नियातीन्मुखी उद्योगों / नियोक्ताओ के लिए लाभ**

यह श्रम सुधार भारत के निर्यात क्षेत्र के लिए अनेक लाभ लेकर आया है। खासकर, नियोक्ताओं के लिए अनुपालन को सरल बनाने तथा श्रमबल के बेहतर प्रबंधन को संभव बनाने के मामले में।

**मजदूरी संबंधी सुधार**

मजदूरी की एक समान परिभाषा- सबसे प्रभावशाली सुधारों में से एक सभी श्रम संहिताओं में ह्लमजदूरीह्व की एक समान परिभाषा को लागू करना है। यह प्रावधान पहले के कानूनों में विविध एवं असंगत परिभाषाओं से उत्पन्न अस्पष्टता को दूर करता है। कई राज्यों में कार्यरत ईओआई के लिए, यह वेतन संबंधी प्रशासन एवं अनुपालन को सरल बनाता है, जिससे सामाजिक सुरक्षा योगदान, बोनस और ग्रेच्युटी के लिए मजदूरी की गणना में एकरूपता सुनिश्चित होती है। राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी दर और न्यूनतम मजदूरी का युक्तिकरण- सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारित करने का प्रावधान एक ऐसा मानक स्थापित करता है, जिसके नीचे कोई भी राज्य अपना न्यूनतम मजदूरी निर्धारित नहीं कर सकता। विभिन्न राज्यों में कार्यरत ईओआई के लिए, यह श्रम की लागत से जुड़ी संरचनाओं के बारे में पूवार्नुमान प्रदान करता है और क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करता है। मजदूरी का डिजिटल भुगतान- मजदूरी के डिजिटल भुगतान को कानूनी मान्यता मिलने से पारदर्शी और पता लगाने योग्य भुगतान प्रणालियों को अपनाने को बढ़ावा मिला है। इससे ईओआई को सत्यापन योग्य भुगतान के रिकॉर्ड, जिसकी अक्सर वैश्विक खरीदारों और अनुपालन ऑडिट के लिए आवश्यकता होती है, को बनाए रखने की क्षमता का लाभ मिला है। समान पारिश्रमिक और भेदभाव का निषेध - भर्ती और मजदूरी के मामले में लैंगिक आधार पर भेदभाव का निषेध समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक सुनिश्चित करता है। ईओआई के लिए, यह प्रावधान घरेलू कार्यप्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय श्रम एवं मानवाधिकार मानकों, विशेष रूप से वैश्विक खुदरा व सोर्सिंग भागीदारों द्वारा मांगे गए मानकों के अनुरूप बनाता है। रोजगार संबंधी लचीलापन और श्रमबल का प्रबंधन निश्चित अवधि का रोजगार (एफटीई) - एफटीई का प्रावधान नियोक्ताओं को एक निश्चित अवधि या परियोजना के लिए सीधे कर्मचारियों की भर्ती करने की अनुमति देता है। इस सीधी भर्ती में स्थायी कर्मचारियों के समान सभी वैधानिक लाभ शामिल होते हैं। यह उन ईओआई के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो वैश्विक ऑर्डर चक्रों से जुड़ी उतार-चढ़ाव वाली या मौसमी मांग का सामना करते हैं। उद्योगों को अनौपचारिक या संविदात्मक नियुक्तियों का सहारा लिए बिना ही अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने या घटाने की सुविधा मिलती है, जिससे वे कानून का पालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के बीच अपनी सकारात्मक छवि बनाए रख सकते हैं।
छंटनी और तालाबंदी संबंधी मानदंडों में लचीलापन- छंटनी, काम से हटाने या बंद करने के लिए सरकार की पूर्व स्वीकृति की सीमा को 100 से बढ़ाकर 300 करने से उद्योगों को बदलते निर्यात ऑर्डर और वैश्विक बाजार की स्थितियों के अनुसार समायोजित करने हेतु संचालन संबंधी लचीलापन हासिल होता है। यह प्रावधान निर्यातकों को मंदी के दौरान अत्यधिक सख्ती के डर के बिना, अधिकतम मांग की अवधि के दौरान रोजगार बढ़ाने का भरोसा देता है। कामकाज का समय और ओवरटाइम का समय तय करने की छूट- सरकारों (राज्य/केन्द्र, जहां जैसा लागू हो) को कामकाज के समय की सीमा तय करने की पूरी छूट दी गई है। पहले यह सीमा एक तिमाही में 75 ओवरटाइम घंटे की थी, जिसे अब सरकारें (राज्य/केन्द्र, जहां जैसा लागू हो) तय कर सकती हैं। कामकाज के समय के मामले में यह छूट उद्योग जगत को अपनी व्यावसायिक जरूरतों, जिसमें अधिकतम ऑर्डर मिलने की अवधि भी शामिल है, के अनुरूप काम के घंटे तय करने में समर्थ बनाएगा। इससे विकास और रोजगार में भी वृद्धि होगी।

**सरलीकृत अनुपालन और व्यवसाय करने में आसानी**

सरलीकृत पंजीकरण व लाइसेंसिंग और एकीकृत रिटर्न- एकल पंजीकरण और एकीकृत रिटर्न के प्रावधानों की शुरूआत से विभिन्न श्रम कानूनों के तहत लाइसेंस और निरीक्षणों की बहुलता कम हो जाएगी। इससे ईओआई, जो अक्सर कई उत्पादन इकाइयां संचालित करते हैं या कई ठेकेदारों को नियुक्त करते हैं, को सरलीकृत अनुपालन और कम प्रशासनिक लागत का लाभ मिलेगा। अभिलेखों का डिजिटलीकरण और उनकी सुवाता (पोर्टेबिलिटी) - ये संहिताएं रोजगार संबंधी अभिलेखों, रजिस्टरों और रिटर्न के डिजिटल रखरखाव को बढ़ावा देती हैं। ईओआई, जिनका अक्सर विदेशी ग्राहकों और प्रमाणन एजेंसियों द्वारा ऑडिट किया जाता है, पारदर्शी और पता लगाने योग्य डिजिटल दस्तावेजीकरण के जरिए विश्वसनीयता हासिल कर सकेंगे।
निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और आकस्मिक डिजिटल निरीक्षण- इस प्रावधान का उद्देश्य पारंपरिक इंस्पेक्टर राज, जहां निरीक्षणों को अक्सर दखलंदाजी भरा और बोझिल माना जाता था, को कम करना है।

## थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड भारसी मोड़ के निकट थार गाड़ी चालक ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया है। रविवार को कैराना निवासी इंतजार एवं उम्रदराज अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बागपत जनपद के कस्बा बडौत जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ पर पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे



थार गाड़ी चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## भाजपा कार्यकताओं ने सुना पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम

**समाज जागरण कांधला।**

रविवार को कस्बे के दो स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 128 वें एपिसोड को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ. सिमरन एवं सभासद प्रदीप भार्गव के निवास पर किया गया। कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की कार्यशैली और उनकी दृढ़ राज नीतिक इच्छा शक्ति की सराहना की।वहीं मंडल कार्यालय पर भी मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन की अगुवाई में कार्यकताओं ने मन की



बात सुनी। डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री का संवाद देशवासियों के दिलों को छूता है और ऐसा प्रतीत होता है कि वे हर नागरिक से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में, दीपक गुप्ता, रवि नामदेव, पूजा सैनी, अशोक चौहान, अंकित शर्मा, राजीव शर्मा, डॉ. रामकुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यातायात जागरूकता माह का भव्य समापन समारोह आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) रविवार को शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में यातायात जागरूकता माह के समापन अवसर पर बोलते हुए पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने कहा कि यातायात माह में काटे गए चलान का उददेश्य नागरिकों को परेशान करना नही बल्कि उनको सुरक्षा के प्रति जागरूक करना होता है। इस दौरान उन्होने पूरे माह जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग देने वाले, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों, छात्र-छात्राऐं, समाज सेवियों को सम्मानित भी किया है। रविवार को शहर के दिल्ली रोड स्थित बारातघर में आयोजित याता यात माह जागरूकता समापन कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी एनपी सिंह, सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया, सीओ कैराना हेमंत कुमार, सीओ अपराध अमरदीप मौर्य, व्यापारी नेता अंकित गोंयल, घनश्यामदास गर्ग ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान यातायात माह में किये गये सराहनीय कार्य का विवरण सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया ने प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि



जनपद में कुल 75 स्कूलों व 11200 बच्चों, 12 स्वयंसेवी संस्थाओं व 1150 रिक्शा- टैम्पो, कामर्शियल वाहन चालको तथा 2150 पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात माह के दौरान कुल 17,167 चालान किये गये जिसमें हेलमेट धारण न करने वालो के विरूद्ध कुल 7452 चालान किये गये किये तथा समस्त चालानों में 7 लाख 78,800 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। एसपी एनपी सिंह ने कहा कि यातायात माह में चालान करने का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना रहता है न कि उनको परेशान करना। उन्होने कहा कि यातायात के नियमों के पालन करने से निश्चित ही सडक दुर्घटनाओं में कमी आती है। लापरवाही वाहन चालक की जान को जोखिम में डाल सकती है। इस दौरान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज और श्री सत्यनारायण इंटर कालेज के छात्र-छात्रओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा ने किया। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक लाल विराट भारद्वाज, शामली कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा, आईआईए के अध्यक्ष विशाल गुप्ता, चरण सिंह आदि मौजूद रहे।

## शहर में फैला स्मॉग, वायु प्रदूषण के कारण लोगों को बढी परेशानिया

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) आसमान में फैले स्मॉग से आंखों में जलन और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। आसमान में फैला घना स्मॉग, न सिर्फ दृश्यता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि लोगों को सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर प्रदूषण के स्तर ने खतरनाक सीमा को पार कर लिया है, जिसके कारण आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याऐं बढ़ रही हैं। कोहरे और प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राष्टंजीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर के मानक को लेकर अधिकारी चिंतित है। जिसके चलते रविवार को लगातार दिनभर आसमान में स्मॉग छाया रहा। सुबह के समय स्मॉग इतना अधिक था कि सडकों, हाईवों पर दृश्यता भी प्रभावित हो रही थी। पिछले कुछ दिनों में शामली की वायु गुणवत्ता



सूचांक 109 से 259 के बीच रहा। यह संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक है। रविवार को भी वायु गुणवत्ता सूचंका 190 के आसपास रहा। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याऐं भी बढ़ रही हैं। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण दुकानें और बाजार बंद रहे, जिस कारण लोगों को आसमान में फैले स्मॉग का महसूस नही किया, लेकिन बुर्जुग, और बीमार लोगों को परेशानियां हुई है। चिकित्सकों ने मास्क लगाकर घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।

# सेवानिवृत राजेंद्र मधुराज का फेडरेशन ने किया अभिनंदन

**समाज जागरण**

इंदौर। 30 नवंबर को मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की सेवा पूर्ण कर राजेन्द्र मधुराज का सेवानिवृत्त होने पर मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन कार्यालय पोलो ग्राउंड इंदौर पर फेडरेशन की ओर से स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस मौके पर फेडरेशन ट्रांसमिशन कंपनी के झोनल सेक्रेट्री जे एल जोशी, मदन वर्मा माणिक प्रदेश प्रवक्ता फेडरेशन, राकेश यादव, मदनलाल बौरासी, किरण खरे, सुरेश कुमार नीमा, आर डी शुक्ला, भारती, छाबड़ा, अशोक कुमार यादव, श्री जोशी सहित अन्य साथी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त श्री राजेन्द्र मधुराज का पुष्पमालाएं



पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया व बधाई व शुभकामनाएं दी तथा फेडरेशन इंदौर के झोनल सेक्रेट्री एन के यादव ने भी मधुराज को सेवानिवृत्ति पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना ।

# भाजपा कार्यकताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**समाज जागरण बड़ौत।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर इसे सुना। नगर के दिल्ली सहारनपुर रोड पर स्थित भाजपा के कैंप कार्यालय पर दर्जनों कार्यकताओं ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को एकजुट होकर सुना और देशहित के कार्यों में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक रविंद्र आर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को सुनने से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। इससे हमें नये लक्ष्य और उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने कहा मन की बात देश के लोगों की ऐसी उपलब्धियों को, लोगों के सामूहिक प्रयासों को जन-सामान्य के सामने लाने का एक बेहतरीन मंच है। इस दौरान पूर्व जिला मंत्री मनोज कटारिया, नगर राजगोपाल कश्यप, कवरपाल शर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा डिमरी, चांदनी दिक्षित, नीतू देवी, रामनिवास आर्य, मंडल महामंत्री कपिल देव आर्य, मंडल कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, राजेन्द्र तालियान, आदित्य, छवि आदि मौजूद रहे।

# बागपत में डॉ लाल पैथलैब्स के अत्याधुनिक लैब सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन

**समाज जागरण बागपत।**



नगर के मेरठ रोड स्थित महावीर नगर में डॉ लाल पैथलैब्स के नए अत्याधुनिक लैब सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। अत्याधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित तकनीशियनों से सुसज्जित यह केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए उच्च गुणवत्ता व विश्वसनीय पैथोलॉजी सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लैब का उद्घाटन बागपत विधायक योगेश धामा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत धीरदास महाराज और इंटरनेशनल अवॉर्डी वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ लाल पैथलैब्स के वरिष्ठ अधिकारी परवेज आलम तथा मनोज चौहान ने सेंटर की कार्य प्रणाली व उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। लैब संचालकों ने बताया कि नए सेंटर में खून, मूत्र, हार्मोन प्रोफाइल, कार्डि यक प्रोफाइल सहित सभी प्रमुख पैथोलॉजी जांचों के लिए अत्या धुनिक तकनीकें उपलब्ध हैं। साथ ही रेडियोलॉजी जांचों के लिए सैंपल कलेक्शन सुविधा भी शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को सटीक, विश्वसनीय और समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराना है, जिसके लिए प्रशिक्षित स्टाफ और एडवांस्ड ऑटोमेशन सिस्टम लगाए गए हैं। विश्वझ्स्तरीय जांच सुविधाओं से युक्त यह नया लैब सेंटर बागपत व आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक बड़ी चिकित्सा सुविधा के रूप में उभरने की उम्मीद है। उद्घाटन कार्यक्रम में हर्ष भारद्वाज, समाजसेवी युवा प्रतिनिधि नितीश भारद्वाज, पत्रकार पिंटू जैन, अंकित शर्मा, विपिन भारद्वाज, मनीष, आशीष, निशांत भारद्वाज, दीपक, आदित्य भारद्वाज , मास्टर सुरेंद्र चौहान,सुमित प्रजापति और बादल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# वंश ने अपने जन्मदिन पर किया पौधों का रोपण

**समाज जागरण बागपत।**

स्वयंसेवी संस्था आँखें के पर्यावरण रक्षक ने प्रकृति व पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए आँखें के पौधा रोपण अभियान के चरण



जन्मदिन मनाओं-पौधा लगाओ अभियान के तहत अपने जन्मदिन पर घर के आंगन परिसर में पौधरोपण किया। आँखें के पर्यावरण रक्षक ने जन्मदिन पर पौधा रोपण करते हुए कहा पेड़-पौधों का रोपण व संरक्षण उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना जीवन के लिए भोजन। पेड़ पौधें हमें अमूल्य ऑक्सीजन, ओषधि के साथ जरूरत के खाद्य पदार्थ और वस्तुयें प्रदान करते है। इसीलिए हम सभी को निरंतर पौधा रोपण करना चाहिए। पेड़ पौधों के रोपण से पर्यावरण का संतुलन भी बना रहता है। इस अवसर पर लोकेश कुमार, दर्श सिंह, खुशी सिंह, विकास बडगुर्जर आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक आत्मा ही स्वयं परमात्मा है : सौरभ सागर

**समाज जागरण बागपत।**



संस्कारप्रणेता, ज्ञानयोगी,आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महामुनिराज ने श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में अतिथि भवन बडौत में आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि विश्व से समस्त दर्शनों में जैन दर्शन ही ऐसा दर्शन है जो यह कहता है कि प्रत्येक आत्मा ही स्वयं परमात्मा है। ऋषभदेव से लेकर महावीर पर्यंत तक सभी तीर्थंकरो के पांच कल्याणक हुए हैं। अतः जिनमूर्तियों की प्रतिष्ठा के लिए पांचों ही कल्याणक होते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि पंच कल्याणक की सभी क्रियाएं आदिनाथ भगवान की होती है। इसका कारण यह है कि अन्य तीर्थंकरों की सभी क्रियाएं हमें विस्तृत रूप से ज्ञात नहीं हैं।आदिनाथ भगवान की पुत्री ब्राह्मी और सुंदरी के द्वारा हमे असी,मसी और कृषि का ज्ञान कराया गया है।गर्भ कल्याणक के माध्यम से राजा नाभिराय और मातृदेवी के यहां आदि कुमार के गर्भ की क्रियाएं,जन्म कल्याणक में भगवान का जन्म और सौधर्म इंद्र द्वारा 1008 कलशों से अभिषेक,तप कल्याणक में मृत्यु का बोध,केवल ज्ञान कल्याणक में मोह रूपी अंधकार को नष्ट करके दिव्य ध्वनि,मोक्ष कल्याणक के रूप में कैलाश पर्वत पर आरूढ़ होकर चार घातीया कर्मों का नाश करके मोक्ष स्थान को प्राप्त करना।इस प्रकार से पंचकल्याणक की क्रियाएं संपन्न होती है। सभा का संचालन अमित जैन द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि शाम को 5 बजे समाज द्वारा पंचकल्याणक के पात्र राजीव जैन,अनुज जैन ,विभोर जैन भारती,अभिषेक जैन,संजय जैन का तिलक लगाकर सम्मान किया गया और मंगलाचार के अंतर्गत पूरी समाज से भक्ति के द्वारा खुशी मनाई। सभा में पंकज जैन,अजय जैन काले,प्रवीण जैन,पवन जैन ,राज कुमार जैन, सुखमाल जैन,राकेश जैन,प्रभात जैन,सौरभ जैन,कमल जैन,अमित जैन,अंकुर जैन आदि उपस्थित थे।

# नवाब अहमद हमीद ने गौसपुर सिलाई केंद्र में प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया

**समाज जागरण बागपत।**



जनपद के गांव गौसपुर में चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई कढ़ाई एवं पार्लर केंद्र का समापन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवाब अहमद हमीद ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अध्यक्षता मुर्तजा प्रधान और संचालन टीना चौधरी ने किया। इस अवसर पर 35 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। केंद्र पर सुमैया, उम्मति और मुस्कान प्रथम, नगमा और सीमा द्वितीय, जबकि सीमा और सानिया तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि नवाब अहमद हमीद ने कहा कि सिलाई सीखकर बालिकाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और अनुशासन में सीखकर भविष्य में सफलता प्राप्त करेंगी। उन्होंने ट्रस्ट पदाधिकारियों और प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं। मुर्तजा प्रधान ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में सक्षम हैं और सिलाई का दायरा बहुत बढ़ चुका है। ट्रस्ट चेयरमैन एडवोकेट रणवीर चौधरी ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं और निरंतर आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम संचालिका टीना चौधरी ने भी प्रशिक्षुओं को बधाई दी और सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रदीप धामा, यूनुस खान, यूसुफ खान, रहीसुद्दीन, उस्मान, रिजवान, इल्जास, मनव्वर, वसीम, खुशनसीब, शबाना, नजराना, समरीन, शहरीन, शायमा, काजल, जायदा, टीना चौधरी, इति चौधरी, सानिया, सायमा, सबा, मनतशा, साजिया, मुस्कान, अनुष्का, मुस्कुराना, गुलफ्सा, नजरान आदि मौजूद रहे।

# 310 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

## रमाला पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान की कार्रवाई

**समाज जागरण बागपत।**

रमाला पुलिस ने एक चरस तस्कर को 310 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की बाजार कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान हुई। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के



निर्देशन में रमाला पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से 310 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रमाला निवासी सुधीर के रूप में हुई है।पुलिस ने सुधीर को गिरफ्तार कर अवैध चरस जब्त कर ली है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस तस्करी में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं, ताकि उन पर भी कार्रवाई की जा सके। बागपत की एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि चेकिंग अभियान के तहत एक चरस तस्कर को पकड़ा गया है। उन्होंने पुष्टि की कि इस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# संतनगर की मल्ल नीलम तोमर का बरनावा में ग्रामीणों ने किया सम्मान

**ऑल इंडिया पुलिस कुश्ती में रजत जीतकर नीलम तोमर बनी गांव की शान**

**रजत विजेता नीलम तोमर का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों से किया स्वागत**

**समाज जागरण बागपत।**



ऑल इंडिया पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाली संतनगर गांव की महिला मल्ल नीलम तोमर का रविवार को बरनावा गांव में भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, फूल मालाओं और उत्साहपूर्ण नारों के साथ उनका जोरदार सम्मान किया। नीलम तोमर ने 20 से 24 सितंबर तक हरियाणा के करनाल जिले के मधुबन स्थित वाचर स्टेडियम में हुई ऑल इंडिया पुलिस कुश्ती प्रति योगिता में 76 किलोग्राम भार वर्ग में यूपी पुलिस का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में राजस्थान पुलिस की मनु तोमर को पटखनी दी। फाइनल में सीआईएसएफ की मंजू के साथ कड़े मुकाबले में मात्र एक अंक से हारकर नीलम रजत पदक हासिल कर सकीं, लेकिन उनका प्रदर्शन दर्शकों और टीम के लिए गर्व का विषय बना रहा। बरनावा में आयोजित सम्मान समारोह में ग्रामीणों ने नीलम के संघर्ष, लगन और उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें शाल और प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नीलम ने न केवल संतनगर बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है और उनके संघर्ष से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर मास्टर अरुण त्यागी, सुभाष त्यागी, राजू तोमर सिरसली, अबरार खान, चांद खान, हनीफ कुरैशी, जाकिर, अनीश कुरैशी, आदेश शर्मा, शोराज त्यागी, नकुल त्यागी, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

# निरोजपुर मार्ग पर युवक की मौत, तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

## पिता ने चालक के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

**समाज जागरण बागपत।**

निरोजपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक गुरजीत की मौत हो गई। मृतक के पिता सुरेंद्र ने थाना बागपत में ईको कार चालक के खिलाफ लापरवाही से टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुरेंद्र, जो मेरठ के ग्राम गेसूपुर जनूबी के निवासी हैं, ने बताया कि उनका पुत्र गुरजीत सिसाना जंगल-निरोजपुर मार्ग पर स्थित इनफिनिटिव सोल्यूशन कंपनी में कार्यरत था। वह प्रतिदिन इसी मार्ग से अपने घर और कार्यस्थल के बीच आवागमन करता था। यह घटना 16 नवंबर 2025 की शाम लगभग 6 बजे हुई। गुरजीत अपनी मोटरसाइकिल (UP-15-EZ-9024) पर सवार होकर ग्राम निरोजपुर की ओर जा रहा था। उसके मित्र अमित और रजित भी अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर उसके पीछे चल रहे थे। निरोजपुर मार्ग पर पहुंचने पर, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ईको कार (UP-15-EL-4669) ने गुरजीत की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गुरजीत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी अमित और रजित ने तुरंत आसपास के लोगों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल गुरजीत को सरकारी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों मित्रों ने यह हादसा अपनी आंखों से देखा था। सुरेंद्र ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद उन्होंने बेटे का अंतिम संस्कार किया। तेरहवीं के बाद जब उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से दुर्घटना का पूरा विवरण मिला, तब उन्होंने आज थाना बागपत में रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजन दोषी वाहन चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# विश्व विक्लांग दिवस के अवसर पर होगा इंटर स्कूल ड्राइंग कंपीटिशन का आयोजन

## दिल्ली-एनसीआर के करीब 35 स्कूलों के 450 बच्चे लेंगे भाग

**समाज जागरण संवाददाता**

नोएडा। सोसायटी फॉर स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एडवांसमेंट की ओर से विश्व विक्लांग दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को 14वें इंटर स्कूल ड्राइंग कंपीटिशन का आयोजन किया जा रहा है. नोएडा स्टेडियम में होने वाले इस कंपीटिशन में दिल्ली-एनसीआर के करीब 35 स्कूलों के 450 बच्चे भाग लेंगे. इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले स्कूल को सोसायटी की ओर से चांदी का सिक्का देकर पुरस्कृत किया जाएगा. यह ' रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में संस्था के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने दी. उन्होंने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से प्रतिवर्ष नोएडा स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता को इस बार और आकर्षक बनाने का फैसला लिया गया है.



प्रतियोगिता में बच्चों की कुल 5 श्रेणियां होंगी, जिनमें से 4 सामान्य बच्चों के लिए और 1 दिव्यांग बच्चों के लिए होगी. सामान्य बच्चों की हरेक श्रेणी में 10-10 बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा. जबकि सभी दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया जाएगा. उन्होंने बताया कि सामान्य बच्चों की श्रेणी में जो स्कूल सबसे ज्यादा मेडल जीतेगा, उसे चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया जाएगा. आर्ट को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर निमेश कुमार ने बताया कि ड्राइंग कंपीटिशन में दिल्ली-एनसीआर के करीब 35 स्कूलों ने अपनी एंट्रीज भेजी हैं. पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे. सामान्य श्रेणी के बच्चों के टॉपिक पहले ही सभी स्कूलों को भेजे जा चुके हैं और उनके स्टूडेंट्स उस पर प्रैक्टिस कर रहे हैं. जबकि दिव्यांग श्रेणी के बच्चों को किसी भी विषय पर ड्राइंग करने की छूट होगी.प्रोफेसर निमेश कुमार ने बताया कि पिछले 14 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सहानुभूति और अपनेपन की भावना को बढ़ाना है. यही वजह है कि दोनों श्रेणियों के बच्चों को एक साथ बिठाकर यह प्रतियोगिता करवाई जाती है. कंपीटिशन में शामिल होने वाले सभी बच्चों के लिए सोसायटी की ओर से फ्री रिफ्रेशमेंट और पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट की व्यवस्था रहेगी. साथ ही मेडल जीतने वाले बच्चों को स्पेशल मेरिट सर्टिफिकेट दिए जाएंगे. सोसायटी की संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष विमलेश शर्मा ने समाज के सभी लोगों से दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि वे भी हमारे परिवार और समाज का अहम हिस्सा हैं. लेकिन कई बार हम अनजाने में उनकी उपेक्षा कर देते हैं. जिसके बारे में बाद में सोचकर हमें दुख होता है. प्रेसवार्ता में सोसायटी के कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुच्छल, सदस्य पीके गुप्ता, संतोष शर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे.

# वैज्ञानिकों ने चेताया, "अब आपकी चाय ही आपको बना सकती हैं कैंसर का मरीज"

**अब आपकी चाय की छलनी भी कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकती है।**

**समाज जागरण**



नई दिल्ली। कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जिसके कई कारण हो सकते हैं, और अब वैज्ञानिकों ने एक नई चेतावनी दी है कि चाय की छलनी भी आपकी कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकती है। वैज्ञानिकों ने, चाय की छलनी के उपयोग और उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में चेतावनी दी है। वैज्ञानिकों ने यह पाया है कि प्लास्टिक की बनी चाय की छलनी से माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक कण निकल सकते हैं, जो शरीर में जाकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। भारत में चाय छानने के लिए प्लास्टिक, स्टेनलेस स्टील और सिलिकॉन की छलनी का प्रचलन है, लेकिन अगर प्लास्टिक की छलनी का बार-बार और लंबे समय तक उपयोग किया जाता है, तो यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके अलावा, यदि छलनी को ठीक से साफ नहीं किया जाता, तो उसमें गंदगी जमा हो सकती है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बन सकती है। वैज्ञानिकों की सलाह है कि चाय छानते समय सही सामग्री की छलनी का उपयोग करें, और इसे नियमित रूप से साफ रखें। इसके लिए, गर्म पानी, बेकिंग सोडा और सिरका जैसे प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करके छलनी को अच्छी तरह से साफ किया जा सकता है। भारत में हर घर में चाय छानने के लिए चाय छलनी का उपयोग आम है। चाय छलनी आमतौर पर स्टेनलेस स्टील, सिलिकॉन, या प्लास्टिक से बनी होती है, और यह चाय के पत्तों को छानकर ठोस कणों को हटा देती है, जिससे चाय पीने का अनुभव बेहतर होता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि यदि आप लंबे समय तक और बार-बार प्लास्टिक से बनी छलनी का इस्तेमाल करते हैं, तो यह कैंसर का कारण बन सकती है? अमेरिकन केमिकल सोसाइटी के जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह पाया गया है कि प्लास्टिक की छलनी से चाय में अरबों माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक कण निकलते हैं, जो शरीर में जाकर कैंसर का कारण बन सकते हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि आप चाय छानते समय सही सामग्री की छलनी का उपयोग करें। अक्सर लोग चाय की छलनी को ठीक से साफ नहीं करते हैं, जिससे उसमें गंदगी जम जाती है और बार-बार उसका उपयोग किया जाता है। इससे न सिर्फ प्लास्टिक के कण शरीर में जाते हैं, बल्कि गंदगी भी बढ़ सकती है, जो कई बीमारियों का कारण बन सकती है। इसलिए, इसे सही तरीके से साफ करना बहुत महत्वपूर्ण है। गर्म पानी और ब्रश का उपयोग करें। छलनी को गर्म पानी में कुछ मिनट के लिए भिगोकर रखें। फिर एक छोटे ब्रश (जैसे टूथब्रश) से छलनी के बारीक छिद्रों को रगड़ें और गंदगी को हटाकर साफ पानी से धो लें। एक कप गर्म पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा और 1-2 चम्मच सफेद सिरका मिलाएं। छलनी को इस घोल में 15-20 मिनट तक डुबोएं, फिर ब्रश से हल्का रगड़कर धो लें। यह जिद्दी दागों और चाय के पत्तों को हटाने में मदद करेगा। नींबू और नमक छलनी पर नींबू का रस लगाकर हल्का नमक छिड़कें। इसे कुछ मिनट के लिए छोड़ दें और फिर ब्रश से साफ करें। ठंडे पानी से धोकर छलनी को सुखा लें।

# गदा धारी सेना का महाअभियान: बागेश्वर धाम से शुरू होगी देशव्यापी नशा मुक्ति यात्रा

**धर्म, संकल्प और समाजहित का संगम — धीरेंद्र शास्त्री के आशीर्वाद से पुष्पेंद्र भदौरिया करेंगे नेतृत्व**

**विशेष रिपोर्ट : रविंद्र आर्य**



मध्यप्रदेश।नशे की गिरफ्त में फँसती युवा पीढ़ी को बचाने और समाज को व्यसनझ्मुक्त बनाने के संकल्प के साथ बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ह्लगदा धारी सेना नशा मुक्ति अभियानह्व की घोषणा की है। यह अभियान धार्मिक चेतना, सामाजिक ज़िम्मेदारी और सनातन परंपराओं की शक्ति को मिलाकर चलाया जाएगा, जिससे युवा केवल नशा छोड़ें ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में धर्म, अनुशासन और सकारात्मकता को भी स्थान दें। कलयुग का अश्वमेध – गदा धारी सेना का नया संकल्प धीरेंद्र शास्त्री ने अपने प्रवचनों में स्पष्ट संदेश दिया है कि जैसे प्राचीन काल में ऋषि-मुनि अश्वमेध यज्ञ कर समाज में जागृति फैलाते थे, उसी परंपरा को आधुनिक स्वरूप देते हुए कलयुग का सेवा-घोड़ा अब गदा धारी सेना के रूप में गाँव-गाँव जाएगा। अभियान की शुरूआत ग्वालियर, मध्यप्रदेश से होगी, जहाँ से यह युवाओं को नशे के नुकसान, शरीर और समाज पर उसके प्रभाव, तथा व्यसन से निकलने के आध्यात्मिक उपायों के बारे में जागरूक करेगा। यह यात्रा कई जिलों व गांवों से होती हुई अंत में बागेश्वर धाम में पहुंचेगी, जहाँ इसका समापन विशेष पूजा, संकल्प यज्ञ और आध्यात्मिक वचन के साथ होगा।

नेतृत्व करेंगे पुष्पेंद्र भदौरिया, हनुमान रूप में अभियान का ध्वजवाहक इस महाअभियान के नेतृत्व की जिम्मेदारी पुष्पेंद्र भदौरिया (ग्वालियर) को सौंप दी गई है। उन्हें उनके अदम्य साहस, धर्मनिष्ठा और समाजसेवा के कारण धीरेंद्र शास्त्री ने कलयुग के गदा धारी रूप में आशीर्वाद दिया है। हनुमान स्वरूप में वे युवाओं को शक्ति, संयम और साहस का संदेश देंगे–

नशा छोड़ो, हनुमान को पकड़ो सेवा करो, समाज बनाओ। उनके नेतृत्व में गदा धारी सेना गाँवों में प्रभात फेरी, जागरण, युवक संवाद कार्यक्रम, नशा मुक्ति की शपथ, और भक्ति कीर्तन के माध्यम से जनजागरण करेगी। नशा मुक्त भारतः धर्म और समाज का महायुद्ध अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल नशा छुड़ाना नहीं, बल्कि–

* युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ना * चरित्र निर्माण और जीवन अनुशासन का संदेश देना * परिवारों को नशे से टूटने से बचाना

* गांवों में सकारात्मक वातावरण बनाना * युवाओं को भक्ति + शक्ति + सेवा के मार्ग पर लाना गदा धारी सेना यह भी संदेश देगी कि नशा मुक्त जीवन ही असली पुरुषार्थ है।

बागेश्वर धाम में होगा भव्य समापन अभियान जब बागेश्वर धाम पहुंचेगा, तब विशेष हनुमान संकल्प यज्ञ, भक्तों की सभा, और समाजसेवा का संकल्प दोहराया जाएगा।

धीरेंद्र शास्त्री स्वयं इसमें आशिर्वचन देकर युवाओं को जीवन में सही मार्ग अपनाने का संदेश देंगे।

गदा धारी सेना का यह नशा मुक्ति अभियान सिर्फ एक सामाजिक यात्रा नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जन-आंदोलन बनने जा रहा है।

धीरेंद्र शास्त्री के आशीर्वाद और पुष्पेंद्र भदौरिया के नेतृत्व में यह अभियान मध्यप्रदेश से उठकर पूरे देश में नई चेतना जगा सकता है।

सनातन के आशीर्वाद, हनुमानजी की शक्ति और समाज के संकल्प के साथ नशा मुक्त भारत का सपना अब एक साकार रूप लेता दिख रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई संत बाबा किशन दासजी की 50वीं बरसी

**समाज जागरण**



कालांवाली 30 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) श्री श्री 108 संत बाबा किशन दास महाराज जी की 50वीं बरसी, श्री श्री 108 संत बाबा रूखड़ दास महराज जी की तीसरी बरसी, ब्रहालीन श्री श्री 108 संत बाबा प्रीतम दास जी की चौथी बरसी प्रमुख संत जमना दास जी की अगुवाई में बाबा किशन दास जी के आश्राम मे गांव दुनेवाला बठिंडा पंजाब में श्रद्धा भावना एवं ईलाके की संगत के सहयोग से बरसी मनाई गई। इस सम्मेलन में 161 श्री अखंड़ पाठ अगस्त 2025 को प्रकाश किया गया एवं 161 श्री अखंड़ पाठों की लड़ी का भोग डाला जाऐगा। इस महान इस संत सम्मेलन में राजनितिक धार्मिक समाजिक प्रतिनिधियों एवं अनको संत महापुरुषों ने अपनी हाजिरी लगवाई एवं सेवादारों ने संतो की सेवा कर परमसुख की प्राप्ती हुई। धन धन श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में संगतों ने नत्मस्तक होकर हाजरी लगाई एवं रात्रि में कथा वाचक संदीप उदनवाल के द्वारा कथा कीर्तन से संगतों को निहाल किया गया। 30 नवम्बर दिन रविवार को पाठ का भोग डाला गया एवं गुरू का लंगर अटूट बरताया गया' समागम में कबिनैट मंत्री बलजिंद्र कौर विशेष तौर पर पहुंची' महान कथा वाचक बाबा गुलाब सिह, चमकौर साहिब वालों कीर्तन के द्वारा संगतों का निहाल किया। कथा दौरान संतो की महिमा के बारे में बताया उन्होंने कहा अरदार वेनती प्रार्थना सभी करते है लेकिन संत महापुरुषों के वचनों को परमातमा को भी मनना पड़ता हैं। इस मौके पर संत भीमदास,संत ज्ञानदास, संत गोपी दास, संत रेशम मुनी,बाबा गोरखपुरी जी कालांवाली वाले, बाबा देवा दास जी मढाल्ला, संत तारा दासजी, संत बुधमनी, संत दर्शन दासजी आदि संत मौजुद रहे।

# पंजाब में सरकारी बस कर्मचारियों की तीसरे दिन भी हड़ताल जारी, हजारों यात्री परेशान

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो,30 नवंबर ;पंजाब राज्य में बस कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है,जिससे सार्वजनिक बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। पंजाब में पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी और पनबस के कर्मचारी 28 नवंबर, 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

कर्मचारी की मुख्य मांगों में किलोमीटर योजना के तहत नई बसों के टेंडर रद्द करना है जिसका उनका दावा है कि यह राज्य द्वारा संचालित परिवहन प्रणाली को कमजोर करता है और निजी ऑपरेटरों को लाभ पहुँचाता है। वे संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की भी मांग कर रहे हैं। पंजाब सरकार ने इस हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया है और सख्त कार्रवाई की है। हड़ताल में शामिल सभी संविदा कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है, और कुछ यूनियन नेताओं को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया हैं कई कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया गया है।हड़ताल के कारण पंजाब भर में सरकारी बसों का संचालन ठप है। दूसरी ओर इस हड़ताल से यात्रियों, विशेषकर दैनिक यात्रियों और महिलाओं (जो सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा योजना का लाभ उठाती हैं), को भारी असुविधा हो रही है।यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए निजी बसों या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कर्मचारियों से लोगों को असुविधा न पहुँचाने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि सरकार उनकी मांगों के प्रति सहानुभूति रखती है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी हड़ताली संविदा कर्मचारियों से काम पर लौटने और बातचीत के माध्यम से अपने मुद्दों को सुलझाने का आग्रह किया है लेकिन लोगों को परेशान करना सही नहीं है।

# इंसान की ज़िंदगी में रोशनी लाना सबसे बड़ा पुण्य, लोगों से ऐसे कैंप लगाने की अपील: स्पीकर संधवां

## हरदीप सिंह मिन्हास ने 13वां फ्री आई चेक-अप कैंप लगाया

**समाज जागरण**



कोटकपूरा, 30 नवंबर (रघुनंदन पराशर): इलाके के प्रसिद्ध समाज सेवी हरदीप सिंह मिन्हास ने अपने माता-पिता की याद में कोटकपूरा के बस स्टैंड के पास, पुराने शहर के किला स्कूल में 13वां फ्री आई चेक-अप कैंप लगाया। जिसमें पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने चीफ गेस्ट के तौर पर शिरकत की।

स्पीकर संधवां ने कैंप में शिरकत करते हुए कहा कि ऐसे फ्री कैंप जो लगाए जाते हैं, वे जरूरतमंदों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आंखें भगवान का दिया हुआ इंसान को बहुत कीमती तोहफा है, इनके बिना इंसान अंधेरे में रहता है, इसलिए आंखों की देखभाल बहुत जरूरी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे फ्री कैंप जरूर लगने चाहिए, ताकि किसी भी जरूरतमंद मरीज की मदद हो सके। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा पुण्य का काम किसी इंसान की ज़िंदगी में रोशनी लाना है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में पहुंचे मरीजों की आंखों की फ्री जांच की गई और जरूरतमंद मरीजों को फ्री दवाइयां दी गईं और फ्री लेंस लगाए गए।इस मौके पर सिमरनजीत सिंह एम.सी., डॉ. दीपक अरोड़ा एम.सी.,डॉ. भूपिंदरपाल कौर एम.सी. और मोनिका बलियान एम.सी. के अलावा बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग मौजूद थे।

# शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में मनाया गया सिल्वर जुबली समारोह 'आगाज'

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो,30 नवंबर :: क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में सिल्वर जुबली समारोह 'आगाज' 29 नवंबर को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस समारोह में हल्का विधायक अमोलक सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ हरसिमरन सिंह मल्होत्रा (ट्रक यूनियन प्रधान) और चेयरमैन लक्ष्मण शर्मा का भी भव्य रूप से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक समिति, आए हुए सम्मानित मेहमानों और प्रिंसिपल साहिब द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, मोबाइल थीम, हिप-हॉप, आर्मी एक्ट, रोबोटिक डांस, पंजाबी संस्कृति, पाश्चात्य संस्कृति को दशार्ता हुआ क्लासिकल लोक नृत्य तथा हरियाणवी डांस, भांगड़ा और गिद्धा आदि प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगे कपड़ों में बेहद सुंदर लग रहे थे। स्कूल के प्रिंसिपल श्री सरबजीत सिंह और शिवालिक किड्स स्कूल की प्रिंसिपल सुखविंदर कौर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेते रहना चाहिए, ताकि वे अपने अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर ला सकें।स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन श्री अश्वनी कुमार गर्ग, श्री अशोक कुमार गर्ग, श्री घन्नइया कुमार गर्ग, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग और श्रीमती दीपी गर्ग ने इस मौके पर आए हुए मेहमानों और अभिभावकों का धन्यवाद किया और शिवालिक स्कूल के विद्यार्थियों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शिवालिक स्कूल किस तरह दिन-दोगुनी और रात-चौगुनी तरक्की कर रहा है।

# जिले में 150 पुलिस कर्मियों ने ड्रग तस्करों के संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली

## पिछले 1 महीने में 2.8 किलो हेरोइन, 1 किलो अफीम आदि सहित 5 लाख 98 हजार ड्रग मनी बरामद : डॉ. प्रज्ञा जैन

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, 30 नवंबर : पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने पंजाब से ड्रग्स को खत्म करने के लिए ड्रग्स के खिलाफ जंग के नाम से एक अभियान शुरू किया है। जिसके तहत पूरे पंजाब में ड्रग तस्करों और ड्रग्स बेचने वाली जगहों की पहचान की जा रही है। इसी के तहत फरीदकोट पुलिस ने ररढ फरीदकोट जी के नेतृत्व में पूरे जिले में बड़े पैमाने पर 'कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन' चलाया। यह सर्च ड्रग हॉटस्पॉट और सेंसिटिव इलाकों में की गई, जिसका मुख्य मकसद 'पॉइंट ऑफ सेल' लेवल पर ड्रग्स की सप्लाई को रोकना था। यह ऑपरेशन डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) पंजाब श्री गौरव यादव के निदेर्शों पर जिले के सभी 3 सब-डिवीजनों में सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक एक साथ चलाया गया। फरीदकोट में यह सर्च ऑपरेशन श्री मनविंदरबीर सिंह एसपी लोकल) फरीदकोट की देखरेख में चलाया गया। इस दौरान डीएसपी रैंक अधिकारियों को अलग-अलग सब-डिवीजनों में इस ऑपरेशन की पर्सनली निगरानी करने के लिए कहा गया। करीब ढाई घंटे तक चले इस सर्च ऑपरेशन के दौरान, चीफ ऑफिसर पुलिस स्टेशन की 08 स्पेशल टीमें बनाई गईं और अलग-अलग ड्रग तस्करों के संदिग्ध ठिकानों पर अचानक रेड करके चेकिंग की गई। डॉ. प्रज्ञा जैन एस एसपी फरीदकोट ने बताया कि माननीय डीआईजी पंजाब श्री गौरव यादव के निदेर्शों के अनुसार ड्रग्स को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है, फरीदकोट पुलिस द्वारा चलाया गया यह सर्च ऑपरेशन भी इसी कार्रवाई का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान जिन लोगों के खिलाफ NDPS के तहत मामले दर्ज हैं और जिनका क्रिमिनल रिकॉर्ड है, उनके यहां पुलिस पार्टियों द्वारा रेड करके तलाशी ली गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा शक के आधार पर वाहनों की चेकिंग की गई। इसके साथ ही इलाके की नाकाबंदी कर आने-जाने वाले रास्तों को सील कर दिया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों को घेर लिया गया। एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज सभी मामलों की कड़ी से कड़ी जांच करने तथा नशा तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही नशा पीड़ितों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है तथा उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया जा रहा है। एसएसपी फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि फरीदकोट पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ की जा रही कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत नवंबर माह के दौरान 106 मामले दर्ज कर 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिस दौरान 2.8 किलो से अधिक हेरोइन, 01 किलो अफीम, 06 किलो पोस्त, 1193 हजार नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा लगभग 05 लाख 98 हजार ड्रग मनी बरामद की गई है। इसके अलावा, पिछले 15 महीनों में ड्रग डीलरों/तस्करों द्वारा ड्रग्स की कमाई से बनाई गई चल/अचल प्रॉपर्टी की जांच के बाद, संबंधित अर्थॉरिटी से मंजूरी मिलने के बाद ड्रग तस्करों की 09 करोड़ रुपये से ज्यादा की प्रॉपर्टी फ्रीज कर दी गई है।ज़िला फरीदकोट पुलिस द्वारा सीनियर पुलिस अधिकारियों की सीधी अगुवाई में नशा तस्करों के ठिकानों पर शरच करते हुए पुलिस कर्मी।

# सिल्वर ओक्स स्कूल सेवेवाला की प्रिंसिपल प्रियंका मेहता को फैप अवॉर्ड से सम्मानित किया

## प्रिंसिपल प्रियंका मेहता को बधाई देने वाले का तांता

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, 30 नवंबर : इलाके के जाने-माने शिक्षा संस्था सिल्वर ओक्स स्कूल सेवेवाला (जैतो) के लिए यह बहुत खुशी और गर्व की बात है कि स्कूल की प्रिंसिपल, एक्सपर्ट एजुकेशनिस्ट मैडम प्रियंका मेहता को एजुकेशन के फील्ड में उनकी बेहतरीन लीडरशिप, डेडिकेशन और इनोवेटिव काम के लिए नेशनल अवॉर्ड सेरेमनी में प्राइड ऑफ स्कूल फैप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस सेरेमनी में देश भर के एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेटर्स, प्रिंसिपल्स और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने बड़े जोश के साथ हिस्सा लिया। सम्मान मिलने पर प्रिंसिपल प्रियंका मेहता ने कहा कि यह अवॉर्ड पाने में पूरे स्कूल परिवार, टीचर्स, स्टूडेंट्स और पेरेंट्स का योगदान है, जिसकी वजह से उन्हें यह अवॉर्ड मिला है।

# राजनीतिक दलों के नेताओं संग सरकार की बैठक हुई

## केंद्रीय मंत्रियों सहित 36 राजनीतिक दलों के 50 नेता बैठक में शामिल हुए

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



चंडीगढ़,30 नवंबर : संसद के आगामी शीतकालीन सत्र, 2025 से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए आज (30 नवंबर, 2025) रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने बुलाई थी। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और संसदीय कार्य और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी शामिल हुए। कुल मिलाकर, बैठक में मंत्रियों सहित 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने भाग लिया।रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की परिचयात्मक टिप्पणी से बैठक की शुरूआत हुई। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी नेताओं का स्वागत किया। तत्पश्चात, संसदीय कार्य मंत्री ने बैठक का संचालन किया। उन्होंने नेताओं को सूचित किया कि संसद का शीतकालीन सत्र, 2025 सोमवार, 1 दिसंबर, 2025 को आरंभ होगा और सरकारी कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन, सत्र शुक्रवार, 19 दिसंबर, 2025 को समाप्त हो सकता है। इस सत्र में 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी।संसदीय कार्य मंत्री श्री रिजिजू ने आगे बताया कि इस सत्र के दौरान उठाए जाने वाले विधायी और अन्य कार्यों के लिए अस्थायी रूप से 14 विषयों की पहचान की गई है।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार दोनों सदनों के नियमों के अनुसार, सदनों में किसी भी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान उनके की ओर से उठाए जाने वाले विभिन्न संभावित मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए और सरकार को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।अंत में, श्री राजनाथ सिंह और श्री किरेन रिजिजू ने बैठक में भाग लेने, अपने विचार व्यक्त करने तथा सक्रिय एवं प्रभावी भागीदारी के लिए सभी नेताओं को धन्यवाद दिया।संसद के शीतकालीन सत्र, 2025 के दौरान संभावित रूप से उठाए जाने वाले विधेयकों की सूची 1 - विधायी कार्यःजन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025,मणिपुर माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025- अध्यादेश का स्थान लेने के लिए निरसन और संशोधन विधेयक, 2025,राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2025 परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025 कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक (एसएमसी), 2025 बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2025,मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2025 भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक, 2025,केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025,स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 ॥ - वित्तीय व्यवसाय :वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच पर प्रस्तुति, चर्चा एवं मतदान तथा संबंधित विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, विचार एवं पारित/वापस करना।

# सड़क हादसे में 1 व्यक्ति की मौत और 1 युवक गंभीर रूप से घायल, चढदी कला वैलफेयर सेवा सोसायटी ने कराया अस्पताल दाखिल

**(मन्नू पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 30 नवंबर : क्षेत्र की प्रसिद्ध 24 घंटे मानवता की सेवा को समर्पित संस्था चढदी कला वैलफेयर सेवा सोसायटी गंगसर (रजि.) जैतो के इमरजेंसी फोन नंबर पर किसी राहगीर ने बताया कि दो मोटरसाइकिल सवारों की आमने-सामने टक्कर हो गई है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही चढदी कला वैलफेयर सेवा सोसायटी गंगसर जैतो की टीम एंबुलेंस सहित और 108 एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंची। चढदी कला वैलफेयर सेवा सोसायटी गंगसर जैतो ने 108 की मदद से घायल व्यक्ति को उठाकर इलाज के लिए सेठ रामनाथ सिविल अस्पताल जैतो पहुंचाया, जहां डॉक्टर न होने की वजह से स्टाफ नर्स ने उसे फर्स्ट एड दिया और फिर गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज और अस्पताल फरीदकोट रैफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान लखविंदर सिंह (20) पुत्र गुरदीप सिंह निवासी भगतुआना के रूप में हुई, जिसके सिर में चोट लगी है और पैर टूट गया है और उसकी हालत नाजुक है। मृतक की पहचान मंदर सिंह (50) पुत्र सुरजन सिंह निवासी कोठे महला सिंह वाले के रूप में हुई है। गौरतलब है कि चढदी कला वैलफेयर सेवा सोसायटी गंगसर (रजि.) जैतो मानवता की सेवा के लिए समर्पित है,जो 24 घंटे काम कर रही है। सोसायटी की एम्बुलेंस सेवा मदद के लिए मोबाइल नंबर 95014-70765, 98521-00702 पर दुर्घटना होने पर संपर्क किया जा सकता है।

# पवित्र ग्रंथ गीता है शक्ति का प्रतीक, गीता अध्यात्म और शांति का रास्ताःश्याम सिंह राणा

**सांध्य कालीन महाआरती में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने की शिरकत, केडीबी की तरफ से मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित**

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

कुरूक्षेत्र 29 नवंबर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गीता शक्ति का प्रतीक है, गीता अध्यात्म और शांति का रास्ता है। सदियों वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था, इन उपदेशों को आज भी अपने जीवन में शामिल की जरूरत है। श्रीमद भगवद गीता भगवान का भेजा हुआ संदेश है। गीता ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का जीता जागता दर्शन है, गीता स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र देती है तथा गीता जीवन जीने की कला है।

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा शनिवार को देर सायं ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महोत्सव के गीता महाआरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा,चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने पुरुषोत्तमपुरा बाग में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रह्मसरोवर की महाआरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रूप से महाआरती का शुभारम्भ भी किया। इस कार्यक्रम से पहले डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 के शिक्षक विशाल रहलान ने भजन संध्या की प्रस्तुति दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को गीता का ज्ञान मिले इसके मध्यनजर इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से विदेशों व देश के गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है, 21वीं सदी में गीता औषधि के सामान है, गीता का ज्ञान सबको होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरती पर गीता का जो संदेश दिया था उसपर अमल करते हुए आज मानव अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। निष्फल कार्य करने की इस प्रथा को आगे आने वाली पीढ़ी भी कायम रखें, इसके लिए ऐसे महोत्सवों का आयोजन करना अति आवश्यक है। युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है, भविष्य तभी सुरक्षित रहेगा जब उनका वर्तमान सकारात्मक होगा और सकारात्मक विचारों व कार्यो के लिए उन्हें धर्म ग्रां गीता का ज्ञान होना आवश्यक है।

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत हजारों साल से ऋषि-मुनियों की पावन धरा रही है और ऋषि-मुनियों ने हमेशा पूरी दुनिया की चिंता की है। इन संतों ने सबको अपना माना और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस पावन धरा पर युवा पीढ़ी को संकल्प करना चाहिए कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। इससे स्पष्ट है कि भारत जल्द ही विश्व गुरु बनेगा।

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गीता में कहा गया है कि कर्म करो लेकिन इसमें लिप्त नहीं होना चाहिए। गीता भारतीय दर्शन की जीवन पद्धति है। भगवान कृष्ण का जीवन चिन्तन है। गीता में जीवन की हर समस्या का समाधान है। गीता हमें मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाती है।

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल का रंगारंग वार्षिक समारोह: प्रतिभाओं का उत्सव

**अश्विनी वालिया**

अग्रसेन पब्लिक स्कूल के सीनियर विंग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह ह्यप्रवेग ह्यधूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री परविंदर सिंह चौहान (एडवोकेट जनरल, हरियाणा सरकार) का स्वागत अग्रसेन स्कूल के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल , महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल समिति के चेयरमैन श्री मूलचंद गुप्ता जी, संस्थापक सदस्यों एवं स्कूल प्रबंधन कमेटी के गणमान्य सदस्यों व प्रधानाचार्या जी द्वारा किया गया। एन. सी. सी. कैडेटस ने स्कूल बैंड की धुन पर परेड कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।

गणेश एवं सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया` छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए` इस कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया । कक्षा छठी से आठवीं तक की छात्राओं ने स्वागत नृत्य द्वारा सभी का अभिनन्दन किया` कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं तक के छात्रों ने मानव जीवन के चार युगों झ सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग का नृत्य के माध्यम से जीवंत चित्रण किया, जिसमें मानव मूल्यों और इतिहास का संदेश समाहित था। इसके बाद कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक लोक नृत्यों का मंचन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत का परिचय दिया। अच्छे स्वास्थ्य और मानसिक शांति के महत्व को समझाते हुए छात्रों ने योगासन और प्राणायाम का प्रदर्शन किया। श्री कृष्ण की लीलाओं का कोरियोग्राफी के माध्यम से जीवंत चित्रण ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

ह्लकक्षा सातवीं और आठवीं के बच्चों ने श्रवण कुमार की श्रद्धा और निस्वार्थ भक्ति




की अनमोल कथा के माध्यम से माता-पिता की निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी ने अपने भाषण में स्कूल के इतिहास एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला । विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती रीटा गोयल जी ने वार्षिक रिपोर्ट में पूरे वर्ष के शैक्षणिक और सह पाठयक्रम क्षेत्रों में विद्यालय की उपलब्धियों का विवरण दिया।

मुख्य अतिथि श्री परविंदर सिंह चौहान जी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता और असफलता दोनों आती हैं, लेकिन हमें हमेशा आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। असफलता से हमें सीखने की जरूरत है, ताकि हम अपनी गलतियों को सुधार सकें और आगे बढ़ सकें। हमें हमेशा एक दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान रखना चाहिए, और एक दूसरे की जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही, उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास और छात्रों की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जी,प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य सदस्यों ने शैक्षणिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छठी से बारहवीं तक के बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया` इस मौके पर अगस्त्य सिंह, सात्विक एवं चित्रांश गुप्ता को बारहवीं कक्षा कॉमर्स संकाय , तन्मय नॉन मेडिकल संकाय, यांशु, ख्वाहिश मेडिकल संकाय और अंशिका को कला संकाय में टॉप करने पर श्री मनमोहन सिंघल मेमोरियल अवार्ड से नवाजा गया`सिद्धार्थ सिंघल को बेस्ट एनसीसी कैडेट ऑफ द इयर, अगस्त्य सिंह को बेस्ट स्पार्टस बॉय ऑफ द इयर, संजीदा को बेस्ट स्पार्टस गर्ल ऑफ द इयर, आयान शर्मा को बेस्ट जूनियर स्टूडेंट (कल्चरल एक्टिविटीज), आराध्या पाहुजा को बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट ऑफ द इयर (जूनियर विंग)) के लिए श्री मनमोहन सिंघल मैमोरियल अवार्ड दिए गए। इसके अलावा प्रणवी गर्ग को बेस्ट ऑल रांउड गर्ल स्टूडेंट ऑफ द इयर के लिए श्रीमती रुक्मणि देवी सिंघल मैमोरियल अवार्ड दिया गया। दसवीं कक्षा में टॉप करने पर केशव चौधरी एवं कृष्णा गोयल को श्री मनमोहन सिंघल मैमोरियल अवार्ड एवं ओवरऑल टॉपर के लिए विपिन मनचंदा मैमोरियल अवार्ड से नवाजा गया। स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भूमि हाउस को बेस्ट हाउस ऑफ द इयर अवार्ड नवाजा गया और श्री मनमोहन सिंघल मैमोरियल रंनिग ट्रॉफी प्रदान की गई। अध्यापिका श्रीमती सोनिया गर्ग को बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा गयो

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी ने अपने सहयोगियों एवं गणमान्य संस्थापक सदस्यों के साथ मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया`

इस अवसर पर अग्रसेन पब्लिक स्कूल समिति के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी, चेयरमैन श्री मूलचंद गुप्ता जी,श्री ईश्वर चंद सिंगला जी, श्री राजेंद्र सिंघल जी, श्री राजेश अग्रवाल जी, डॉ. आर. एन. बंसल जी, श्री अमित गोयल जी, श्री रविंद्र कुमार अग्रवाल जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के अंत में ह्यपंजाबी विरसा-भांगड़ाह्न की जोशीली प्रस्तुति ने दर्शकों में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया। पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे छात्रों ने भांगड़ा के धमाकेदार प्रदर्शन से मंच पर जान डाल दी। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों द्वारा प्रस्तुत यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली और यादगार रहा।

# ट्रेन के चपेट में आने से महिला की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के सामने रविवार सुबह 09बजे रेलवे ट्रैक पार करते समय एक दर्दनाक हादसे में एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार खेमापुर गांव की रहने वाली माधुरी देवी रोज की तरह रेलवे ट्रैक पार कर सोनबरसा



गांव स्थित एक दोना पत्तल कारखाने में काम करने जा रही थी। इसी दौरान वाराणसी से भदोही की तरफ जा रही ट्रेन के गुजरने के तुरंत ही बाद दूसरी ट्रैक पर भदोही से वाराणसी की जा रही तेज रफ्तार ट्रेन आ गई । जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अमृत का दो पुत्रों की मां बताई जाती है।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पुआल मे लगी आग पशुओं के सामने चारे की संकट

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया मे सुबह करीब 9:00 के आसपास पुआल मे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से किसान को हजार रुपए का नुकसान। जानकारी के अनुसार आज सुबह 9:00 बजे के आसपास किसान बगल के खेत में बैठे हुए थे तभी अचानक खेत में रखा हुआ पशुओं का पुआल आग लगने से देखते ही देखते जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना गांव में फैल गई लोग पानी से आग बुझाते रहे लेकिन आज नहीं विकराल रूप धारण कर लिया। लगभग पांच बीघा का पुआल जलकर राख हो गया। पॉसिबल के सामने चारे की स्थिति उत्पन्न हो गई। किसान बेबस लाचार दिखता ही रह गया।

# बीडीओ ने गणना प्रपत्र को ऑनलाइन को शत प्रतिशत कराने के लिए बूथों का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विकासखंड हलिया बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने रविवार को छानबे विधानसभा क्षेत्र के हलिया विकास खंड के विशेष पुनरीक्षण कार्य के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर गणना प्रपत्र को शत प्रतिशत ऑनलाइन कराने का निर्देश बीएलओ को निर्देश दिया है लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी बीडीओ ने हलिया विकास खंड क्षेत्र के मझियार, गढ़वा, कोटाघाट बड़गड़ा, भितहा, महुगढ़, गलरा बरी, बसुहरा, मवई कला, गांव के बूथ पर पहुंचकर बीएलओ को समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत गणना प्रपत्र को आन लाइन कराने का निर्देश दिया है संबंधित बीएलओ को तेजी के साथ गणना प्रपत्र को आन लाइन कराने का निर्देश दिया है इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की मतदाता सूची के गणना प्रपत्र को आन लाइन कराने के गति को तेजी के साथ कराने के लिए छानबे विधानसभा क्षेत्र के हलिया विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को गणना प्रपत्र को तेजी के साथ कराने का निर्देश दिया गया है एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया आदि मौजूद रहे

# जैविक किसान मेला का हुआ आयोजन

**किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़,दी गई जैविक खेती की जानकारी**

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जमालपुर विकास खंड के बहुआर गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती



से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। कुशल पाण्डेय ने किसानों को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी।मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया।किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुभाष सिंह, विक्रम सिंह, हिमांशु सिंह, करण सिंह सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।

# मेला मार्गशीर्ष में दिव्यांग जन जागरूकता शिविर का शुभारंभ

**जिला पंचायत अध्यक्ष बोले— "दिव्यांग हित हमारी पहली प्राथमिकता"**

**समाज जागरण**

कासगंज/सोरों। तीर्थनगरी सोरों के शूकर क्षेत्र में चल रहे मेला मार्गशीर्ष शूकर क्षेत्र महोत्सव 2025 के तहत रविवार को दिव्यांग जन जागरूकता शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने फीता काटकर किया।



शिविर स्थल पर पहुँचे जिला पंचायत अध्यक्ष का दिव्यांग महिला कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया।

शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री वारह जन सेवा दिव्यांग समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय ने की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष मेला मार्गशीर्ष में इस शिविर का आयोजन कर दिव्यांग जनों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही मेले में आने वाले दिव्यांगजन और उनके परिजनों के लिए चाय-पानी व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है।

**शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने कहा—**

ह्लदिव्यांग जन समाज का अभिन्न व अहम हिस्सा हैं। उनके सम्मान, सुविधा और अधिकारों की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे शिविर न सिर्फ जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि दिव्यांग साथियों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला पंचायत हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष कुलदीप निर्भय के साथ विनोद कुमार, ज्ञान देवी सहित अनेक दिव्यांगजन उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर जानकारी प्राप्त करने और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए दिव्यांगजन पूरे दिन आते रहे।

# काजीसराय भट्ठा-सुतबलपुर मार्ग पर अधूरा पड़ा निर्माण, धूल और गिट्टी से परेशान राहगीर व दुकानदार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। काजीसराय भट्ठा के समीप से सूतबलपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर रोड चौड़ीकरण का काम शुरू हुए एक महीना बीत चुका है, लेकिन सड़क आज भी अधूरी पड़ी है। निर्माण कार्य के नाम पर सिर्फ पुरानी सड़क उखाड़ दी गई और उस पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। इसके कारण प्रतिदिन हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग सूतबलपुर, भौमी, इंर्द्वार, वीरापट्टी, मोहनपुर, बालीपुर, गढ़वा, नारायणपुर तथा चंदीपट्टी आदि गांवों को बाबतपुर एयरपोर्ट, वाराणसी और जौनपुर से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क उखाड़े जाने के बाद से यात्रा बेहद दिक्कत भरी हो गई है। जगहझ्र जगह गड्ढे, ढीली गिट्टी और धूल के कारण वाहनों का चलना मुश्किल हो चुका है। दोपहिया वाहनों के फिसलने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।



धूल की समस्या ने लोगों का जीवन और कठिन बना दिया है। सड़क पर गिट्टी डालने के बाद दिन-रात उड़ने वाली धूल से राहगीर, छात्र, बुजुर्ग और व्यापारी सभी परेशान हैं। सड़क किनारे की दुकानों की स्थिति और भी खराब है। दुकानदारों का कहना है कि धूल की मोटी परत उनके खाद्य पदार्थों और सामान पर जम जाती है, जिससे ग्राहक खरीदारी करने से कतराने लगे हैं।

स्थानीय दुकानदार बाबा यादव, पंकज सेठ, मनोज पटेल, चंद्रमा पटेल सहित अन्य लोगो ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण की बात कहकर महीनो पहले काम शुरू हुआ, लेकिन इसके बाद से कोई मजदूर या मशीन दिखाई नहीं दी। उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है, क्योंकि धूल और अव्यवस्था के कारण ग्राहक दुकानों के सामने रुकना भी नहीं चाहते।

ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द सड़क निर्माण पूरा करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य में और देर हुई, तो आने वाले दिनो में स्थिति और बदतर हो जाएगी। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# राजगढ़ क्षेत्र मे शादी के 4 दिन बाद नकदी, गहना लेकर दुल्हन प्रेमी के साथ भागी पति ने थाने मे दी तहरीर

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ राजगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की चार दिन पहले दुल्हन बनकर आई युवती शुक्रवार रात 12 हजार की नकदी और गहने लेकर प्रेमी के साथ भाग गई।

रात को नींद खुलने पर पत्नी को न पाकर पति ने आलमारी की तलाश ली तो गहने, नकदी और बैग नहीं थे। पति ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मध्य प्रदेश निवासी युवक राजगढ़ थाना क्षेत्र के भावां बाजार में अपने बहनोई के घर 15 वर्षों से रहता है। बहनोई ने उसकी शादी सोनभद्र के कर्मा पतेरी निवासी युवती से चार दिन पहले 25 नवंबर को भावां बाजार स्थित एक लॉन में धूमधाम से कराई। युवक दुल्हन को लेकर भावां बाजार में बहनोई के घर पर ही रहने लगा। शुक्रवार रात परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात साढ़े 10 बजे पति की नींद खुली तो पत्नी को खोजने लगा। पत्नी को कमरे में न पाकर घर में आस-पास देखा। उसके मोबाइल पर फोन किया तो मोबाइल बंद मिला।

इसके बाद आलमारी खोला तो देखा कि गहना, नकदी, कपड़ा और बैग नहीं है। पत्नी आलमारी में रखे सारे जेवरात के साथ 12 हजार रुपये नकदी लेकर भाग गई। पति ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस जांच पड़ताल कर लौट गई। पति ने पत्नी के लापता होने की लिखित तहरीर राजगढ़ थाने में दी। राजगढ़ थाना अध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि युवक ने पत्नी के लापता होने की सूचना दी है। जांच की जा रही है।

# शासन के निर्देश पर वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव प्रभाग के हलिया रेंज में रात्रि प्रवास कर वनभूमि को करा रहे अतिक्रमण मुक्त

**समाज जागरण**

मीरजापुर /शासन के निर्देश पर कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिजार्पुर के वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर चुर्क सोनभद्र भास्कर प्रसाद पाण्डेय तीन दिनों से हलिया रेंज के अंतर्गत वन चौकियों पर रात्रि प्रवास कर पूर्व में वनभूमि पर किये गए अतिक्रमण को बोलडोजर से अतिक्रमण को खाली कराया जा रहा वनभूमि को कब्जा मुक्त कराने के बाद वनभूमि पर वृक्षारोपण 2026 हेतु सुरक्षा खाई व बोननाली का खुदान कार्य कराया जा रहा है जिससे अतिक्रमण खाली हुई भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य कराया जा सके वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा अब तक करीब पांच सौ बीघा वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है वन्यजीव प्रतिपालक के इस अभियान से अबैध अतिक्रमण करने वाले लोगो में हड़कंप मचा हुआ है पूर्व में भी भास्कर प्रसाद पाण्डेय हलिया रेंज में रेंजर के पद पर रहते हुए तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाते हुए करीब 16 सौ हेक्टेयर वनभूमि को कब्जा मुक्त कराया था इस संबंध में वन्यजीव प्रतिपालक भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने बताया की शासन के निर्देश पर हलिया रेंज के अंतर्गत वन चौकियों पर रात्रि प्रवास कर वनभूमि से अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है कब्जा मुक्त वनभूमि पर वृक्षारोपण के लिए सुरक्षा खाई बोननाली का खुदान कार्य कराया जा रहा है वनभूमि पर किसी भी दशा में अतिक्रमण नहीं करने दिया जायेगा वनभूमि पर अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध केस दर्ज किया जायेगा

# धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश उत्सव

**भव्य नगर कीर्तन निकाला, गतका कलाकारों के हैरतअंगेज करतब बने आकर्षण**

**समाज जागरण**

कासगंज/सोरोंजी। तीर्थनगरी में सिक्ख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। हरिपदी स्थित गुरुद्वारे से निकाले गए विशाल नगर कीर्तन ने पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बना दिया। इस अवसर पर गुरु हरगोविंद साहिब गुरुद्वारे का 89वां स्थापना दिवस भी श्रद्धा से मनाया गया।

प्रकाश पर्व से पूर्व गुरुद्वारे में शुक्रवार को अखंड पाठ साहिब, शनिवार को रहिरास साहिब एवं कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गुरुवाणी का आसरा लिया। गुरुद्वारे में विराजमान गुरु हरगोविंद साहिब के पवित्र हुक्मनामे के दर्शन कर संगत ने ह्लजो बोले सो निहालङ्क सत श्री अकालह्व के जयकारे लगाए। शोभायात्रा की पूर्व संध्या पर गुरुद्वारे को विशेष रूप से सजाया गया और आतिशबाजी का आयोजन हुआ।



रविवार सुबह 10 बजे शोभायात्रा हरिपदी स्थित गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर चन्दनचौक, बस स्टैंड रोड, पजाया, कोतवाली रोड, सहावर गेट, कछला गेट, सब्जी मंडी, रामसिंहपुरा होते हुए कटरा बाजार द्वारिकाधीश मंदिर पहुँची। यहाँ समाजसेवियों द्वारा श्रद्धालुओं को हलवा प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा वापस गुरुद्वारे पहुँचकर सम्पन्न हुई, जहाँ अटूट लंगर का आयोजन किया गया।

मुख्य रथ के आगे पारम्परिक वेशभूषा में चल रहे पंच प्यारे शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रहे। मार्ग में सेवादार झाड़ू लगाते, पानी छिड़कते और पुष्पवर्षा करते हुए सेवा भाव का संदेश दे रहे थे। नानकमत्ता से आए खालसा इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रभात फेरी निकालकर उत्सव में ऊर्जा भरी। गतका पार्टी के कलाकारों ने आग के गोले में से निकलने, नुकीली सेज पर चलने, चक्कर घुमाने, तलवारबाजी और सिर पर बर्फ रखकर फोड़ने जैसे हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# युवक की संदिग्ध मौत ने खड़े करे सवाल सवाल

**-परिजनों ने पांच लोगों पर लगाया उकसाने का आरोप**

**-नंदग्राम थाने के बाहर प्रदर्शन,**

**समाज जागरण**

लोनी/गाजियाबाद, 30 नवंबर: नंदग्राम थाना क्षेत्र में युवक की आत्महत्या के मामले ने उस समय एक नया तूल पकड़ लिया

जब मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि उकसावे का मामला बताते हुए एक युवती सहित पाँच लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित परिजनों इस मामले में थाने की बजाय क्राइम ब्रांच के माध्यम से जांच करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार घटना के उपरांत मार्ग पर जाम लगाने वाले प्रदर्शनकारियो के कारण यात्री वहा घंटो तक फंसे खड़े रहे. और इस दौरान पुलिस प्रशासन के हाथ-पैर फूले। दरसल शनिवार दोपहर मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों ने नंदग्राम थाने के चौराहे पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। करीब दो घंटे तक चले इस धरने के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और क्षेत्र में यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

पीड़ित प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हमारे बेटे ने खुदकुशी नहीं की है, उसे मानसिक रूप से परेशान किया गया। जब तक इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं होती, हम पीछे नहीं हटेंगे। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कुछ समय पहले ही आरोपी युवती और उसके परिजनों द्वारा लगातार धमकाए जाने और दबाव बनाने की शिकायत स्थानीय पुलिस से की थी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। परिजन दावा कर रहे हैं कि इसी मानसिक दबाव के चलते युवक ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया हैं।

**पुलिस प्रशांत का सफल प्रयास**

धरना और जाम की सूचना पर मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त सिहानीगेट ,ए सी पी कविनगर तथा आसपास के थानों की पुलिस हुई टीम लप्रदर्शनकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी, जांच प्रक्रिया में किसी को बच नहीं पाएगा। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम हटाते हुए अपना धरना समाप्त किया।

घटना के मामले में पुलिस सूत्रों की मानें तो केस की दिशा तय करने के लिए मृतक का मोबाइल चैट,काल रिर्कोडिंग खंगाली जा रही है। जो इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# आचार्य मासिक अभ्यास वर्ग के प्रतिभागी अपने दायित्वों का निर्वहन कर समाज रचना का कार्य करें। के0एल0 पथिक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आचार्य सामाजिक क्षेत्र के मेरुदंड बनकर समाज रचना का कार्य अपना नैतिक दायित्व समझकर पूरा करें।

उक्त बातें रामेश्वर स्थित धर्मशाला में संचालित 30 घण्टे के आचार्य वर्ग प्रशिक्षण में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के बाद राज्य प्रशिक्षक ,वरिष्ठ पत्रकार के0एल0 पथिक ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।साथ ही साथ रामेश्वर पंचकोशी महात्म्य और धार्मिक भावनाओं सहित मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम द्वारा इस भूमि की पवित्रता की जानकारी दी।



अंचल सारनाथ भाग काशी संम्भाग पूर्वी उत्तर प्रदेश में संच- बसनी और संच- सेवापुरी के आचार्य मासिक अभ्यास वर्ग में उपस्थित भाग के भाग प्रशिक्षण प्रमुख बबऊ प्रसाद , अंचल अभियान प्रमुख यशवन्त कुमार व अंचल प्रशिक्षण प्रमुख कामता प्रसाद, संच प्राथमिक शिक्षा समिति कन्हैया और संच- प्रमुख गुंजा देवी एवं आचार्य बहनें उपस्थित रहीं।

# ग्राम प्रधान अश्वनी कुमार राय का अमेठी एक्सपोजर विज़िट के लिए चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद ब्लॉक के राजापुर ग्राम पंचायत के प्रधान अश्वनी कुमार राय का चयन पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित दो दिवसीय अमेठी एक्सपोजर विज़िट (8-9 दिसंबर) के लिए किया गया है। इस सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है।

पंचायती राज विभाग के निदेशक राजेश कुमार त्यागी ने प्रदेश के 19 जिलों से 8-8 ग्राम प्रधानों को इस विशेष अध्ययन भ्रमण के लिए आमंत्रित किया है। चयनित प्रतिनिधि अमेठी के विकसित एवं आदर्श गांवों में जाकर वहाँ की आधुनिक तकनीकों, उत्कृष्ट ग्राम प्रशासनिक व्यवस्थाओं, नवाचारी विकास मॉडल और सफल योजनाओं का अध्ययन करेंगे। उद्देश्य है कि इन मॉडलों को समझकर प्रधान अपने-अपने गांवों में विकास को गति दे सकें।

स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों



का मानना है कि ग्राम प्रधान अश्वनी कुमार राय का चयन न केवल मुहम्मदाबाद ब्लॉक, बल्कि पूरे गाजीपुर जनपद के लिए गौरव की बात है। उनकी सक्रिय कार्यशैली, नवाचारों के प्रति रुचि और विकास कार्यों के प्रति समर्पण को इस उपलब्धि का आधार माना जा रहा है।

**जनता का स्नेह ही मेरी असली ताकत -अश्वनी कुमार राय**

ग्राम प्रधान ने कहा कि यह सम्मान उनकी ग्राम पंचायत की जनता के विश्वास और सहयोग की वजह से मिला है। उन्होंने कहा–

राष्ट्रीय स्तर के ऐसे कार्यक्रमों से सीखने का अवसर मिलता है। अमेठी के मॉडल गांवों में अपनाई जा रही योजनाओं को समझकर उन्हें अपने पंचायत में लागू करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि राजापुर विकास की नई ऊँचाइयों को छू सके।

गौरतलब है कि अश्वनी कुमार राय इससे पहले भी कई सरकारी व राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों में जिले का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनका मानना है कि पंचायत स्तर पर युवाओं की भागीदारी और ग्रामीण नवाचार ही लोकतंत्र की सच्ची शक्ति है।

अमेठी एक्सपोजर विज़िट में उनका चयन भविष्य में राजापुर ग्राम पंचायत के लिए नए विकास अध्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अयोध्यापुर में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

**समाज जागरण**

वाराणसी। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार वाराणसी के जिला युवा अधिकारी के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्यापुर युवा मंडल द्वारा उत्साहपूर्वक सम्पन्न किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रत्यासी वीरेंद्र पटेल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अयोध्यापुर मनोज यादव, ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी अनिल कुमार मौर्या, बीडीसी सदस्य अनिल मौर्या, मनरेगा मेट सुरेश एवं डॉ0 संतराम, शिव डिजिटल लाइब्रेरी के संस्थापक पवन कुमार पटेल शामिल रहे।




प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की खो-खो में भवानीपुर युवा मंडल तथा फुटबॉल में आयोध्यापुर युवा मंडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर में अंशिका यादव प्रथम, नम्रता द्वितीय, रितिका तृतीय रहीं। 400 मीटर में विजयलक्ष्मी, रोली और सुमन शीर्ष तीन स्थानों पर रहीं। बैडमिंटन में अंजली, सपना और गरिमा सिंह विजेता बनीं।बालक वर्ग में 100 व 400 मीटर दौड़ में विशाल यादव प्रथम रहे, जबकि दिलीप और रवि द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन में अमन, गोविंद और सुयश ने स्थान प्राप्त किए।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व एनवाईवी परवेश कुमार मौर्या एवं युवा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मौर्या तथा सदस्य सुरेन्द्र कुमार यादव,मुकेश यादव,मनेशु यादव, शिवधन मौर्या की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से योगदान वर्तमान अयोध्यापुर ग्राम सभा के प्रधान पद के उम्मीदवार अनिल कुमार मौर्या का रहा।

# कासगंज में सम्पन्न हुआ यातायात माह नवंबर-2025 का भव्य समापन समारोह

**जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिया सड़क सुरक्षा का संकल्प, छात्रों व नागरिकों को किया सम्मानित**

**समाज जागरण**

कासगंज। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ऑडिटोरियम में शनिवार को यातायात माह नवंबरझ्र2025 का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन अवसर पर स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, सामाजिक कार्यकताओं, संभ्रांत नागरिकों, पत्रकारों तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल शासन-प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गति सीमा का पालन न करने, लापरवाही व हेलमेट न पहनने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों हादसे होते हैं, जिनसे परिवारों का जीवन प्रभावित होता है। जीवन अमूल्य है और सड़क पर नियमों का पालन ही सुरक्षा का आधार है।




उन्होंने सभी नागरिकों से यातायात नियमों को व्यवहार में उतारने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने यातायात माह के दौरान जनपदभर में चलाए गए विशेष अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेलमेट व सीट बेल्ट चेकिंग, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा रैलियां, जनसंपर्क अभियान, पम्पलेट वितरण और थानों द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रमों से जनता में सड़क सुरक्षा को लेकर उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जब नागरिक स्वयं नियमों को आदत बनाएंगे, तभी सड़क सुरक्षा प्रभावी होगी।

कार्यक्रम के दौरान यातायात जागरूकता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्रों, एनसीसी कैडेट्स एवं सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि यातायात माह के संदेश पूरे वर्ष समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते रहेंगे।

समापन समारोह में पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पत्रकार बंधु तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# कासगंज पुलिस ने 45 वारंटी दबोचे

**एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर चला विशेष अभियान, एक सप्ताह में 100 से अधिक गिरफ्तार**

कासगंज। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत कासगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिलेभर में दबिश देकर 45 वारंटी/वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस के अनुसार, इसी अभियान के तहत पिछले एक सप्ताह में 100 से अधिक वारंटियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। यह अभियान जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से निरंतर चलाया जा रहा है।

## सांड के हमले से किशोरी की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोराईयां में खेत जा रही 15 वर्षीय किशोरी को घूम रहे अन्ना साड़ ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे किशोरी की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कोरईयां गांव निवासी महेश की पुत्री शारदा देवी खेत जा रही थी। जब वह कुछ दूर पहुंची तभी गांव में घूम रहे अन्ना साड़ ने उस पर हमला बोल दिया। चीख पुकार सुन आस पास के लोग लाठी डन्डा लेकर दौडे तब तक सांड वहां से निकल गया। कुछ ही देर बाद मौके में ही किशोरी की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आ जाने से 40 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मलवां कस्बा निवासी कंधई लाल का पुत्र क्षत्रपाल सोनी रविवार की सुबह लगभग 10 किसी काम से जा रहा था। जब वह रेलवे स्टेशन के समीप पहुंचा तभी ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची जी आर पी ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के जयराम का पुरवा लोधीगंज के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 28 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी।जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के मझटेनी गांव निवासी परमेश्वर का पुत्र कुलदीप देर रात बाइक से रिश्तेदारी से घर वापस जा रहा था। तभी जयराम का पुरवा लोधीगंज के समीप अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## प्रधानी के चुनाव की तैयारी कर रहे भतीजे को चाचा ने पीटा

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमेना में प्रधानी के चुनाव की तैयारी कर रहे 35 वर्षीय युवक को उसके चाचा ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर बुरी तरह मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायती पत्र देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की। जानकारी के अनुसार अमेना गांव निवासी भोला यादव का पुत्र सुभान सिंह यादव को उसके चाचा नयन सिंह यादव पुत्र रामदीन यादव ने अपने कुछ साथियों सहित उसे लाठी डन्डो व धारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान घायल ने बताया कि उसके चाचा प्रधानी का चुनाव लड़ रहे थे। हार जाने के बाद दोबारा चुनाव लड़ने जा रहे थे। घायल ने बताया कि वह भी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था। जिसका विरोध चाचा कर रहे थे। मना करने पर उसे चाचा ने अपने साथियों सहित लाठी डन्डा व धारदार हथियार मार कर घायल कर दिया।

उसने बताया कि थाने पहुंचने पर पुलिस ने उसे बन्द कर बुरी तरह पीटा उसकी तहरीर भी नहीं लिखी। चाचा नयन सिंह यादव के भाई दरोगा थे जो सेवा निवृत्त हो गये है। जिसकी वजह से पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया।

## लोहे की रॉड से पीट पीट कर पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या

### सनसनी खेज घटना से मोहल्ले में दहसत का बना महौल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम झाऊपुर में अवैध सम्बन्ध के शक पर पति ने 38 वर्षीय पत्नी को सब्बल से प्रहार कर मौत के घाट उतारने के बाद हत्यारा पति थाने पहुंच अपने आप को सेरेन्डर कर घटना की पूरी जानकारी दी। जिसे सुन थानाध्यक्ष सहित सक्ते में आ गयी और मौके पर पहुंच घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। इस घटना से मृतका के दो मासूम बच्चो के अन्दर दहसत भर गयी है। जानकारी के अनुसार झाउपुर निवासी अजय सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह अपनी 32 वर्षीय पत्नी शिखा सिंह व बच्चे अनुज सिंह 12 वर्ष व युवराज सिंह 7 वर्ष के साथ रहता था। बताते है कि पति देवीगंज स्थित दुकान में काम करता था। बीती रात उसने अपनी पत्नी पर सब्बल से ताबडतोड वार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सुबह उठते ही हत्यारा पति थाने पहुंचा और अपने आप को सेरेन्डर करते हुये थानाध्यक्ष को उसके द्वारा की गयी घटना को जानकारी दी। जिससे थाने में हडकम मच गया। तत्काल उसे हवालात में बन्द कर पुलिसबल अपने आला धिकारियों को जानकारी देते हुये तत्काल मौके पर पहुंचे वहीं घटना स्थल का बारीकि से निरीक्षण करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेने के बाद विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पति ने अपनी पत्नी शिखा सिंह का अवैध सम्बन्ध में चलते मौत के घाट उतारा है। कई बार समझाने पर भी वह नहीं मानती थी। जिससे आजिज आकर पति ने खौफनाक घटना अंजाम दे दिया।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरणफतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गाँव में शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल में जुट गयी।

हसनपुर कसार गाँव के अनिल विश्वकर्मा की पुत्री साक्षी विश्वकर्मा शनिवार की दोपहर को लगभग एक बजे अचानक घर के अंदर कमरे में कुण्डी लगाकर छत में लगें चुल्ले से टोंटी में पानी भरने वाले प्लास्टिक के पाइप से गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया। मृतका की माता अनीता विश्वकर्मा उस वक्त अपनी छत पर धूप में सो रही थी। तभी छत से छोटा भाई ऋतिक नीचे आया तो दरवाजा बंद होने पर अवाज लगाई, लेकिन कोई अवाज नहीं आने पर दीवार में बने एक होल से अंदर झंका तो देखकर चिल्लाने लगा और शोर शराबा सुनकर तभी पड़ोसी भी दौड़कर आये और सीढ़ी लगाकर छत के गुल वाले होल से छोटे भाई को अंदर घुसकर कुण्डी खोला तभी मौजूद लोगों और परिजनों को लगा की शायद जीवित हो उस मकसद से शव को नीचे उतार कर चारपाई में लेटा दिये तब तक साक्षी की सांसे थम चुकी थी।

मृतका साक्षी विश्वकर्मा पड़ोसी जनपद कौशाम्बी के बार्डर में दौलतपुर गाँव के एक निजी स्कूल में लगभग छह महीने से शिक्षिका थी। पिता अनिल विश्वकर्मा और बड़ा भाई रितेश विश्वकर्मा महाराष्ट्र राज्य के पूना शहर में रोजी रोटी के लिस मजदूरी करते हैं जो इस वक्त पूना में ही हैं। घट्ट में मृतिका की माता अनीता और एक छोटी बहन शशि विश्वकर्मा व एक छोटा भाई ऋतिक मौजूद थे। मृतका की माँ ने बताया कि घर की स्थित ठीक नहीं है पति नशे का आदी है और करीब चार साल से पूना में रह रहा है,

घर से कोई मतलब नहीं रखता। साक्षी लगभग चार पांच दिनो से शायद अपनी पढ़ाई को लेकर काफी चिंतित रहती थी। स्थानीय पुलिस चौकी अफोई इंचार्ज सत्य प्रकाश पाठक ने बताया कि मृतक की मां की सूचना पर मौके पर पहुंचकर,

घटनाक्रम की पूरी जानकारी हासिल की जा रही है।

और मृतका के दादा राम आसरे उर्फ. (ननकै) विश्वकर्मा की तहरीर के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के पम्पलेट का किया विमोचन!

**समाज जागरण**

सिरसागंज! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरो जाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के निदेशक दीपक जादौन के संयोजन में दिनाँक 08 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से प्रवीन विद्यापीठ, एन एच 19 जगमुदी, सिरसागंज में किया जा रहा



है। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के माननीय कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के पम्पलेट का विमोचन करते हुए बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता, कल्प नाशीलता, उनमें वैज्ञानिक पद्धति के कार्यकलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। विज्ञान लोक प्रियकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य जनमानस विशेषकर विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विभिन्न विज्ञान जाग रूकता कार्यक्रमों का आयोजन एवं वैज्ञानिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के नाम उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर दिनाँक 05 दिसंबर 2025 को सांय 5 बजे तक उपलब्ध करा दीजिये। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत, उपजिलाधिकारी सिरसागंज धर्मवीर सिंह, थाना प्रभारी सिरसागंज वैभव सिंह, अशोक कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां बेटे की दर्दनाक मौत पति बाल-बाल बचा

### रिश्तेदारी से घर वापस जाते समय हुआ हादसा

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गौधरौली गांव में चचेरी बहन की शादी में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे दंपति को ट्रक ने टक्कर मार दी। जमीन पर गिरने से महिला व उसके ढाई वर्षीय इकलौते मासूम पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। पति के हेलमेट लगाए होने की वजह से जान बच गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा ललौली निवासी विकास त्रिवेदी अपनी पत्नी नीतू उम्र 30 व पुत्र शिवांश उम्र ढाई वर्ष को बाइक से शनिवार को औंग थाना क्षेत्र के गांव गोधरौली में अपनी चचेरी बहन प्रिया की शादी में शामिल होने गए हुए थे। रविवार सुबह विदाई के बाद लौटते समय कानपुर प्रयागराज हाइवे पर मौहार ओवरब्रिज पर पीछे से ट्रक ने मार दी। टक्कर लगने से पत्नी नीतू व पुत्र शिवांश व पति विकास सहित तीनों सड़क पर गिर गये। जिसमें पत्नी नीतू व पुत्र शिवांश की मौके पर ही मौत हो गई। पति विकास के हेलमेट लगाए होने के कारण जान बच गई। दो मौतों की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना पर मां प्रतिमा बेहाल हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि हादसे वाले वाहन का पता नहीं चल पाया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय महिला परिषद के संगठन का हुआ विस्तार

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अनुषांगिक संगठन राष्ट्रीय महिला परिषद की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला स्तरीय बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी पहुंचे फतेहपुर विभाग अध्यक्ष गुड़िया सिंह चौहान की



ओर से आए हुए अतिथियों को पटका पहनते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने हिंदुत्व को लेकर चर्चा की और साथ ही साथ संगठन का विस्तार किया गया कार्यक्रम का आयोजन गुड़िया सिंह चौहान विभाग अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद फतेहपुर की ओर से किया गया मुख्य अतिथियों व नवनियुक्त पदाधिकारी को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया संगठन का उद्देश्य हिंदुत्व की अलख जगाना व हिंदू भाइयों को धर्म के प्रति जागरूक करना है।

## आटे की फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग का छापा

### 30 कुण्टल आटा, 750 कुण्टल गेंहू, 07 बोरा सफेद पाउडर जब्त किया!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने इंड स्ट्रियल एरिया क्षेत्र में छापा मारकर 30 कुण्टल आटा, 750 कुण्टल गेंहू और 07 बोरा सफेद पाउडर (सेलखड़ी ) को जब्त किया जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये बतायी है यूपीएसआईडीसी इलाके में शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए ) विभाग की टीम के सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय को सूचना मिली कि ब्रहम लाल ट्रेडर्स पर मिलावटी आटा की बिक्री की जा रही है। इसका संज्ञान लेकर वह टीम के साथ ब्रहम लाल ट्रेडर्स पर पहुँचे, जहाँ उन्हें शिकायत के अनुसार सफेद पाउडर की बोरिया मिली। सन्देह होने पर उनके द्वारा संजय गुप्ता से पूँछतांछ



की तो वह संतोषजनक उत्तर नही दे सका। टीम ने कार्यवाही करते हुए आटा , गैंहू और पाउडर का नमूना लिया। भीड़ का फायदा उठाकर मालिक संजय गुप्ता फरार हो गया। कार्यवाही के दौरान अपर जिला धिकारी वि0/ रा0 विशु राजा ने कड़ी से कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। और थाना उत्तर में रिपोर्ट दर्ज भी करवायी। कार्यवाही के दौरान सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार कुँवर, रमेश चन्द्र खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सन्दीप कुमार, यशपाल यादव शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा आयुक्त चन्दन पाण्डेय ने बताया कि इस प्रकार की छापामार कार्यवाही जारी रहेगा।

## ट्रेन पर पथराव कर यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

### - दो बाल अपचारी भी है शामिल, एक मोबाइल बरामद, जीआरपी फिरोजाबाद ने किए कोर्ट में पेश

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। आरपीएफ और जी आरपी ने ट्रेन पर पत्थर फेंक मोबाइल लूटने/चोरी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बाल अपचारी भी शामिल हैं। क्षेत्राधिकारी रेलवे इटावा जीआरपी उदयवीर सिंह ने बताया कि आरपीएफ टीम के साथ थाना जीआरपी फिरोजाबाद पर दर्ज मुकदमे के तहत राजा निवासी राम खिलाड़ी का किराए का मकान फतेहपुर वाली गली नगला विष्णु थाना लाइनपार, राघव उर्फ रघु निवासी सैयद के पीछे वाली गली अजय यादव के किराए का मकान और लवकुश निवासी टावर वाली गली हिमांयूपर हाल पता ठेके वाली गली नगला विष्णु सहित दो बाल अपचारी गिरफ्तार किए। ये सभी चलती हुई ट्रेनों पर पथराव करके लूटपाट करने का अपराध करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। सभी



आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, एसआई अरविंद कुमार, आरपीएफ के एएसआई धीरेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, पंकज कुमार, सोनू कुमार, कांस्टेबल शैलेंद्र सिंह, देवकी नंदन मीना आदि शामिल रहे।

## सेवानिवृत पुलिस कर्मियों के दी गई विदाई!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजावाद। पुलिस विभाग में अपनी अधिवर्षता आयू पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 पुलिसकर्मियों को सम्मान के साथ विदाई दी गई। पुलिस विभाग



में अपनी अधिवर्षता आयू पूर्ण कर 30 नवंबर को निरीक्षक नागरिक पुलिस उमापति मिश्र, फायरमैन रामदिनेश तथा लीडिंग फायरमैन सत्यदेव गौतम सेवानिवृत हुए। क्षेत्राधिकारी लाइन ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मियों प्रशस्ति पत्र, उपहार एवं माला पहनाकर सम्मान किया। उनके कम की सराहना की। बाद में उन्हें सम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह के दौरान उनके परिवारिजन भी मौजूद रहे। उनके अलावा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों में वृद्धावस्था के प्रति जागरूकता और अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए "आराधना" सांस्कृतिक कार्यक्रम।

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धजन दिवस (आईडीओपी)-2025 के समारोहों की श्रृंखला के क्रम में वृद्धावस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 28.11.2025 को जनपथ, नई दिल्ली स्थित डीआईएसी के भीम हॉल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम "आराधना" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय "अनुभव से ऊर्जा तक" था।इस सत्र में माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी.एल.वर्मा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 41 के अंतर्गत, राज्य को वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए प्रभावी प्रावधान करने का अधिकार दिया गया है। इसी भावना से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 लागू किया गया था। यह ऐतिहासिक कानून हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है–देखभाल, कर्तव्य और प्रेम को प्रवर्तनीय अधिकारों में परिवर्तित करता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मामलों के लिए नोडल विभाग है। 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में लगभग 10 करोड़ वरिष्ठ नागरिक हैं। 2036 तक यह संख्या बढ़कर 22 करोड़ होने का अनुमान है। यह बढ़ती जनसंख्या एक चुनौती के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक केंद्रित नीतियों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रस्तुत करती है। हमारे देश ने नीतिगत और कानूनी ढाँचे, दोनों स्तरों पर इस दिशा में पहले ही कई पहल की हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान वायुसेना बैंड ने स्पेस फ़्लाइट, सुजलाम सुफलाम, रिजॉइस इन रइसाना, इवनिंग स्टार, वंदे मातरम और सारे जहाँ से अच्छा जैसे गीतों की धुनें बजाईं। वायुसेना बैंड द्वारा बजाई गई धुनों ने उपस्थित लोगों में भारत माता के प्रति गौरव, राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना जगाई। इसने एक बार पुनः मातृभूमि के प्रति प्रेम को जागृत कर दिया।

पद्मश्री गीता चंद्रन ने अपनी टीम के साथ भरतनाट्यम का प्रदर्शन किया। लवंगी राग में त्रिधारा, नमः शिवाय, ओंकार कारिणी और संकीर्तन का प्रदर्शन किया। भारतीय नृत्य शैलियों की इन भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपने संबोधन में, माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, श्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिकों को सदैव ज्ञान, धैर्य और मूल्य-आधारित जीवन का प्रतीक माना गया है। उनके जीवन का प्रत्येक अध्याय–कड़ी मेहनत, संघर्ष, त्याग और उपलब्धियों से भरा–युवा पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक का काम करता है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम इसलिए विशेष है क्योंकि संगीत, नृत्य और कला मिलकर अनुभवों को अभिव्यक्त करते हैं और ऊर्जा को एक सुंदर रूप प्रदान करते हैं, जैसा कि भारतीय वायु सेना के संगीत बैंड द्वारा प्रस्तुत किया गया–सेवा और एकता की मधुर अभिव्यक्ति–और भारत की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मश्री सुश्री गीता चंद्रन का सम्मानित नृत्य और संगीत प्रदर्शन। यह आयोजन इसलिए यादगार है क्योंकि आज तीन पीढ़ियाँ इस मंच पर एक साथ हैं–हमारे बुजुर्गों की संगीतमय प्रस्तुतियाँ, हमारे युवाओं की कलात्मक अभिव्यक्तियाँ और बच्चों की आनंदमय उपस्थिति। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इसी दिशा में कार्यरत है, क्योंकि इसका प्रत्येक कार्यक्रम हमारे वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा, सक्रिय जीवन और भागीदारी को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम "आराधना" ने वृद्धावस्था के प्रति जागरूकता और अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थी, नीति निमार्ताओं, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को एक मंच पर एकत्रित किया।

## महाकौशल प्रांत में कल से प्रारंभ होगा व्यापक गृह संपर्क अभियान

**विजय तिवारी शहडोल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर देश भर में व्यापक गृह संपर्क करने की योजना है। इस निमित्त महाकौशल प्रांत में भी रविवार 30 नवंबर 2025 से व्यापक गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।महाकौशल प्रांत के 10 विभाग तथा 34 जिलों के 23914 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों के 65 लाख से अधिक परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा। हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक तथा विविध क्षेत्र के कार्यकताओं के साथ टोली का निर्माण किया गया है। प्रत्येक टोली में 2- 2 मातृशक्तियों को जोड़ा गया है।संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा। समाज परिवर्तन की दृष्टि से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशीयुक्त जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों की भी चर्चा करेंगे।

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इलेक्ट्रॉनिक खिलौना परियोजनाः एक समावेशी और मजबूत स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक खिलौना उद्योग तंत्र के निर्माण के प्रयासों को आगे बढ़ाना के अंतर्गत प्रशिक्षित 18 युवा इंजीनियरों के दूसरे बैच के दीक्षांत समारोह के दौरान ई-खिलौना लैब का उद्घाटन किया गया

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सी-डैक, भारतीय खिलौना उद्योग और लेगो समूह ने परियोजना डेवलपमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी बेस्ड कंट्रोल और ऑटोमेशन सॉल्यूशन फॉर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स (टॉय इंडस्ट्री) के अंतर्गत एक वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने वाले इंजीनियरिंग स्नातकों के दूसरे बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया। यह परियोजना मंत्रालय के अनुसंधान एवं विकास समूह की एक विशेष पहल है जिसका उद्देश्य प्रोटोटाइप विकसित करके और कम प्रति

निधित्व वाले समुदायों सहित युवा इंजीनियरों को ऐसे खिलौने डिजाइन करने हेतु आवश्यक कौशल से सुसज्जित करके भारतीय इलेक्ट्रॉनिक खिलौना उद्योग के विकास को बढ़ावा देना है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इस पहल के अंतर्गत, पूरे भारत से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की पृष्ठभूमि से युवा इंजीनियरों का चयन किया गया और उन्हें एक वर्ष तक अनुसंधान एवं विकास कार्यों में लगाया गया। पहले छह महीने तक उन्हें सी-डैक-नोएडा स्थित ई-खिलौना प्रयोगशाला में काम करने और सीखने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इसके बाद, उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार खिलौनों के प्रोटोटाइप बनाने के लिए उन्हें छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को एक वर्ष के लिए 25,000 रुपये का मासिक वृति दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव, श्री अमितेश कुमार सिन्हा ने सी-डैक, नोएडा में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक खिलौना प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "भारत इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों का एक बढ़ता हुआ बाजार है और भारतीय खिलौना उद्योग के तंत्र के निर्माण में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि इसके लिए आधारशिला तैयार हो रही है

और इंजीनियरों की अगली पीढ़ी इस दिशा में काम कर रही है। इस कार्यक्रम को और बड़े पैमाने पर औपचारिक रूप दिया जा सकता है ताकि अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सके और खिलौना उद्योगों को समग्र रूप से बढ़ावा देने में अधिक प्रभावी हो।

# निष्क्रिय जिला शिक्षा अधिकारी की सुस्त क्रियाप्रणाली ही उनके पदच्यूत का कारण.

( प्रवक्ता द्वारा किये गये प्रयास को मिली सफलता)



**समाज जागरण**

कटनी /शिक्षा विभाग में निष्क्रिय और सुस्त क्रियाप्रणली के रूप में चर्चित श्याम सिंह मरावी जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को राज्य शासन द्वारा इन्हें प्रमुख्य प्रशासकीय दायित्व से मुक्त कर देने को शिक्षकों ने कटनी जिले के इसे शासन का राहत भरा कदम बताये हैं। विगत कुछ समय से शिक्षा विभाग में शिक्षकों के लंबित कार्यों को जिस मंथर गति से जिले के शिक्षा कार्यालय द्वारा संचालित किया जा रहा था, उससे शिक्षकों का असंतोष अपने जिले के मुखिआ के प्रति बढ़ता स्वाभाविक था। जिस आशा उम्मीद का भरोषा लेकर शिक्षकों के नेतृत्वकताओं द्वारा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री मरावी के कार्यकाल को यादगार बनाने हेतु उनके पदभार ग्रहण करने पर उनका हार्दिक सम्मान किये थे, वह सब अल्प समय में ही सपना साबित हुआ।श्री मरावी के जिला शिक्षा धिकारी बनते ही जिले की शिक्षा और शिक्षकों के परवाह को दरकिनार कर विभागीय कामकाज निपटाने के स्थान पर अपने सेवा निवृत्ति के बचे चंद्र दिन गिनने को ही प्रथम प्राथमिकता में शामिल कर रखे थे।विगत कुछ दिन पूर्व उनके कार्यकाल में सेवा निवृत्त हुए, अधिकारी -कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के एक जिम्मेदार प्रवक्ता द्वारा उन्हें हटाने के लिये राज्य शासन से निरंतर पत्राचार करते हुए, छोभ व्यक्त किया गया था, कि जिला शिक्षा अधिकारी की कार्यप्रणली पूर्णतः निरंकुश है, वे शिक्षकों के सेवा निवृत्त पर उनके सम्मान समारोह में शामिल होना अपने शान के खिलाफ समझे थे।जिले के मुखिया का जिले के शिक्षकों के प्रति जो संवेदनायें उनमें होनी चाहिए,वह सब उनमें दूर दूर तक नहीं हैं। अतः उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी जैसे पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। शासन द्वारा प्रांतीय प्रवक्ता के पत्र को गंभीरता से लेते हुए, प्रदेश सरकार द्वारा गत दिवस निष्क्रिय जिला शिक्षा अधिकारी को पदच्युत कर एक नेक और प्रशासनिक छमता से भरे तेजतर्राहट से युक्त सहायक संचालक राजेश अग्रहरी को जिले के शिक्षा विभाग की कमान सौंप कर जिले में गुणात्मक शिक्षा और शिक्षकों के कल्याण की सुखद संकल्पना की गयी है।जिसकी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा सराहना की गयी है।

# प्रबंधन की हीला हवाली के आगे दिल्ली से आई टीम भी लाचार

**समाज जागरण**



शहडोल । जिले में एसईसीएल की अमलाई ओपन कास्ट खदान में बीते अक्टूबर कार्य के दौरान अचानक मिट्टी धंसक जाने से एक डोजर मशीन और टीपर मशीन गहरे पानी में समा गई थी। इस हादसे में टीपर ऑपरेटर अनिल कुशवाहा भी गहरे पानी में समा गया था जिसका अभी तक कुछ पता नहीं लग सका है। हादसे के बाद कंपनी पर लापरवाही का आरोप भी लगा था। मशीन और ऑपरेटर को पानी से निकालने के लिए स्थानीय स्तर के प्रयासों के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई थी, लेकिन वह भी इसमें विफल साबित हुई थी। अब अमलाई ओपन कास्ट खदान में जमा पानी को बाहर निकालने के लिए दिल्ली से एक सप्ताह पूर्व विशेषज्ञों की एक टीम छह हाई-कैपेसिटी पंपों के साथ आई है। लेकिन बताया जा रहा है, कि विशेषज्ञों की यह टीम सप्ताह भर में अपना काम शुरू नहीं कर पाई है। इसके पीछे का कारण एसईसीएल और ठेका कंपनी आरकेटीसी द्वारा पंप लगाने के लिए समतल सतह तैयार करके टीम को नहीं दिया जाना बताया जा रहा है। इस देरी से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है, कि एसईसीएल और ठेका कंपनी आर केटीसी इस मामले में कितनी गंभीर है। दिल्ली की विशेषज्ञ टीम के मौजूद होने के बावजूद पानी निकालने का काम शुरू नहीं हो पाना कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। सूत्र बताते हैं कि खदान में जहां हादसा हुआ वहां बैक फिलिंग महीनों से लंबित थी और दलदली जमीन पर कार्य चल रहा था। बैक फिलिंग न होने से सतह कमजोर, दलदली और अस्थिर हो गई थी। विशेषज्ञ इसे प्राकृतिक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रबंधन की बड़ी लापरवाही बता रहे हैं। डीजीएमएस के कई सुरक्षा नियम खुले आम तोड़े गए हैं। बताते हैं कि जिन क्षेत्रों को असुरक्षित घोषित किया गया था, वहां किसी भी प्रकार की खनन गतिविधि पर कोल माइंस रेगुलेशन एक्ट 2017 के तहत सख्त रोक है। फिर भी सीएमआर 106 (2) का उल्लंघन, सीएमआर 170(क) का अनुपालन नहीं किया गया, सुरक्षा निरीक्षण की कमी, और खतरे के मूल्यांकन की औपचारिकता जैसी गंभीर विफलताओं ने दुर्घटना की नींव पहले ही डाल दी। बताया जाता है कि ब्लास्टिंग से होने वाले कंपन का आधिकारिक मापन सिर्फ खदान के सुरक्षित हिस्सों में किया जाता है, जहाँ प्रभाव कम होता है। वास्तविक झटका पास के गांवों, स्कूलों और आबादी वाले इलाकों में महसूस होता है, पर वहाँ कोई रिकॉर्डिंग नहीं होती। इस क्षेत्र के ग्रामीणों का दर्द यह है, कि यहां से रोजाना सैकड़ों ट्रक कोयला परिवहन करते हैं और अधिकांश ट्रक कोयला को बिना कवर करके निकलते हैं। ग्रामीणों का कहना है, कि इसके कारण सड़क पर कोयले की मोटी परतें जम जातीं है और उड़ती धूल से समीपवर्ती गांवों में श्वसन संबंधी दिक्कतों से लोग परेशान हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप हैं कि कॉलरी प्रबंधन का स्वच्छता अभियान सिर्फ कागजों में ही दौड़ता है।

# जैतहरी बस्ती को 20 साल बाद मिली बड़ी सौगात – बस्ती स्कूल रोड का लोकार्पण, विकास की नई राह खुली

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी जैतहरी।**



जैतहरी बस्ती की सबसे बड़ी और लगभग दो दशकों से लंबित समस्या आखिरकार दूर हो गई है। बस्ती स्कूल रोड के करीब 400 मीटर लंबे हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में खुशहाली और राहत का माहौल है। लंबे समय से जर्जर व उखड़ी सड़क के कारण बच्चों को स्कूल पहुँचने में दिक्कत, बारिश में कीचड़, जलभराव तथा आमजन को आवागमन में बड़ी परेशानी होती थी। अब सड़क के मजबूत निर्माण से बस्ती में विकास की नई राह खुल गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष श्री उमंग अनिल गुप्ता एवं सीएमओ श्री भूपेंद्र सिंह ने संयुक्त निरीक्षण कर सड़क को बस्तीवासियों को समर्पित किया। दोनों ने बताया कि यह सड़क वर्षों से बस्तीवासियों की प्रमुख मांगों में से एक थी, जिसे तकनीकी और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद प्राथमिकता देकर पूरा किया गया। अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने कहा–यह सड़क मेरे प्यारे बस्तीवासियों को समर्पित है। यह केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि बस्ती के विकास का एक बड़ा कदम है। हमारा लक्ष्य है कि जैतहरी की हर पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

वहीं सीएमओ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि निर्माण की पूरी प्रक्रिया में गुणवत्ता को सर्वोपरि रखा गया। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस सड़क को अधिक टिकाऊ और मजबूत बनाया गया है, ताकि आने वाले वर्षों में लोगों को कोई असुविधा न हो।

स्थानीय नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दो दशक की प्रतीक्षा के बाद यह कार्य पूर्ण होना बस्ती के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। अब बच्चों को स्कूल जाने में आसानी होगी, दैनिक आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र की समग्र प्रगति को गति मिलेगी।

सड़क निर्माण के लोकार्पण एवं निरीक्षण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता एवं सीएमओ भूपेंद्र सिंह के साथ अनिल गुप्ता पूर्व उपाध्यक्ष विंध्य विकास प्राधिकरण , कैलाश सिंह मरावी शेख अब्दुल जलील,सहित बड़ी संख्या में बस्तीवासी मौजूद रहे।

# आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर भड़का ब्राह्मण समाज बिजुरी में दिया गया ज्ञापन

**समाज जागरण गौरव द्विवेदी**



बिजुरी। संतोष वर्मा आईएएस द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले अमर्यादित एवं निंदनीय बयान को किसी भी सभ्यसमाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है यह केवल एक व्यक्ति का बयान नहीं बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और सामाजिक असीमता पर किया गया सीधा आघात है। संतोष वर्मा के विवादित बयान की विरोध में शनिवार को ब्राह्मण समाज द्वारा ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन देने के पूर्व इस संतोष वर्मा के विरोध में नारे भी लगाए गए और पुतला दहन किया गया ।उसके खिलाफ कार्यवाही की मांग भी की गई।

# पसान में कड़ाके की ठंड, लोग ठिठुर रहे – नगर पालिका पर उठे सवाल

## जनता की मांगः अध्यक्ष राम अवध सिंह तत्काल मुख्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराएं

**समाज जागरण**



अनूपपुर। जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड और गलन ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है कोयलांचल क्षेत्र पसान नगर पालिका में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, लेकिन अब तक नगर पालिका द्वारा अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं किए जाने से स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है ठंड की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है और बच्चों के लिए ड्रेस कोड में छूट भी दे दी है, लेकिन नगर पालिका के स्तर पर अब तक किसी प्रकार की राहत व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है सुबह और रात के समय गलन की तीव्रता इतनी अधिक है कि लोग जरूरी काम से भी घर से निकलने में परेशानी महसूस कर रहे हैं जमुना, भालूमाड़ा, पसान बाजार, बस स्टैंड, मुख्य चौक सहित कई स्थानों पर नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह से तत्काल अलाव जलाने की व्यवस्था करने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी ठंड पड़ने के बावजूद प्रशासन की तैयारी नदारद है नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका का दायित्व है कि आमजन को राहत देने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करे, ताकि मजदूर, वरिष्ठ नागरिक, राहगीर और गरीब तबके के लोग ठंड से बच सकें पसान क्षेत्रवासियों ने चेतावनी भरे स्वर में कहा है कि यदि तुरंत अलाव की व्यवस्था नहीं की गई, तो नगर प्रशासन के प्रति जनाक्रोश बढ़ सकता है। जनता को उम्मीद है कि अध्यक्ष राम अवध सिंह स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाएंगे

# लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय नरेंद्र दुबे जी पंचतत्व में हुए विलीन



**नरेंद्र दुबे जी के दुःखद निधन पर भाजपा कार्यकताओं में शोक की लहर**
**भाजपा जिला अध्यक्ष ने वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नरेंद्र दुबे जी के निधन पर जताया शोक**

**समाज जागरण**

शहडोल :- लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय नरेंद्र दुबे जी पंचतत्व में हुए विलीन दुःखद निधन पर भाजपा कार्यकताओं में शोक की लहर भाजपा जिला अध्यक्ष ने वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नरेंद्र दुबे जी के निधन पर जताया शोक

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा की हम सभी के मार्गदर्शक प्रखर वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी श्री नरेंद्र दुबे जी आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, किन्तु उनके दिखाए रास्ते, उनके साथ बिताये पल हमारे जीवन की पूंजी बनकर हमें निरंतर प्रेरणा प्रदान करते रहेगी. मैं भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि कार्यकताओं की ओर से उनके श्री चरणों मे अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए, उन्हें विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करती हूं

मैं दुख की घड़ी में ईश्वर प्रार्थना करती हूं की दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करती हूं। लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ नेता श्री नरेंद्र दुबे जी का जिला चिकित्सालय शहडोल मे इलाजरत रहने के दौरान शनिवार कि रात लगभग 10.00 बजे दुःखद निधन हो गया वहीं रविवार की सुबह भाजपा की वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय नरेंद्र दुबे जी के पार्थिव शरीर को उनके बुढार रोड स्थित निज निवास से अंतिम यात्रा निकल गई स्वर्ग श्री नरेंद्र दुबे जी के अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम नागरिक अंतिम यात्रा में शामिल होकर बुढार रोड स्थित शांतिवन में पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

**गॉड ऑफ ऑनर के साथ दी गई श्रद्धांजलि**

बुढार रोड स्थित शांतिवन में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मीसाबंदी स्व.नरेंद्र दुबे के दुखद निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कलेक्टर ने शांतिवन श्मशान, बुढार रोड शहडोल पहुँचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्व. नरेंद्र दुबे के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया

वही स्वर्गीय नरेंद्र दुबे जी के पार्थिव शरीर शव का अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान के साथ उनके बड़े बेटे अमित दुबे गोल्डी द्वारा मुख्यअग्नि दी गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया कि सन 1970 के दशक मे संयुक्त शहडोल जिले मे, छात्र राजनीति की अलख जगाने वाले, उस दौर के तेज तर्रार, संघर्षशील छात्र नेता रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नरेंद्र दुबे जी ने संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रख कर, मातृभूमि की सेवा मे सपर्पित उनका जीवन हमेशा संघर्षप्रद रहा है तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मती इंदिरा गाँधी द्वारा जून 1974 मे देश मे लगाए गए आपातकाल का पुरजोर विरोध कर, 18 वर्ष की अल्प अवस्था मे सैकड़ों युवाओं को साथ लेकर श्री नरेंद्र दुबे आपातकाल जैसे काले कानून के खिलाफ सड़क पर लड़ाई लड़े फलस्वरूप उन्हें गिरफ्तार कर MISA ATC मे जेल मे डाल दिया गया. तरह तरह की यातनायें दी गई, लेकिन जेल मे डालने के बावजूद भी उनका आत्म विश्वास कभी कम नहीं हुआ वे जेल के भीतर रह कर भी उन्होंने आपातकाल जैसे काले कानून का विरोध जारी रखा. 19 महीने बाद उन्हें जेल से रिहा किया गया.जनता दल से राजनैतिक यात्रा प्रारम्भ करने वाले, श्री नरेंद्र दुबे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सहित अनेक जिम्मेदारी पूर्ण पद पर रहकर, संगठन कार्यों मे लगातार सक्रिय रहे हैं, पार्टी के अति वरिष्ठतम नेता के रूप मे उनका महत्वपूर्ण स्थान रहा

श्री नरेंद्र दुबे हमेशा पीड़ित एवं कमजोर व्यक्तियों के साथ खड़े रह कर उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने मे अग्रणी रहे। लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय नरेंद्र दुबे जी के निधन पर इन्होंने जाते शोक भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी, मनोज गुप्ता, राकेश सोनी, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, प्रकाश जगवानी, सुशील शर्मा, राजाराम पांडे, राजेंद्र गौतम अंकुश शर्मा, अमित गुप्ता बंटी, आदित्य चपरा, रवींद्र वर्मा, सुनील मिश्रा, चंद्रेश द्विवेदी, जानू छाबड़ा, पिंकू शुक्ला, सुमित पाठक, मीनू सिंह, सूर्यकांत मिश्रा, प्रकाश सोनी, संतोष रावत, मनीष गुप्ता, सोनू जायसवाल, संतोष मिश्रा काका, मनीष पांडे, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा आज दो दिवसीय दौरे के दौरान पहुंचेंगे प्रतापगढ़

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**



प्रतापगढ़/प्रयागराज से प्रस्थान कर 01 दिसंबर 2025 को करेंगे जनपद प्रतापगढ़ आगमन सब स्टेशन कुंडा में पूर्वाह्न 11 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' के शुभारंभ कार्यक्रम में होंगे शामिल ऊर्जा उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने हेतु सरकार की ऐतिहासिक पहल प्रतापगढ़,30 नवंबर 2025 नगर विकास एवं ऊर्जा जनपद आगमन के उपरांत मंत्री श्री शर्मा सब स्टेशन, कुंडा में आयोजित बिजली बिल राहत योजना 2025झ26 के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। यह योजना ऊर्जा उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक राहत प्रदान करने तथा बकाया बिलों के निस्तारण को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। मंत्री श्री शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय, ऊर्जा विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ योजना के लाभों एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा साझा करेंगे। प्रदेश सरकार ने सदैव आम जनता के हितों को प्राथमिकता में रखते हुए विकास एवं ऊर्जा क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया है। इसी क्रम में प्रतापगढ़ का यह दौरा प्रदेश के ऊर्जा उपभोक्ताओं को सीधी राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मंत्री श्री शर्मा अपने प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नागरिकों से भी संवाद करेंगे,इसके पश्चात मंत्री श्री शर्मा रायबरेली प्रस्थान कर जाएंगे। यह जानकारी जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त हुई है।

# स्थापना दिवस पर करोड़ों उड़ाए, सुरक्षा पर शून्य निवेश!

**सिंगरौली में NCL की लापरवाही ने ली तीन जानें**

**समाज जागरण सिंगरौली**

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (NCL) ने अभी दो दिन पहले करोड़ों रुपये खर्च कर धूमधाम से अपना स्थापना दिवस मना कर अपनी उपलब्धियों का बखान किया, लेकिन हकीकत यह है कि परियोजनाओं में सुरक्षा व्यवस्था बदहाल है। पिछले 24 घंटे में दो हादसे, तीन मौतें - यह साबित करने के लिए काफी हैं कि NCL प्रबंधन का सुरक्षा को लेकर दावा सिर्फ कागजों में चमकता है। जब तक NCL प्रबंधन जिम्मेदारी नहीं लेता, तब तक सिंगरौली में मौतें ऐसे ही होती रहेंगी और स्थापना दिवस पर मनाया जाने वाला उत्कृष्टता का जश्न सिर्फ एक खोखला दिखावा बना रहेगा। जयंत मुड़वानी डैम हादसाः कोयला लदा ट्रक 30 फीट खाई में गिरा – दो की मौत विंध्यनगर थाना क्षेत्र के जयंत मुड़वानी डैम के पास बीती रात करीब 3 बजे एक कोयला परिवहन ट्रक अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट गहरी खाई में जा गिरा। चालक सुरेश पाल (गोदवाली निवासी) की मौके पर ही मौत जबकि मृतक क्लीनर की पहचान अज्ञात, दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार टीम के साथ पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ट्रक के केबिन में बुरी तरह फंसे दोनों को निकालकर नेहरू अस्पताल, जयंत ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। घटना का कारण वाहन से नियंत्रण खोने का अंदेशा,सड़क किनारे सुरक्षा



रेलिंग का अभावऔर रात्रि परिवहन के दौरान मॉनिटरिंग और सुरक्षा गाइडलाइन लागू नहीं को माना जा रहा है। यह सवाल उठना लाजमी है कि NCL की करोड़ों टन कोयला ढोने वाली परियोजना में सड़क सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं क्यों नहीं हैं?

**NCL जयंत CHP में करंट से ठेका श्रमिक की मौत – मजदूर उफन पड़े**

गुरुवार दोपहर NCL जयंत के कोल हैंडलिंग प्लांट (CHP) में एक और हादसा हुआ। अरविंद खैरवार, चकरिया गांव निवासी, एचडी सिंह कंस्ट्रक्शन का वेल्डर – वेल्डिंग मशीन में करंट आने से मौके पर ही ढेर। उसके साथी मजदूरों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं मसलन वेल्डिंग जैसे जोखिमपूर्ण कार्यों के लिए सुरक्षा किट उपलब्ध क्यों नहीं नहीं। मशीनों की नियमित जांच (इंस्पेक्शन) और ग्राउंडिंग भी नहीं। ठेका कंपनियां सुरक्षा मानकों की खुली धज्जियां उड़ा रही हैं। NCL प्रबंधन सिर्फ कागजी निगरानी कर रहा है। एक मजदूर का बयान घटनास्थल की सच्चाई उजागर करता है कि वेल्डिंग जैसे खतरनाक काम में भी सुरक्षा किट नहीं दी जाती। यह हादसा लापरवाही का नतीजा है। विंध्यनगर थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कानूनी कार्रवाई होगी और परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। दोनों घटनाओं ने मजदूरों के बीच भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। हादसे मामूली नहीं हैं ये NCL की सुरक्षा नीति पर सीधे-सीधे प्रश्नचिह्न हैं। प्रबंधन हर दुर्घटना के बाद वही रट लगाता है कि जांच जारी है, मुआवजा दिया जाएगा, सुधार किए जाएंगे। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि NCL में मौतें रुक नहीं रही हैं। जिन्हें देखकर लगता है कि NCL प्रबंधन मजदूरों की ज़िंदगी से ज्यादा इवेंट मैनेजमेंट को अहमियत दे रहा है?

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 316 हिन्दु जोड़े व 04 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय इण्टर कालेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 320 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजत कार्यक्रम में 316 हिन्दू जोड़े एवं 04 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीव ास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, सीडीओ के पिता दिनेश कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि बीएल वर्मा, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य सहित अन्य अतिथियों ने नव दांपत्य जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों का आज उन्हीं के रीति रिवाज के साथ विवाह को सम्पन्न कराया जा रहा है। गरीब एवं असहाय व्यक्ति विवाह जैसे आयोजनों में अत्यधिक खर्च होने से गरीब परिवारों पर भारी बोझ पड़ता है, ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये वरदान साबित हो रही है। उन्होने नव दांपत्य जोड़े से कहा कि यहां से जाने के बाद किसी भी प्रकार का खर्च न करें और अपना जीवन सुखमय बिताये। विधायक विश वनाथगंज ने इस आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये मुख्य विकास अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सामूहिक विवाह का आयोजन भव्य रूप से किया गया,




सभी नव दांपत्य जोड़ो को माँ बेल्हा देवी का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कार्यभार संभालने के दूसरे ही दिन उन्हें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला था और आज पुनः इस शुभ अवसर पर उपस्थित होना अपने-आप में सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि विवाह केवल एक जन्म का बंधन नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतर का पवित्र संबंध है, जिसे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ यहाँ संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि पूर्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बेटियों के विवाह हेतु 51 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती थी, जिसे प्रदेश सरकार ने बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया है। इसमें से 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजे जाते हैं, जबकि शेष धनराशि विवाह सामग्री और आयोजन पर खर्च की जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के ह्रसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्व के मंत्र के साथ कार्य कर रही हैं। अंत में उन्होंने सभी नवदंपतियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाएँ और हर परिस्थिति में एक-दूसरे के प्रति सहयोगी बनें।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा तथा उनके पिता दिनेश कुमार मिश्रा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। अतिथियों ने सभी नवदंपतियों के भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह सहित अन्य अधि कारीगण व समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य सहित गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का संचालन सुनील प्रभाकर द्वारा किया गया।

# एएनएम पर लगा अबैध वसूली करने का आरोप, महिला पीड़ितों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



कोन/ सोनभद्र। नव सृजित विकास खण्ड के पीपरखाड़ एएनएम सेंटर के एएनएम सिंधु देवी पर पांडुचट्टान के महिलाओं ने लगाया अबैध धन वसूली और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के संबंध में पीड़ित पूजा देवी सहित अन्य महिलाओं ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पंजीकृत पत्र भेजकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने मांग किया है ऐसे एएनएम के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराना सुनिश्चित की जाए ताकि गरीब महिलाएं आर्थिक शोषण से बच सकें।पूजा, रीता, मालो देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि कार्यरत एएनएम सिंधु द्वारा डिलीवरी के नाम पर धमकी देते हुए अबैध धन वसूली की गयी और उनके द्वारा धमकी दी गयी कि बच्चों को मिलने वाला सरकारी लाभ से वंचित कर दिया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने बताया कि एएनएम सिंधु देवी के ऊपर विगत वर्ष पूर्व अबैध धन वसूली का आरोप लगा था जिस पर विभाग द्वारा ओबरा तहसील अंतर्गत स्थानांतरण किया गया था किन्तु अपने प्रभाव के चलते पुनः वापसी पीपरखाङ केन्द्र पर करवा ली। बतातें चलें कि पीड़ित महिलाओं पर एक तो उनके घर में असामयिक मौत से नहीं उबरे कि एएनएम द्वारा मानसिक उत्तपीड़न व आर्थिक शोषण किया गया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्वती, विन्दु, सुगवंति, काली, कुन्ती सीमा देवी रहे। इस बावत मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि जो भी दोषी होगा जाँच कराकर अवश्य कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी।

# रेखा जायसवाल ने अपने निजी खर्च पर वृद्धा, विधवा, विकलांग और अति निर्धन को बांटे एक सौ कम्बल

कम्बल पाकर खिले महिलाओं के चेहरे

**ब्यूरो समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र ग्राम पंचायत पंडरी में एक महिला जो वकालत की पढ़ाई करते हुए रेखा जायसवाल ने वृद्धा, विधवा, विकलांग, और अति निर्धन वृद्ध महिलाओं पुरुषों को अपने निजी खर्च पर एक सौ कम्बल वितरित किए। यह आयोजन गांव में मुख्य चौराहे पर किया गया। गांव की महिलाओं कुंती देवी, कांती देवी, राजकली बिमली, लीलावती, अमरावती, राजकुमारी, सुनिता ने कम्बल पाने के बाद कहा कि हम लोग बहुत गरीब और बेसहारा हैं, इस वर्ष बहुत ठंड भी पड़ रही है ऐसे में यह कम्बल बहुत ही सहारा हो गया। ऐसे ही गांव के जगनारायन, राजमनी, भोजू, त्रिवेणी, रामकृत, मुन्नी गोड़ आदि सैकड़ों लोगों को कम्बल दिया गया। कम्बल वितरित कर रही रेखा जायसवाल ने कहा कि हम ऐसे ही कम्बल वृद्धा, विधवा, विकलांग, और जो गांव में अति निर्धन है। जिसको सहारे की जरूरत है हम उन्हें ही इस बढ़ती ठंड को देखते हुए कम्बल बांटने का निर्णय लिया है। इसके पिछे हमारा कोई नीजी स्वार्थ नहीं है, समाज की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।हम ऐसे ही और भी गांव में कम्बल बांटने का फैसला किया है। मौके पर गांव के रामशकल जायसवाल, ऐनूलहक, बलिराम, रामदुलारे नागेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष बरसात बहुत अधिक हुआ है। अभी तक खेत, तालाब, पोखरा, नदी पुरा पानी भरा हुआ है, जिसके कारण ठंड बहुत तेजी से पड़ने के आसार हैं। ऐसे में गांव में जगह-जगह पर सरकार से अलाव जलाए जाने की मांग भी किया है।

# अराजक तत्वों ने गरीब-निरीह महिला के दुकान गोमती में लगायी आग, हजारों का सामान जलकर हुआ खाक

परिजनों ने की कार्रवाई के साथ ही मुआवजा की मांग

**ब्यूरो समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन ग्राम पंचायत के मुनगा टोला में एक गरीब-निरीह अल्पसंख्यक महिला के दुकान गोमती में कुछ अराजक किस्म के शरारती तत्वों ने महिला के घर के बाहर से दरवाजे पर कुण्डी चढ़ा कर घर के बाहर रखी दुकान गोमती में आग लगा दी जो दुकान में रखा



जनरल सामान तथा रोजमर्रा की दैनिक वस्तुओ समेत सिंगार की सभी सामग्री जल कर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नाजमा बेगम पत्नी जुल्फेकार खां शनिवार की रात खा पी कर सो गये । तत्पश्चात रात्रि तकरीबन12 बजे के पश्चात कुछ अराजक किस्म के शरारती लोग महिला के घर की दरवाजा की बाहर से कुण्डी चढ़ा कर गोमती दुकान में आग लगा दिया जिससे दुकान गुमती में रखा सर सामान जलकर खाक हो गया। बताते हैं कि पीड़ित गरीब महिला ने समूह से 50 हजार रु. का सामान अभी हाल में लाया था तथा पिछला सामान समेत 25 हजार रु की गोमती भी जला कर खाक कर दिया। परिजनों ने इसकी जानकारी इलाकाई पुलिस को देकर अविलम्ब ही जांच करवा कर आग लगी की घटना में शामिल अराजक किस्म के शरारती तत्वों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने के साथ ही जिला प्रशासन से मुआवजा दिलवाये जाने की मांग किया है।

# थाना रायपुर व थाना मांची पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान दो गौ तस्कर गिरफ्तार

एक पिकप वाहन से कुल 07 राशि गोवंश 01अवैध देशी तमंचा 315 बोर बरामद

**ब्यूरो समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। रायपुर माची थाना की संयुक्त पुलिस टीम को शनिवार की रात वाहन चेकिंग दौरान बड़ी सफलता मीली है। संयुक्त टीम को एक पिकप वाहन से 7 राशि गोवंश, एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर एक अदद मिस कारतुस व एक अदद खोखा बरामद किया गया है। रायपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध गस्त किया जा रहा है। जिसमें खलियारी दरमा मार्ग पर एक संदिग्ध पिकप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया जो पुलिस को देखते ही तेज रफ्तार से भागने लगा। रास्ते कच्चे होने से वाहन फंस गया दो आरोपी जंगल की ओर भागे। पुलिस द्वारा घेरे बंदी किए जाने पर एक अभियुक्त ने पुलिस पर फायरिंग किया, जिससे गोली प्रभारी निरीक्षक के सिर के उपर से निकल गई। पुलिस ने आत्मरक्षा एवं बदमाश नियंत्रण की कार्रवाई में एक बदमाश जियाउल उर्फ जिया उद्दीन के पैर में गोली लगी जिसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु सीएचसी वैनी में भेजा गया।दूसरा बदमाश रिशु यादव उर्फ विकास यादव मौके पर ही आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों अभियुक्तों को थाना रायपुर में 109 बीएनएस,3/25 आर्म्स एक्ट 3/5ए/5बी/8गोवध निवारण अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर अग्रीम कार्यवाही की जा रही है। दोनों आरोपियों ने पुछताछ में बताया कि उन्हें प्रमोद, शिवमंगल यादव व विनोद,गोरख खटिक ने पशु उपलब्ध कराया था, जिन्हें भगवान यादव निवासी निरंजनपुर, विकास यादव पुत्र बुट्टन निवासी ग्राम झरिया थाना चैनपुर जनपद कैमूर भभुआ बिहार ले जा रहे थे जहां से पशु वध के लिए बंगाल भेजे जाते हैं। पुलिस टीम में रायपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा, माची थाना प्रभारी निरीक्षक नागेश सिंह, उपनिरीक्षक राहुल पांडेय हेड कांस्टेबल अखिलेश राय, शैलेन्द्र यादव अजय यादव, राधेश्याम यादव, अभिषेक सिंह आदि मौजूद थे।

# सहायक आयुक्त ने शिवपुर, खलियारी, वैनी और आमडीह धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

संबंधितों को जमकर लगायी फटकार

**ब्यूरो समाज जागरण**




खलियारी/ सोनभद्र।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता देवेन्द्र कुमार सिंह ने शिवपुर, वैनी, खलियारी और आमडीह धान क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया। आमडीह बीपैक्स मे छः किसानो से 600 कुंटल खरीद पाई गयी। समिति परिसर मे यत्र तत्र फर्श पर धान के भंडारण पर सहायक आयुक्त ने सचिव विजय शंकर को जमकर फटकार लगायी। सहायक आयुक्त ने कहा की मानक के अनुरूप धान नही क्रय किये गए और क्रय नीति का उल्लंघन पाया गया तो किसी भी क्षति की वसूली केन्द्र प्रभारी से की जाएगी।शिवपुर बीपैक्स मे सात किसानो से 630.40 कुंटल धान खरीद पाई गई। केन्द्र प्रभारी सौरभ सिंह को नियमित रूप से क्रय केंद्र खोलकर अधिक से अधिक किसानो को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बीपैक्स खलियारी पर सचिव/ केन्द्र प्रभारी अंतिमा भारती ने बताया कि ई-पोप मशीन मे दिक्कत के कारण आनलाईन खरीद मे समस्या है ।मौके पर अनिल कुमार के लगभग 20 कुंटल धान की तौल हो रही थी।सहायक आयुक्त ने मौके पर तकनीकी विशेषज्ञो से बात करके समस्या का समाधान कराया। वैनी बीपैक्स मे मात्र एक किसान से 100 कुंटल खरीद पाई गई।सहायक आयुक्त ने केन्द्र प्रभारी को खरीद मे तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेशसिंह तथा एडीओ चतरा श्रीचंद भी उपस्थित रहे।

# गीता जयंती पर "मानव जीवन में धर्म ग्रंथ गीता की उपयोगिता" विषयक संगोष्ठी का आयोजन 01 दिसंबर को

गीता के प्रचार प्रसार में विशेष योगदान के लिए पांच विभूतियों को किया जाएगा सम्मानित

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। मार्गशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की मोक्षदा एकादशी (1 दिसंबर 2025) को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद मुख्यालय रॉबट्र्सगंज के श्री जयप्रभा मंडपम (ब्रह्मबाबा की गली ) में गीता जयंती समारोह का आयोजन दोपहर 1:00 बजे से डॉक्टर बी सिंह, डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव के संयोजकत्व में आयोजित होगा। कार्यक्रम में "मानव जीवन में धर्म ग्रंथ गीता की उपयोगिता" विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गीता के प्रचार- प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी समिति के स्वागताध्यक्ष जगदीश पंथी एवं स्वागत सचिव अरुण कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से दी है।भक्तगणों से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने।



# कोन तेलगुडवा मार्ग पर बाइक भिड़ंत में दो की मौतः रोगही के पास हुई दुर्घटना, एक घायल

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



डाला/ सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र में कोन तेलगुडवा मार्ग पर रोगही के पास शनिवार शाम करीब 7 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ है। जानकारी के अनुसार, पटेल नगर निवासी विजय कुमार पटेल (30) अपने ससुराल से घर लौट रहे थे। वहीं, रेनुकूट से ड्यूटी कर चांचीकला स्थित अपने घर जा रहे यशवंत (45) पुत्र अवध बिहारी की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पीआरबी टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी) कोन ले गई। वहां विनय कुमार पटेल को मृत घोषित कर दिया गया। विनय की मौत की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन सीएचसी कोन पहुंच गए और डॉक्टरों पर लापरवाही तथा सुविधाओं की कमी का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया। दूसरी बाइक पर सवार यशवंत की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति सतीश पुत्र रिंकू निवासी चांचीकला भी घायल हुआ है। इस दुखद घटना से दोनों मृतकों के परिवारों में मातम छा गया है।

# सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्यवाही – कफ सीरप तस्करी का मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल गिरफ्तार-

विदेश भागने की फिराक में था आरोपी, ड्रग माफिया शुभम जायसवाल का पिता

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा ड्रग माफियाओं एवं कफ सीरप तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में गठित सोनभद्र पुलिस, एसआईटी व एसओजी टीम सोनभद्र ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। टीम द्वारा कोलकाता से कफ सीरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल पुत्र रामदयाल, निवासी ए-924/जे, कायस्थ टोला, प्रहलाद घाट, आदमपुर, जनपद वाराणसी को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह विदेश भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस द्वारा कोलकाता में ट्रांजिट रिमांड हेतु माननीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके क्रम में अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया जाएगा।

**कफ सीरप बरामदगी का पूरा प्रकरण-**

दिनांक 18.10.2025 को जनपद सोनभद्र में चेकिंग के दौरान दो कंटेनरों से कुल 1,19,675 कफ सीरप की शीशियाँ बरामद की गई थीं। इसके अतिरिक्त, आरोपी बृज मोहन व शिवहरि की सूचना के आधार पर सोनभद्र पुलिस ने गाज़ियाबाद में संयुक्त कार्यवाही कर चार ट्रकों से भारी मात्रा में कफ सीरप तथा ₹20 लाख फंडिंग की नकदी बरामद की थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि भोला प्रसाद जायसवाल द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची (झारखंड) के माध्यम से बड़े पैमाने पर कफ सीरप की नकली बिलिंग कर विभिन्न जनपदों में अवैध वितरण किया जा रहा था। एसआईटी जांच में जनपद भदोही, चंदौली, वाराणसी व सोनभद्र में लगभग ₹25 करोड़ के फर्जी लेन-देन का खुलासा हुआ, जिनमें से अधिकांश फर्में धरातल पर अस्तित्वहीन पाई गईं। संलिप्त खातों को फ्रीज कराया गया है।



**नया अभियोग पंजीकरण एवं आरोप-**

दिनांक 29.11.2025 को ड्रग इंस्पेक्टर राजेश मौर्य द्वारा थाना रॉबट्र्सगंज पर मु0 अ0सं0 1191/2025 धारा318(4), 338, 336(3), 340(2), 61 (2)(अ) भारतीय न्याय संहिता तथाधारा 27(A), 29 NDPS Act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया। उक्त अभियोग में उल्लेखित है कि ग्राम बरकरा की फर्जी फर्म माँ कृपा मेडिकल एवं मेसर्स शिवक्षा प्रा0 लिमिटेड द्वारा 01.04.2024 से 23.08.2025 तक 7,53,000 शीशियाँ Phensedyl Syrup अवैध रूप से काले बाजार में खपाई गईं। उक्त संगीन आरोपों के आधार पर सोनभद्र पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भोला प्रसाद जायसवाल की गिरफ्तारी की गई।

# दुद्धी में दो दिवसीय आदिवासी महा सम्मेलन में दिखीं लोक संस्कृति कर्मा-शैला की झलक

गोंडी धर्म परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में धमार्चार्य व प्रबुद्धजन पहुंचे

**सोनभद्र ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। दुद्धी रामलीला खेल मैदान पर दो दिवसीय दिनांक 29 व 30 नवंबर 2025 कों गोंडी धर्म परिषद दुद्धी, रानी दुर्गावती स्मारक सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रकृति शक्ति आदि बड़ा देव की स्तुति कर 52 गढ़ 57 परगना के देवी देवताओं का आह्वान कर पूजन अर्चन के उपरांत गोंडी गाथा का प्रवचन धर्म आचार्य सुखई पोया, रामनाथ, श्याम, रामदेव टेकाम व अनिल सिंह आदि के द्वारा कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमें अपनी संस्कृति और परंपरा पर गर्व करते हुए नशा से दूर रहकर एवं शैक्षिक स्तर ऊंचा कर आगामी पीढ़ी को सामाजिक, राजनीतिक भागीदारी में अग्रणी भूमिका निभाकर अपनी खोई विरासत को पुनः वापस लाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। साथ ही नन्हकु बाबा के विरासत को बचाए रखने का संकल्प दिलाया गया। दुद्धी को आदिवासी जिला बनाए जाने का भी प्रस्ताव सर्वसम्मती से पास हुआ। जल जंगल जमीन की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़े जाने का आह्वाहन किया गया। साथ हीं पंचायत चुनाव में संख्या के आधार पर आरक्षित सीट निर्धारित की वकालत की गई. इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक फौजदार सिंह परस्ते जिलाध्यक्ष, विजय सिंह उरके, बुधीराम, गुलाब सिंह कुलदीप सिंह, रामनाथ, श्याम रामदेव टेकाम आदि लोग उपस्थित रहे।

# यातायात जागरूकता माह नवंबर 2025 का समापन, एसपी सोनभद्र ने उत्कृष्ट कर्मियों, 24 गुड-सेमेरिटन को किया सम्मानित

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र।यातायात जागरूकता माह नवंबर 2025 का समापन समारोह रामलीला मैदान डाला में आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों और 24 'गुड सेमेरिटन' को सम्मानित किया गया। समारोह में यातायात माह के दौरान सराहनीय प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले 24 'गुड सेमेरिटन' (नेक आदमी) को हेलमेट और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल एक माह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए कार्यक्रम में आदित्य बिरला इंटर कॉलेज और पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई। जनपद के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों में आयोजित क्विज और निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी जी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक चोपन कुमुद शेखर सिंह, चौकी प्रभारी डाला आशीष पटेल, यातायात प्रभारी के.के. शुक्ला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल एक माह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहन सुरक्षित और नियमानुसार हों। इस संबंध में सभी विद्यालय प्रबंधनों को पत्र भी जारी किया गया है। एसपी ने सख्त निर्देश दिए कि सड़क पर गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में ट्रक, ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहन चलाते पाए जाने पर तत्काल वाहन सीज किया जाए। रॉन्ग साइड से दुर्घटना होने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी थाना क्षेत्र में रॉन्ग साइड वाहन पाए गए और थानाध्यक्ष द्वारा कार्रवाई नहीं की गई, तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मॉडिफाइड वाहनों और अवैध रूप से यात्रियों को ढोने वाले मालवाहक वाहनों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनभद्र ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों और सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले 24 गुड-सेमेरिटन (नेक आदमी) को सम्मानित किया। यातायात माह के दौरान नवंबर में कुल 32,457 वाहनों का चालान किया गया, जिससे ₹4,51,44,700 का शमन शुल्क वसूला गया। नवंबर 2025 में यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई में यह बड़ी संख्या सामने आई है। इस अवधि में बिना हेलमेट के 21,582 चालान, बिना सीटबेल्ट के 513 चालान और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने के 105 चालान किए गए। अन्य प्रमुख उल्लंघनों में गलत नंबर प्लेट के लिए 1,948, शराब पीकर वाहन चलाने के लिए 292, तीन सवारी के लिए 2,176, रॉन्ग साइड ड्राइविंग के लिए 498, गलत पार्किंग के लिए 4,150, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 1,105, प्रदूषण के लिए 399, बिना बीमा के लिए 368 और प्रेशर हॉर्न के लिए 86 चालान शामिल हैं। जनवरी से नवंबर 2025 तक की अवधि में कुल 1,00,832 वाहनों का चालान किया गया और 296 वाहन सीज किए गए। इस दौरान कुल ₹1,37,70,700 का जुमार्ना (शमन शुल्क) वसूला गया। यातायात माह में सर्वाधिक चालान करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। थाना पुलिस श्रेणी में उपनिरीक्षक संतोष सिंह (चौकी प्रभारी रेनुसागर) ने 805 चालान के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र द्विवेदी (थाना दुद्धी) 572 चालान के साथ द्वितीय और उपनिरीक्षक मायाशंकर सिंह (थाना अनपरा) 377 चालान के साथ तृतीय स्थान पर रहे। यातायात पुलिस श्रेणी में टीएसआई भरत राय ने 2263 चालान के साथ प्रथम, मुख्य आरक्षी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने 1497 चालान के साथ द्वितीय और मुख्य आरक्षी सुनील कुमार यादव ने 1099 चालान के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले 7 पुलिसकर्मियों को भी सराहा गया। इनमें मुख्य आरक्षी मनोज कुमार (थाना हाथीनाला), मुख्य आरक्षी रामप्रवेश यादव (थाना पिपरी), आरक्षी चालक सुरेश यादव (थाना पिपरी), आरक्षी अरुण कुमार (थाना पिपरी), आरक्षी चंदन यादव (थाना पिपरी), आरक्षी चालक सत्य प्रकाश विश्वकर्मा (थाना पिपरी) और आरक्षी सुनील कुमार (थाना म्योरपुर) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण कुमार गुप्ता, संजय कुमार, नीरज अग्रहरी, विकास द्विवेदी, अमित मिश्रा, प्रदीप चौबे, मुनि महेश शुक्ला, दिनेश पाण्डेय, रोहित कुमार, सूरज मिश्रा, सीताराम शर्मा, अंशु पटेल, अविनाश देव पांडेय, पिन्टू पाल, राजेन्द्र बंसल, विनीत पाण्डेय, गोविन्द राजभर, राजेश कुमार पटेल, सुरेश कुमार निषाद, असलम अंसारी, रेखा यादव, वंदना सिंह और राकेश कुमार सिंह सहित 24 गुड-सेमेरिटन नागरिकों को भी उनके मानवीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।




# पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले को हाथ जोड़ गुलाब का फूल व माला पहना कर दिया सन्देश

**सोनभद्र ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के नेतृत्व में यातायात माह नवंबर के अंतिम दिन 30 नवम्बर 2025 दिन रविवार कों दुद्धी म्योरपुर मार्ग पिंक पुलिस बूथ स्टेशन पर बाइक पर तीन सवारी यात्रा करने, सीट बेल्ट बीना लगाए व बीना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले आदि कों कस्बा प्रभारी एवं उप निरीक्षक आदि की मौजूदगी में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल एवं माल्यार्पण कर हाथ जोड़कर यातायात नियमों का पालन करने का अनोखा पहल किया

। यातायात माह में सराहनीय कार्य कों लेकर दुद्धी वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेश चंद द्विवेदी कों पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा नें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# ठंड बढ़ी, खतरे बढ़े: सर्द हवाओं के बीच बच्चों की सेहत पर विशेष सावधानी जरूरी

## सही पोषण, गर्म कपड़े, स्वच्छता और सतर्कता ही बचाव का आधार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



30 नवंबर। सर्दियों की दस्तक के साथ ही जिले में तापमान गिरने लगा है और बर्फीली हवाओं का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर गहराई से पड़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड के मौसम में बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है, जिसके कारण सर्दी-जुकाम, वायरल फ्लू, निमोनिया, हाइपोथर्मिया, अस्थमा, ब्रोन्काइटिस, डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में माता-पिता को अपने बच्चों की देखभाल में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, ताकि मौसम के प्रभाव से होने वाली संभावित बीमारियों को रोका जा सके।

सही पोषण ही बच्चों की पहली ढाल–सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि सर्दियों में बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे पहली और महत्वपूर्ण चीज है सही पोषण जो कि अत्यधिक आवश्यक है । ठंड के मौसम में शरीर की ऊर्जा खपत बढ़ जाती है, जिससे बच्चों को गर्म और पोषक आहार देना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।उन्होंने कहा कि हल्का गर्म और घर पर पका ताजा भोजन बच्चों के शरीर को गर्म रखता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। ठंडी चीजों जैसे आइसक्रीम, बर्फ वाले पेय या रेफ्रिजरेटेड खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी।डॉ. चौधरी के अनुसार सर्दियों में कई बच्चे पर्याप्त पानी नहीं पीते, जिससे डिहाइड्रेशन और कमजोरी हो सकती है। इसलिए बच्चों को दूध, सूप, दाल का पानी, नारियल पानी और सामान्य पानी नियमित अंतराल पर दें।उन्होंने बताया कि बच्चे के आहार में दलिया, दाल-चावल, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंडा, मौसमी फल, खट्टे फल, गुड़, मछली और सूखे मेवे शामिल करने से उनकी प्रतिरक्षा क्षमता मजबूत होती है। यह पोषण उन्हें ठंड से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा प्रदान करता है।

गर्म कपड़े पहनाने में बरतें समझदारी

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने माता-पिता को सलाह दी कि ठंड से बचाव के लिए बच्चों को सिर से पैर तक ढककर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे बाजू के कपड़ों के ऊपर स्वेटर, टोपी, कान की पट्टी, दस्ताने और गर्म मोजे पहनाना जरूरी है, क्योंकि सिर, कान और पैर से ही शरीर में ठंड सबसे तेजी से प्रवेश करती है।उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को पहले सूती कपड़े पहनाएं और उसके बाद ऊनी कपड़े, ताकि उन्हें किसी प्रकार की एलर्जी या खुजली न हो। गीले कपड़ों को तुरंत बदलें, क्योंकि नमी बच्चों में सर्दी और निमोनिया का प्रमुख कारण बनती है।साथ ही, सर्दियों में त्वचा पर होने वाले रैशेज और रूखापन से बचाने के लिए मॉइश्चराइजर का उपयोग करें और छोटे बच्चों को सुबह की धूप में कुछ देर जरूर रखें।

स्वच्छता ही संक्रमणों से व्यापक सुरक्षा

सिविल सर्जन ने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए कहा कि स्वच्छता की आदतें बच्चों को किसी भी मौसम में स्वस्थ रख सकती हैं, विशेषकर सर्दियों में। उन्होंने माता-पिता को सलाह दी कि छोटे बच्चों को धूल, मिट्टी या गंदे स्थानों पर खेलने से बचाएं। सिविल सर्जन ने कहा कि बच्चों को हाथ धोने की आदत बचपन से ही विकसित करें। बाहर से आने के बाद, खाने से पहले और शौचालय के बाद हाथों को साफ करने की आदत बीमारी के खतरे को बहुत कम कर देती है।उन्होंने बच्चों के कपड़ों को साफ-सुथरा रखने और बिस्तर-पर्दे समय-समय पर धोने की भी सलाह दी।

# पटना में ट्रैक्टर पलटने से 60 वर्षीय किसान की हुई मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत अलबकसपुर गांव में शुक्रवार की सुबह खेत की जुताई कर रहे किसान की मौत ट्रैक्टर पलटने से हो गयी। जानकारी के अनुसार पटना जिले के गौरीचक थाना अंतर्गत अलबकसपुर गांव निवासी 60 वर्षीय किसान रामप्रवेश सिंह अपने निजी खेत में जुताई कर रहे थे। उसय दौरान अचानक ट्रैक्टर के अनियंत्रित हो जाने से पलट गया। इस हादसे में रामप्रवेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। परिवार के लोग विलाप करते हुए पहुंचे और किसी तरह ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को खड़ा किया गया। काफी मशक्कत के बाद मृतक की लाश ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाली गई। इस दौरान प्रशासनिक मदद वहां मौजूद नहीं थी। ग्रामीणों ने बताया कि हादसा सुबह-सुबह हुआ था और मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। गांव वालों के अनुसार रामप्रवेश सिंह अपने खेत में स्वयं जुताई कर रहे थे। वह दिनचर्या के अनुसार काम कर रहे थे कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलटने से उनकी जान चली गई। परिवार और ग्रामीणों ने तुरंत एकत्र होकर शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। हादसे के बाद ग्रामीणों ने परिवार को घटना की जानकारी दी। परिवार के सदस्यों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव को दाह संस्कार के लिए ले गए। पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंच सकी, जिसके कारण ग्रामीणों और परिवार को ही राहत कार्य करना पड़ा। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और पूरे इलाके में मातम पसर गया। रामप्रवेश सिंह अपने खेत और परिवार के लिए समर्पित थे और उनकी अचानक मौत से गांव में गहरा दुःख छा गया है।

# पटना में किया गया नशा मुक्ति को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के संपतचक प्रखंड के भोगीपुर (एकतापुरम) गांव में ह्लछोड़ो शराबझ्रपकड़ो किताबह्न अभियान के समर्थन में नौनिहाल विद्यार्थीयों का चिंतन संकल्प कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और सकारात्मक संदेश के साथ संपन्न हुआ। देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के आदर्शों से प्रेरित संगठन ह्लमिशन नौनिहाल सम्मानह्न के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक






सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।कार्यक्रम में उपेक्षित एवं वंचित समाज के बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होंने न केवल शराबबंदी के समर्थन में जोरदार नारे लगाए, बल्कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए एकजुट होकर संकल्प भी लिया। सामाजिक कार्यकर्ता बिनेश पासवान ने कहा की शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक बदलाव और सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन है। जब बच्चे पढ़ेंगे और जागरूक होंगे, तभी समाज वास्तविक रूप से नशामुक्त, समानतामूलक और सशक्त बन सकेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फुले एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच निःशुल्क पठनझ्रपाठन सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में निःशुल्क कोचिंग देने वाली तृषा कुमारी पासवान, मिन्ता कुमारी पासवान, अनिषा कुमारी, तान्या कुमारी, स्वीटी कुमारी, शिल्पी कुमारी, रंजीत कुमार, राज कुमार, आकांक्षा कुमारी, रिसु कुमारी, सुन्दरी कुमारी, मोनी कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अभिभावकों में बबीता देवी, पिंकी देवी, लालमोहन पासवान, हीरा पासवान, पेड़ा पासवान, शुशीला देवी, मनोज पासवान आदि मौजूद रहे। सभी ने सामाजिक समरसता, नशा मुक्ति और शिक्षा को प्राथमिकता बनाने का संकल्प लिया।

# पटना में घर का दरवाजे का ताला काटकर लाखो की चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार से गुजरनेवाली भरतपुरा रोड स्थित एक मकान का ताला काट शनिवार की रात अज्ञात अपराधियो ने लाखों रुपये की गहने व नगद रुपये चुरा लिया।

प्राप्त सूचना के अनुसार दुल्हिन बाजार के भरतपुरा रोड निवासी बबलू कुमार बाजार में ज्वेलरी का दुकान चलाता है। लेकिन वह ज्यादा ज्वेलरी भरतपुरा रोड ने स्थित अपने निजी मकान में रखता है और घर पर भी दुकान चलाता है। शनिवार की रात बबलू अपने घर मे ताला लगा पूरे परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी बीच घर मे किसी को नही होने का फायदा उठा अज्ञात अपराधियो ने घर का ताला काट सोने चांदी की ज्वेलर्स सहित नगद रुपये चुराकर ले भागा। जब बबलू रविवार को घर पहुंचा तो दरवाजे के ताला टूटा हुआ पाया। जब घर के अंदर प्रवेश किया तो पाया कि आभूषण रखे लॉकर सहित बक्से के ताला टूटा हुआ है। जब तलाशी लिया तो पाया कि दुकानदारी के लिए रखे गए सोने व चांदी के आभूषण सहित 80 हजार नगद रुपये गायब है। जिसकी सूचना पीड़ित ने थाने में दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दुल्हिन बाजार पुलिस मामले की जांच कर थाने लौट गई।

इस मामले में दुल्हिन थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि पीड़ित के द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कुटुंबा थानाक्षेत्र से दो वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र से विशेष छापेमारी के दौरान दो गैर जमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार पिता परमेश्वर पासवान और कुटुंबा गांव निवासी अंकित कुमार उर्फ पिंटू साव पिता अशोक साव के ऊपर कोर्ट से वारंट निर्गत था।दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है

# मेहरमा में हुई भाजपा के हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान की शुरूआत

**समाज जागरण**



गोड्डा मेहरमा मेंभाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान की शुरूआत रविवार को जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने मेहरमा से की। इस दौरान लोगों से स्वदेशी वस्तु अपनाने को लेकर जागरूक किया गया। साथ हीं मोदी इफेक्टः सशक्त व्यवसाय, सशक्त भारत।हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का नारा बुलंद किया गया। संजीव मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी आगे बढ़ रहा है। 14 प्रमुख क्षेत्रों में 1.97 लाख करोड़ की पीएलआई योजनाएं। वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत, वर्ष2030 तक अनुमानित 7.3 ट्रिलियन की डीजीपी के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। मेक इन इंडिया के तहत 667 अरब एफडीआई निवेश आया है।भारत एक विनिर्माण शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशन के माध्यम से विश्व में एक महत्वपूर्ण निर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है।कहा कि अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पाद अपना कर और भारतीय उद्यमियों तथा कारीगरों का समर्थन करके हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने लोगों से इस जन आंदोलन में करोड़ों भारतीयों के साथ मिलकर स्वदेशी अपनाएं और देश को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया। कहा कि पूरे दिसंबर माह तक यह कार्यक्रम चलेगा।इस दौरान बूथ वाइज कार्यकताओं की टोली घर-घर जाकर लोगों से स्वदेशी अपनाने के लिए जागरूक करेंगे साथ ही हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का स्टीकर चिपकाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, ऋषि मंडल, संजय पोद्दार,निलेश रविदास, रूपेश पासवान, हरीकिशोर मिश्र, पिंटू साह, नितेश कुमार साह सहित अन्य उपस्थित थे।

# "संविधान बचाओ झ्र भाईचारा बनाओ सम्मेलन" में काशिफ रजा और राहुल मुर्मू के जोशीले बयानों ने भरी चेतना – एकता और संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण का लिया संकल्प

**संवादाता परमबीर पात्रों समाज जागरण**



पूर्वी सिंहभूम बोधि मंदिर, साकची में आयोजित संविधान बचाओ - भाईचारा बनाओ सम्मेलन में विभिन्न समुदायों की ऐतिहासिक भागीदारी देखने को मिली। सम्मेलन के मंच से दिए गए नेतृत्वकताओं के वक्तव्यों ने समाज में नई एकता और जागरूकता की लहर पैदा की।

कार्यक्रम में स्टेट प्रेसिडेंट एवं राष्ट्रीय कोर कमिटी के सदस्य श्री काशिफ रजा ने कहा कि भारत का संविधान सिर्फ. एक दस्तावेज नहीं, बल्कि सबसे बड़ा हथियार है – जो हर नागरिक को सम्मान, न्याय और समान अधिकार देता है। हम इसे कमजोर नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि समाज तब मजबूत होता है जब वंचित, उत्पीड़ित और मेहनतकश तबका संगठित होकर अपनी आवाज उठाता है। हम धर्म, जाति या वर्ग के नाम पर बंटने नहीं आए हैं – हम एक होने आए हैं और अपने अधिकार लेकर रहेंगे।

इसी क्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राहुल मुर्मू – स्टेट प्रेसिडेंट, पुलिस एसोसिएशन झारखंड ने कहा कि असली विकास तभी संभव है जब समाज का हर व्यक्ति सुरक्षित, सम्मानित और अधिकार संपन्न हो। संविधान ने हमें बराबरी का अधिकार दिया है और इस अधिकार की रक्षा समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि भाईचारा, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने से ही राष्ट्र की प्रगति संभव है।

सम्मेलन की सफलता में कई सामाजिक कार्यकताओं और युवा नेतृत्वकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस मौके पर मंच और सभा में विशेष रूप से मौजूद रहे –

दिनेश गौतम, शमीम अकरम, परवेज शहजाद, फैयाज आलम, परमबीर पात्रों, सनत सिंह, सरदार आफताब अली, एजाज अहमद, सोनू (स्माइल), राशिद खान, वसीम, राजू मुखी, रतन बारीक, राजू लोहरा, बलराम कर्मकार, कमरुन निशा, जेबा आलो और शेख खुशनूर। इन सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संविधान एवं भाईचारे के संदेश को समाज तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम के अंत में पूरा माहौल संकल्प के नारों से गूंज उठा –

☞ संविधान अमर रहे – भाईचारा कायम रहे।

☞ दलित, मुस्लिम, आदिवासी, पिछड़ा साथ चलेगा – संविधान का राज चलेगा।

सम्मेलन के साथ यह घोषणा भी की गई कि आगे भी इसी एकजुटता के साथ समाज में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे और न्याय, सम्मान और समान अवसर की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।

# भारत एड्स को समाप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है: विश्व एड्स दिवस 2025 पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यक्रम

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्री जगत प्रकाश नड्डा, 1 दिसंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में विश्व एड्स दिवस 2025 के वार्षिक राष्ट्रीय समारोह के आयोजन का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव; नाको के अपर सचिव एवं महानिदेशक; और स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो एचआईवी की रोकथाम, उपचार, देखभाल और कलंक उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सरकारी नेता, विकास साझेदार, युवा प्रतिनिधि, समाज में इस कार्यक्रम के समर्थक, एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति (पीएलएचआईवी) और अग्रणी स्वास्थ्य कार्यकर्ता एक साथ आएंगे। यह एड्स को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने की दिशा में भारत की यात्रा को गति देने के लिए एकजुट दृष्टिकोण को दशार्ता है।

युवाओं के नेतृत्व में एक फ्लैश प्रदर्शन जागरूक और ज़िम्मेदारीपूर्ण व्यवहार के महत्व पर जोर देगा। इसके बाद एक विषयगत प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा, जिसमें राष्ट्रीय एड्स एवं यौन संचारित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डिजिटल नवाचारों, कार्यक्रम की उपलब्धियों और समुदाय-आधारित मॉडलों को प्रदर्शित किया जाएगा। लाभार्थियों के अनुभवों की कहानियाँ और एक दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति एनएसीपी-5 के तहत भारत की प्रगति और आगामी प्राथमिकताओं के बारे में बताया जाएगा।

इस समारोह का एक प्रमुख आकर्षण नाको की राष्ट्रीय मल्टीमीडिया पहल के तहत एक नई अभियान वीडियो श्रृंखला का शुभारंभ होगा, जो तीन प्रमुख आधार - युवा एवं जागरूकता, ऊर्ध्वाधर संचरण का उन्मूलन, और कलंक एवं भेदभाव - पर केंद्रित होगी। इसके अतिरिक्त, प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम संसाधन भी जारी किए जाएँगे, जिनमें शामिल हैं:

# केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है यह फूड फेस्टिवल 9 दिसंबर तक चलेगा

**समाज जागरण**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कल (एक दिसम्बर 2025 को) नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित किए जा रहे सरस आजीविका फूड फेस्टीवल 2025 का उद्घाटन करेंगें। इस अवसर पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी विशिष्ट अतिथी के तौर पर उपस्थित रहेंगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री श्री चन्द्र शेखर पेम्मासानी और केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान भी इस अवसर पर सम्मानित अतिथी के तौर पर शामिल होंगे।

इस फेस्टिवल में राजधानी के लोगों को एक बार फिर भारतीय संस्कृति व खान पान की झलक दिल्ली की सुंदर नर्सरी में दिखाई देगी। सरस फूड फेस्टिवल में 62 स्टॉलों पर देश भर के 25 राज्यों की करीब 300 से ज्यादा लखपति दीदीयां (महिला उद्यमी) व स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही है। 09 दिसंबर 2025 तक चलने वाले सरस फूड फेस्टिवल का आयोजन नई दिल्ली में सुंदर नर्सरी, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स मार्ग, निजामुद्दीन, हुमायूं के मकबरे के पास किया जा रहा है। सरस फूड फेस्टिवल दर्शकों के लिए सुबह 11.30 से लेकर रात्रि 9.30 तक खुला रहेगा।

सरस फूड फेस्टिवल 2025, महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण है जो देश की राजधानी में आयोजित हो रहा है। इसका उद्देश्य न केवल देश की खाद्य संस्कृति से लोगों को परिचित कराना है बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित करना भी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित देश भर के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में कुशलता हासिल है बल्कि विभिन्न राज्यों के परंपरागत पकवान बनाने में उनको दक्षता और महारथ हासिल है।

सरस फूड फेस्टिवल के तहत दिल्ली और समीपवर्ती राज्यों के लोग 25 राज्यों की संस्कृति और स्वाद के संगम के संगम से न केवल रूबरू हो सकेंगे बल्कि इन राज्यों के सामाजिक ताने बाने के बारे में भी जान सकेंगे और इन राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजनों से भी परिचित हो सकेंगे और उसका स्वाद ले सकेंगे। सरस फूड फेस्टिवल में 62 स्टॉलों में जहां 50 लाइव फूड के स्टॉल होंगे वहीं 12 स्टॉल प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के होंगे। इस बार सरस फूड फेस्टिवल में लोग 500 से अधिक व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसमें मुख्य रूप से हिमाचली सीडडू, उत्तराखंड का तंदूर चाय, जम्मू कश्मीर का मशहूर कलारी कुल्चे, हैदराबादी दम बिरयानी, नॉर्थ ईस्टर्न मोमो, बंगाली फ्राइड मछली समेत राजस्थान की कैर सागरी, गट्टे की सब्जी, बाजरे की रोटी , बंगाल की हिलसा , फि श करी , तेलंगाना का चिकन , केरल की मालाबार बिरयानी, बिहार का लिट्टी चोखा , पंजाब का सरसों का साग और मक्के की रोटी सहित अन्य राज्यों के बेहतरीन स्वादिष्ट पकवान उपलब्ध रहेंगे। इसमें हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और गुजरात सहित अन्य राज्य भी हिस्सा ले रहे हैं।

# वरिष्ठ नागरिकों में वृद्धावस्था के प्रति जागरूकता और अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आराधना सांस्कृतिक कार्यक्रम।

**समाज जागरण**

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धजन दिवस (आईडीओपी)-2025 के समारोहों की श्रृंखला के क्रम में वृद्धावस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 28.11.2025 को जनपथ, नई दिल्ली स्थित डीआईएसी के भीम हॉल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम "आराधना" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय "अनुभव से ऊर्जा तक" था।

इस सत्र में माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी.एल.वर्मा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 41 के अंतर्गत, राज्य को वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए प्रभावी प्रावधान करने का अधिकार दिया गया है। इसी भावना से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 लागू किया गया था। यह ऐतिहासिक कानून हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है–देखभाल, कर्तव्य और प्रेम को प्रवर्तनीय अधिकारों में परिवर्तित करता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मामलों के लिए नोडल विभाग है।

2011 की जनगणना के अनुसार, देश में लगभग 10 करोड़ वरिष्ठ नागरिक हैं। 2036 तक यह संख्या बढ़कर 22 करोड़ होने का अनुमान है। यह बढ़ती जनसंख्या एक चुनौती के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक केंद्रित नीतियों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रस्तुत करती है। हमारे देश ने नीतिगत और कानूनी ढाँचे, दोनों स्तरों पर इस दिशा में पहले ही कई पहल की हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान वायुसेना बैंड ने स्पेस फ़्लाइट, सुजलाम सुफलाम, रिजॉइस इन रइसाना, इवनिंग स्टार, वंदे मातरम और सारे जहाँ से अच्छा जैसे गीतों की धुनें बजाईं। वायुसेना बैंड द्वारा बजाई गई धुनों ने उपस्थित लोगों में भारत माता के प्रति गौरव, राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना जगाई। इसने एक बार पुनः मातृभूमि के प्रति प्रेम को जागृत कर दिया।

पद्मश्री गीता चंद्रन ने अपनी टीम के साथ भरतनाट्यम का प्रदर्शन किया। लवंगी राग में त्रिधारा, नमः शिवाय, ओंकार कारिणी और संकीर्तन का प्रदर्शन किया। भारतीय नृत्य शैलियों की इन भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपने संबोधन में, माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, श्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिकों को सदैव ज्ञान, धैर्य और मूल्य-आधारित जीवन का प्रतीक माना गया है। उनके जीवन का प्रत्येक अध्याय–कड़ी मेहनत, संघर्ष, त्याग और उपलब्धियों से भरा–युवा पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक का काम करता है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम इसलिए विशेष है क्योंकि संगीत, नृत्य और कला मिलकर अनुभवों को अभिव्यक्त करते हैं और ऊर्जा को एक सुंदर रूप प्रदान करते हैं, जैसा कि भारतीय वायु सेना के संगीत बैंड द्वारा प्रस्तुत किया गया–सेवा और एकता की मधुर अभिव्यक्ति–और भारत की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मश्री सुश्री गीता चंद्रन का सम्मानित नृत्य और संगीत प्रदर्शन।

यह आयोजन इसलिए यादगार है क्योंकि आज तीन पीढ़ियाँ इस मंच पर एक साथ हैं–हमारे बुजुर्गों की संगीतमय प्रस्तुतियाँ, हमारे युवाओं की कलात्मक अभिव्यक्तियाँ और बच्चों की आनंदमय उपस्थिति। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इसी दिशा में कार्यरत है, क्योंकि इसका प्रत्येक कार्यक्रम हमारे वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा, सक्रिय जीवन और भागीदारी को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम "आराधना" ने वृद्धावस्था के प्रति जागरूकता और अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थी, नीति निमार्ताओं, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को एक मंच पर एकत्रित किया।

# इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इलेक्ट्रॉनिक खिलौना परियोजना

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सी-डैक, भारतीय खिलौना उद्योग और लेगो समूह ने परियोजना ह्यडेवलपमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी बेस्ड कंट्रोल और ऑटोमेशन सॉल्यूशन फॉर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स (टॉय इंडस्ट्री) के अंतर्गत एक वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने वाले इंजीनियरिंग स्नातकों के दूसरे बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया। यह परियोजना मंत्रालय के अनुसंधान एवं विकास समूह की एक विशेष पहल है जिसका उद्देश्य प्रोटोटाइप विकसित करके और कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों सहित युवा इंजीनियरों को ऐसे खिलौने डिजाइन करने हेतु आवश्यक कौशल से सुसज्जित करके भारतीय इलेक्ट्रॉनिक खिलौना उद्योग के विकास को बढ़ावा देना है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इस पहल के अंतर्गत, पूरे भारत से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की पृष्ठभूमि से युवा इंजीनियरों का चयन किया गया और उन्हें एक वर्ष तक अनुसंधान एवं विकास कार्यों में लगाया गया। पहले छह महीने तक उन्हें सी-डैक-नोएडा स्थित ई-खिलौना प्रयोगशाला में काम करने और सीखने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इसके बाद, उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार खिलौनों के प्रोटोटाइप बनाने के लिए उन्हें छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को एक वर्ष के लिए 25,000 रुपये का मासिक वृति दी गई।इस कार्यक्रम के दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव, श्री अमितेश कुमार सिन्हा ने सी-डैक, नोएडा में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक खिलौना प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "भारत इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों का एक बढ़ता हुआ बाजार है और भारतीय खिलौना उद्योग के तंत्र के निर्माण में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि इसके लिए आधारशिला तैयार हो रही है और इंजीनियरों की अगली पीढ़ी इस दिशा में काम कर रही है।

# वाइस एडमिरल संजय साधु, एवीएसएम, एनएम ने युद्धपोत उत्पादन एवं अधिग्रहण (सीडब्ल्यूपी एंड ए) नियंत्रक का पदभार संभाला

वाइस एडमिरल संजय साधु, एवीएसएम, एनएम ने 28 नवंबर 2025 को युद्धपोत उत्पादन और अधिग्रहण नियंत्रक के रूप में पदभार ग्रहण किया। वाइस एडमिरल 1987 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए। ये मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर और रक्षा एवं सामरिक अध्ययन में एमफिल हैं।

अपने 38 वर्षों से भी अधिक के शानदार करियर के दौरान, इन्होंने कई प्रमुख ऑपरेशनल, स्टाफ और यार्ड पदों पर कार्य किया है। उन्होंने विमानवाहक पोत आईएनएस विराट पर विभिन्न पदों पर और अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र और आईएनएस दूनागिरी पर भी कार्य किया है। फ्लैग रैंक पर पदोन्नति से पहले, उन्होंने नौसेना डॉकयार्ड (मुंबई) में अतिरिक्त महाप्रबंधक (उत्पादन), नौसेना पोत मरम्मत यार्ड (कारवार) के कमोडोर अधीक्षक और नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली में प्रधान निदेशक समुद्री इंजीनियरिंग सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे रूस से विमानवाहक पोत विक्रमादित्य के आधुनिकीकरण और अधिग्रहण में भी शामिल थे। इस परियोजना में विभिन्न पदों पर काम किया, जिनमें रूस के युद्धपोत निरीक्षण दल (सेवेरोडविंस्क) में वरिष्ठ नौसेना इंजीनियर ओवरसियर, विमानवाहक परियोजना निदेशक और नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली में विमानवाहक परियोजना के प्रधान निदेशक के पद शामिल रहे।